तीसरा खंड

यादों के झरोखों से अण्णासाहब

१. उस्ताद निसार हुसेन खांसाहब २४५
२. उस्ताद खादिम हुसेन खाँ २४६
३. पं. मल्लिकार्जुन मन्सूर २४६
४. पं. भीमसेन जोशी २४७
५. श्रीमती सुमन सावुर २४७
६. पं.यशवंतबुवा जोशी २५०
७. श्री बाळासाहब पूछवाले २५१
८. डॉ. गंगूबाई हनगल २५२
९. डॉ. प्रेमलता शर्मा २५३
१०. पं. विनयचंद्र मौदगल्य २५४
११. श्री दाऊजी गोस्वामी २५५
१२. वि. दे. अंभईकर २५६
१३. प्रो. नारायण विनायक पटवर्धन २५७
१४. डॉ. अमरेशचंद्र चौबे २५८
१५. पं. दिनकर कायकिणी २५९
१६. डॉ. लालजी श्रीवास्तव २६३
१७. श्री वाय. एम. महाले २६४
१८. डॉ. देवेंद्र प्रताप जौहरी २६५
१९. स्वामी चैतन्यस्वरूप २६७
२०. श्रीमती बागेश्रीदेवी पांडे २६८
२१. स्वामी हरिप्रिसाददास २७०
२२. श्रीमती शांति सहल २७१
२३. श्री सुधीरकुमार वर्मा २७३
२४. श्री कृष्ण कुमार कपूर २७३
२५. डॉ. सुशीला पोहनकर २७४
२६. श्री कमलाकर कुलकर्णी २७६
२७. प्रो. मंजु सुंदरम २७८
२८. पद्मश्री र. कृ. फडके २८१
२९. पं. ना. र. मारूलकर २८२
३०. मास्टर कृष्णराव फुलंब्रीकर २८३
३१. पं. त्रिं. द. जानोरीकर २८४
३२. डॉ. नांगरमल सहल २८४
३३. पं. शरच्चंद्र आरोळकर २८५
३४. पं. कृष्ण मुजुमदार २८५
३५. पं. निवृत्तिबुवा सरनाईक २८६
३६. श्री जी. सी. उप्रैती २८७
३७. श्री शं. र. आळेकर २८७
३८. श्री डी. जी. फडके २८८
३९. डॉ. प्रेमसिंह किजोत २९०

चतुर्थ खंड

Articles and Memories

1. Dr. B. V. Keskar 293
2. Pt. Thakur Jaidev Singh 295
3. Shri Kumar Mukherji 299
4. Smt. Susheela Misra 303
5. Shri. Nikhil Ghosh 308
6. Shri. Bimal Mukherjee 314
7. Smt. Premlata Puri 317
8. Shri. Ramesh Nadkarni 320
9. Shri. V. S. Nigam 324
10. Shri. Mohan Nadkarni 329
11. Smt. Chitra Bailur 333
12. Rai Uma Nath Bali 335
13. Shri. T.L. Venkataramana Aiyar 338
13. Late Shri. Birendra Kishore Roy 340
14. Smt. Aparna Chakravarti 343
15. Zarin Sharma 345
16. Shri. Buddhdev Das Gupta 345
17. Shri Ganpati G. Ginde 346
18. Shri. D. T. Joshi 348
19. Pt. V. G. Jog 350
20. Shri. V. K. Kichlu 351
21. Shri. C. L. Koppikar 351
22. Shri. R. C. Mehta 353
23. Mrs. Mira Das 354
24. Smt. Dipti Nag 354
25. Pt. Ramrao Naik 355
26. Shri. N. S. Padukone 356
27. Shri. Arvind Parikh 357
28. Smt. D. K. Pattammal 358

पं. रातंजनकर मेरे शुरू के साथी

(उस्ताद निसार हुसेनखांसाहब से डॉ. के.जी. गिंडे की बातचीत से)

पं. रातंजनकर और मैं, हम दोनों बचपन से बड़ौदा में रहे हैं। मुझे वहां १९१७ में बुलाया गया था। वे १९१८ में आए। वह इत्तफाक ऐसा हुआ कि जब मैं बड़ौदा पहुंचा तब मैंने महाराज को अपना गाना सुनवाया। मेरे दादा गाए थे उस वक्त, वालिद भी गाए थे। मेरा गाना महाराजसाहब, दीवानजी, रानीसाहब सबने सुना। रानीसाहब को भातखंडेसाहब सिखाया करते। एक-दो महीनों में उनकी बारी आती। वे रातंजनकरजी को ले आए। उन्होंने फैय्याजखांसाहब से कहा, "भई, खांसाहब, मैंने इसको पंडिताई तो सिखा दी है। जो कुछ भी है 'थ्योरी' वगैरह वह सब। थोड़ा-सा गाना भी सिखाया है। गाता है, सुरीला है। अब मैं आप के सुपुर्द करता हूं, इसे। आप इसे गायकी बताएं।".... तो खांसाहब ने रातंजनकरजी को लिया। वह रोजाना आया करते थे स्कूल के अंदर। हम भी जाया करते थे स्कूल में। तो रोजाना बात होती थी उनसे। मुझे भी उनके साथ स्कॉलरशीप मिला।

रातंजनकरजी से मेरे ताल्लुकात बहुत अच्छे थे। वे मुझे भाई समझते थे। वे हमारी इतनी मुहब्बत रखते थे कि मैं बयान नहीं कर सकता। पं. भातखंडेजी के बाद रातंजनकर ही ऐसे थे कि उनका जवाब नहीं था। किसीने जवाब नहीं दिया उनका। वैसे जाननेवाले बहुत लोग और पंडत भी होंगे। मगर उनके जैसा कोई भी नहीं था। सबसे लाजवाब थे आदमी। वे आखिर तलक अपने गुरु (भातखंडेजी) के कदम-ब-कदम चलते रहे। अपने शागिर्दों को भी तैयार किया। किसीसे वकालिफत नहीं की।

ऑल इंडिया रेडियो में तो उनका बड़ा हाथ था। केसकरसाहब ने वहां उनको मुकर्रर किया था। पंडितजी का गाना मैंने कई मर्तबा सुना है। शुरू में बहुत बढ़िया गाते थे। बाद में उनकी वह मियाद कम हो गई थी। थ्योरी, पंडिताई में काफी 'टेम' (टाइम) निकल जाता था। उन्हें तो सब करना था। फिर भी अच्छा गाते थे। सुरीले थे। याददाश्त बहुत अच्छी थी। उनका राग का चलन बढ़िया रहता था। कभी गाना बिठाते थे तो सब कुछ उसके अंदर बना दिया करते थे। देखिए इसका वादी यह है, विवादी यह है। सब बताके गाया करते थे और जो सुर खास या वादी हुआ करता था उसपर ज्यादा जोर देते थे।

ऑडिशन के वक्त उनकी काफी नुक्ताचीनी हुई; लेकिन बात यह है कि जो कामयाब हो जाता है वह तारीफ ही करता है और जिसको नाकामी मिलती है वह उस आदमी को बदनाम करता है। जिसने स्थाई भरी अच्छे तरीके से वह माना जाता था। अब गायकी जो है, किसीकी कम किसीकी ज्यादा है। मगर सच्चाई जो है स्थाई-अंतरे से ही मालूम हो जाती है।

मैं कई बार इम्तेहान लेने मैरिस कॉलेज गया हूं। अल्लाउद्दीन खांसाहब आते थे; और और बड़े बड़े लोग आते थे। तो मैंने तो बेहतर बात यह कह दी कि उनके जैसा अभीतक कोई जानकार पंडिताई का, थ्योरी का, भातखंडेजी के बाद कोई नहीं हुआ।

—उस्ताद निसार हुसेन खांसाहब

सहस्वान घराने के वयोवृद्ध गायक,

संगीत रिसर्च अकादमी, कलकत्ता में उस्ताद।

रातंजनकरजी ने संगीत की महान सेवा की ।

(उस्ताद खादिमहुसेनखांसाहब से पं. एस्.सी.आर. भट की बातचीत से)

पं. रातंजनकरजी से मेरी पहली मुलाकात लखनऊ कॉन्फ्रेन्स में हुई। वहां मैंने उन्हें सुना। बहुत अच्छा गाए। खूब जवान थे। हम उस वक्त बच्चे थे। वे बहुत उमदा गाते थे। उसके बाद अर्से तक मुलाकात नहीं हो सकी। फिर जब आप बम्बई आए तब मुलाकात होती रही। गाने-बजाने का जिक्र होता था।

बाद के जमाने में वो ज्यादा गाते नहीं थे। इसके मायने यह नहीं हैं कि वे बड़े गायक नहीं थे। बंदिशें बहुत अच्छी बनाते थे, मैंने उनकी झिंझोटी की, सालगवराली की बंदिशें सुनीं। झिंझोटी में (मेरा मन हर लीनो..) उन्होंने गंधार पर मुंह रखा था।

आपने मुझे रागसंगीत में बाजे (हारमोनियम) के बारे में पूछा है, उसका उत्तर यह है कि मैं भी अण्णासाहब की तरह ही बाजे के खिलाफ हूँ। गंधार जैसे स्वर को पेटी पे सीखोगे तो वह बेसुरा हो जाएगा। गाना सीखने के लिए यह साज अच्छा नहीं।

ऑडिशन के सिलसिले में मेरे मुताबिक उन्होंने अच्छा काम किया। उनका मिजाज बहुत अच्छा था। हमारे संग तो बहुत देर तक संगीत पर बातें होती थीं। सिखाने के बारे में भी उन्होंने बहुत बड़ा काम किया है। बंदिश को कभी बिगड़ने नहीं दिया। शुद्धता को कायम रखना ही चाहिए। उसे तोड़ना बेकार है। रातंजनकर साहब ने इस उसूल को बखूबी निभाया।

—उस्ताद खादिमहुसेनखां, बम्बई
आग्रा घराने के वयोवृद्ध गायक, नायक और उस्ताद

संगीत के सच्चे व्याख्याता

(पं. मल्लिकार्जुन मन्सूरजी से डॉ. के.जी. गिंडे की बातचीत से)

पं. श्रीकृष्ण रातंजनकरजी को मैंने देखा है और सुना भी है। वे संगीत विद्या के परम विद्वान् गायक थे। संगीत का बहुत गहरा अध्ययन उन्होंने किया था। किसी राग को प्रस्तुत करते समय रागरूप के मुताबिक श्रुतियों का अनुपात कैसा होना चाहिए, इसका विचार बराबर उनके मन में रहता था। जब कभी वे राग के संबंध में तथा उसको गाने की पद्धति के बारे में समझाकर बताया करते तब उनके गहन अध्ययन की प्रतीति सहज रूप में मिलती थी। किसी भी राग में आरोह-अवरोह लेते समय स्वरों का व्यक्तित्व किस तरह बदलता है और वे उस विशिष्ट राग में किस प्रकार ढल जाते हैं उसका भी उन्हें निरंतर भान रहता था।

ऐसे विद्वान कलाकार के दर्शन संगीत-क्षेत्र में दुर्लभ हैं।

पं. मल्लिकार्जुन मन्सूर
जयपुर घराने के सुविख्यात गायक और गुरु

संगीत को उच्च कोटि के अध्ययन का विषय बनाया।

(पं. भीमसेन जोशी से पं.के.जी. गिंडे की बातचीत से)

सन १९३८-३९ की बात है। उन दिनों रामपुर के उ. मुश्ताक हुसेनखांसाहब के पास एक वर्ष में सीख रहा था। फिर लखनऊ आया। चाहता था कि ठुमरी की गायकी के बारे में निकट से कुछ जान सकूं। उस काल में सभी 'टॉप फॉर्म' में थे, सिद्धेश्वरीबाई, रसूलनबाई, बेगम अख्तर (जो उस समय बेगम नहीं थीं), अख्तरी फैजाबादी थी। वह उन दिनों खड़ी रहकर गाया करती। माइक तो था नहीं उस जमाने में। फिर भी दो-दो चार हजार आदमियों को साफ सुनाई देने जैसी आवाज उनकी थी। मैं उस वक्त रेडियो पर स्टाफ आर्टिस्ट था - सिर्फ नाम के वास्ते। १५-१५ मिनट दो बार गाना था; ३५ रुपये मिलते थे। ५-१० रुपयों से ज्यादा खर्चा नहीं था।

एक दिन मैं महाराष्ट्र मंडल में गाया। फिर अण्णासाहब के पास पहुंचा। उन्होंने बारीकी से और प्यार से पूछताछ की। मैंने उन्हें बताया कि मैं यहां गायकी सीखने और खासकर ठुमरी अंग से पहचान करा लेने के लिए आया हूं। उन्होंने प्रेमपूर्वक कहा "तुम्हें जब कभी जरूरत हो, यहां आ जाओ। उस समय आप सब लोग - भट, चिदानंद, जोग, बंदोपाध्याय सभी थे।.... अण्णासाहब का बड़ा योगदान यह है कि उन्होंने शास्त्रीय संगीत को एक ऊंचा स्थान प्रदान कर दिया। उस जमाने में संगीत के अंदर बी.ए., एम.ए., पीएच.डी ऐसा कुछ नहीं था। उसे सबसे पहले लानेवाले अण्णासाहब ही थे। गांधर्व महाविद्यालय में यह पद्धति बाद में प्रचलित हो गई। इसकी शुरुवात हुई मैरिस कॉलेज में; बाद में भातखंडे विद्यापीठ बना। बड़े बड़े उस्ताद और पंडित वहाँ सिखाने के लिए आते थे।.... रातंजनकरजी ने सुशिक्षित समाज में संगीत का प्रचार, भली प्रकार से किया । उन्होंने सरकार को भी दिखला दिया कि संगीत भी उच्च कोटि के अध्ययन का - डॉक्टरेट तक का - विषय हो सकता है। रातंजनकरजी गायक ही नहीं नायक भी थे। उनके जैसा संगीतकार पैदा होना कठिन है।

—पं. भीमसेन जोशी
किराना घराने के ख्यातिसंपन्न गानसम्राट्

दिव्य गायन और दिव्य ज्ञान के दो संस्मरण

संगीताचार्य श्रीकृष्ण नारायण रातंजनकरजी ने संगीत के क्षेत्र में इतना अलौकिक कार्य किया है कि उसपर एक ग्रंथ सहज ही में लिखा जा सकता है। लखनौ के 'भातखंडे संगीत महाविद्यालय' एवं 'भारतीय संगीत विद्यापीठ' से अवकाश प्राप्त होने तक अपने परिवार के लोगोंसे दूर, ऋषि-मुनियों की तरह व्रतस्थ रहकर , संगीत को तन-मन समर्पित कर, धन के लोभ के बिना विद्या-दान करते हुए आपने प्रमुख अध्यापक का पद विभूषित किया। पं. व्ही. जी. जोग, डॉ. एस्. सी. आर्. भट, पं. चिन्मय लाहिरी, डॉ. के. जी. गिंडे, पं. दंताळे, पं. चिदानंद

नगरकर, पं. दिनकर कायकिणी, डॉ. सुमति मुटाटकर आदि नामवर शिष्यों की एक पीढ़ी ही आपने तैयार की। देश के बड़े बड़े गायक एवं वादक कलाकार लखनौ जाकर उनसे संगीत के विषय में चर्चा किया करते थे और उनके सामने अपनी कला को प्रस्तुत करने में अपने को धन्य मानते थे। हिंदुस्तानी संगीत के विषय में श्री. रातंजनकरजी के जो अनेक विद्वत्ताप्रचुर लेख हैं वे वर्तमान एवं भावी कलाकारों एवं विद्यार्थियों के लिए अवश्य ही अध्ययन करनेलायक हैं।

ऐसे महान् व्यक्ति को पहली बार देखने और सुनने का संयोग मुझे सन् १९४८ में प्राप्त हुआ। ताड़देव के तालम की वाड़ी के हॉल में उनका गायन रखा था। हमें अपने 'भट मास्टरजी' (पं. एस्.सी.आर्. भटजी) ने बताया था कि विद्यार्थियों को उनका गाना सुनने के लिए अवश्य उपस्थित रहना चाहिए। जब हमने हॉल में प्रवेश किया तब काली शेरवानी पहने हुए एक मामूली कदवाला, छोटा-सा व्यक्ति मंच पर गर्दन झुकाकर बैठा था। उनके पीछे साथ-संगत के लिए हमारे 'भट-मास्तर' एवं पं. चिदानंद नगरकर बैठे थे। तानपूरों को बहुत अच्छी तरह मिलाया गया था। श्रोतागण में सामने विलायत हुसेनखां, खादिम हुसेनखां आदि आग्रा घराने के बुजुर्ग कलाकार एवं अन्य जानकार विद्वान् भी बैठे थे। यह तो याद नहीं कि उस समय उन्होंने कौन-सा राग गाया था, किन्तु याद आ रही है उनकी वह पतली, जव्हारीदार किन्तु उतनी ही तीक्ष्ण आवाज, तीनों सप्तकों में होनेवाला उनका वह मुक्त एवं लयबद्ध स्वर-संचार तथा उनके संगीत से तुष्ट श्रोताओं से उचित स्थान पर दी हुई दाद! गाते समय हाव-भाव या अंग-विक्षेप नहीं था, बल्कि थोड़े से झुककर ही गाते थे। बीच ही में श्री नगरकरजी की साथ-संगत में कुछ गड़बड़ी होती देखकर वे रुक गए। अण्णासाहब (रातंजनकरजी) ने उनकी ओर तिरछी दृष्टि से देखा। और उत्स्फूर्त रूप में तार सप्तक का ऐसा षड्ज लगाया कि हम सब गद्गद् हो गए। उसके बाद बड़ी तबियत से राग का चलन गाते हुए मध्य सप्तक के 'सा' पर आकर वे स्थिर हो गए। श्रोताओं ने "वाह! क्या बात है!" कहकर दाद फर्माई, बीच ही में तालियों की कड़कड़ाहट से उन्होंने रसभंग नहीं किया जैसा कि आजकल के श्रोता करते हैं। उसके पश्चात् पूरी महफिल में श्री नगरकर जरा सम्हलकर ही गा रहे थे। वस्तुतः नगरकर के रोष से हम विद्यार्थी बहुत ही डरते थे, किन्तु उन्होंने अत्यंत विनम्रता के साथ की हुई साथ-संगत को देखकर हमें यह बात जंच गई कि हमारे गुरुजी के गुरुवर संगीत-क्षेत्र के एक अत्यंत मान्यवर विभूति हैं।

आगे चलकर गाना सीखने के क्रम में हम उनकी बनाई हुई बंदिशों को गाने लगे। खमाज राग की 'सखि सांवरो गिरिधर गोपाल' बंदिश गाते समय हमारी सांस घुटती थी। झिंझोटी राग की दूसरी मात्रा से शुरू होनेवाली त्रिताल की 'मेरो मन सखि हर लीनो सांवरिया ने' बंदिश, तो खंबावती राग की 'लाज शरम तोको, नहिं आवे', बिभास एवं खट राग की 'बंधा समा सुर लय राग ताल सो', बंदिशों में शब्द सचमुच ही सुर, लय एवं ताल में नाचते-ठुमकते हुए आते हैं। यहां केवल उदाहरणों के तौर पर उनका उल्लेख किया है। उनकी एक एक बंदिश विविध तालों एवं रागों का मानो एक-एक बगीचा ही है। ऐसे चार सौ से भी अधिक बंदिशों के बगीचे उन्होंने अनेक रागोंमें खिलाए हैं, सजाए-संवारे हैं। 'सास एवं ननद'वाली पुरानी बंदिशों की अपेक्षा भिन्न किन्तु उच्च श्रेणी की, शृंगार एवं उदात्त भक्तिरस से सराबोर, अनेक बंदिशें उन्होंने बनाईं। उन्होंने संस्कृत विषय में बी.ए. की उपाधि प्राप्त की थी। पुराने संस्कृत

ग्रंथों के अनुसंधान द्वारा दक्षिणादि पद्धति के अनुरूप उन्होंने संस्कृत में 'वर्णम्', भजन एवं ख्याल रचे और गाकर उन्हें लोकप्रिय बनाया। इस अनुसंधान की विरासत उन्होंने अपने गुरुवर पं. भातखंडेजी से ही प्राप्त की थी।

अण्णासाहब का रागों एवं तालों पर इतना प्रभुत्व था कि किसी कलाकार के एक राग को एक ताल में गाते समय उसे सुनने के साथ ही साथ वे वहीं अन्य राग की बंदिश अन्य ताल में रचते थे। सर्वसाधारणतया कलाकारों के लिए मामूली गुनगुनाना भी असंभव होता है। पं. रविशंकर जैसे जगद्विख्यात् कलाकार उन्हें कितना मानते हैं, आगे के एक प्रसंग से प्रमाणित हो जाएगा। लगभग पंद्रह-बीस साल पहले उनके द्वारा महफिल में बजाए गए एक विशिष्ट राग की शुद्धता के विषय में आलोचकों ने समाचारपत्रों में उनकी बड़ी सख्त आलोचना की थी। तब उन्होंने अपने बंधु (श्री राजेंद्रशंकरजी) से कहा था कि राग की शुद्धता के विषय में वे केवल डॉ. रातंजनकरजी के मत को प्रमाण मानते हैं। श्री अण्णासाहब की जवानी में संपन्न महफिलों के विषय में अनेक बुजुर्ग लोग उनकी मन:पूर्वक प्रशंसा करते हैं, किन्तु दुर्भाग्य से आकाशवाणी के उनके जो रेकॉर्ड उपलब्ध हैं वे उनके वृद्धापकाल में लिए गए होने से वर्तमान पीढ़ी के लिए उनकी कला एवं विद्वत्ता की सही कल्पना करना मुश्किल है।

हिंदुस्तानी संगीत को समृद्धि प्रदान करने के लिए उन्होंने 'तन मन धन सब वारूं' वृत्ति से अपने को समर्पित किया था। हिंदुस्तानी संगीत का यह सौभाग्य है कि उन जैसा श्रेष्ठ वाग्गेयकार, संगीतकार, कलाकार एवं गुरु इस शती में पैदा हुआ। किन्तु बड़े खेद की बात है कि उनके इस महान् कार्य का गौरव उनके जीवन-काल में नहीं हुआ और उन्हें अपेक्षित लोकप्रियता प्राप्त नहीं हुई। उन्होंने अपनी 'सरस्वती-वंदना' में कहा है।

"ध्यानगंधं तथा ध्वानधूपं साहित्यरूपिणीम्।
समर्पयामि तेद्यश्री भक्तिभाव पुरस्सरम्॥
अभिषेक: स्वरासन्तु सुशब्दाकुसुमान्यपि।
लयोर्घ्यमाचरेद्रागा रसात् नैवेद्यरूपिण:॥"

(हे देवी! मैं आपकी सेवा में ध्यान, गंध एवं धूप साहित्य रूप से ही भक्ति-भाव से समर्पित करता हूँ। स्वरों का ही अभिषेक, सुंदर शब्द ही मानो फूल, लय का अर्घ्य और उस गति से निर्मित रागस्वरूप ही मेरा नैवेद्य है।)

श्रीमती सुमन सावुर, बंबई
(सर्वश्री चिदानंद नगरकर, एस.सी.आर. भट तथा
के.जी. गिंडे की शिष्या)

अनोखा स्नेह और वैसी ही कर्तव्यदक्षता

सन १९६४-६५ में, गणेशजी के उत्सव में प्रथम बार ही लखनौ, कानपुर, बनारस आदि स्थानों पर कार्यक्रम के लिए जानेका अवसर प्राप्त हो गया था। उस समय मैं पहले कानपुर के 'महाराष्ट्र मंडल' में कार्यक्रम संपन्न करके फिर लखनौ गया। इस कार्यक्रम को सुनने के लिए स्वयं पं. अण्णासाहब उपस्थित थे। उन्हें कार्यक्रम बहुत पसंद आया और मेरे बारे में

उन्होंने गौरवोद्‌गार प्रकट किए तथा उसके पश्चात् मेरे दो-एक खानगी कार्यक्रम उन्होंने स्वयं अपनी ओर से तय कराए। वे कार्यक्रम संपन्न होने के बाद उन्होंने लखनौ के 'भातखंडे ॲनिव्हर्सरी रवीन्द्र थिएटर' में आयोजित कार्यक्रम में गाने के लिए मुझसे बिनती की। किन्तु उस कार्यक्रम के लिए १०-१२ दिन की अवधि शेष होने से, मेरी कठिनाई को जानकर उन्होंने कहा, "१०-१२ दिन तक आपके रहने और भोजन आदि का प्रश्न है, उसके लिए आप अपना बोरिया-बिस्तर लेकर नि:संकोच मेरे यहां ठहरने के लिए आ जाइएगा।"

अण्णासाहब जैसा व्यक्ति मुझ जैसे कलाकार से इतनी आत्मीयता से पेश आए, इसकी मुझे बेहद खुशी हुई। मैंने इसे अपना सौभाग्य समझकर उनके सान्निध्य में १०-१२ दिन व्यतीत किए। आगे चलकर उक्त 'भातखंडे उत्सव' में मेरा कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम अच्छा रहा। उचित मानधन एवं यात्रा का किराया देकर उन्होंने मुझे बंबई भेजा। मैं अपना यह बड़ा भाग्य मानता हूं कि उपर्युक्त वास्तव्य में उनसे मुझे कुछ शिक्षा का भी लाभ हुआ। तत्पश्चात् यह स्नेह बढ़ता ही गया। उसके बाद आगे चलकर जब वे बम्बई आए तब मेरे यहाँ भोजन आदि करके उन्होंने खूब गपशप भी की। यह था पं. अण्णासाहब का महान् व्यक्तित्व!

'आकाशवाणी' की ओर से जब कलाकारों की जांच-परीक्षाएं चल रही थीं, उस वक्त परीक्षक की हैसियत से उनके विषय में प्राप्त अनुभव को आगे बता रहा हूं।

उस समय पैनल में पं. अण्णासाहब थे, और सब कलाकारों ने ऑडिशन पर बहिष्कार डाला था। किन्तु उस हड़ताल में मैं शामिल नहीं था। जो कलाकार पात्र नहीं थे, उनकी परीक्षा के उपरान्त उनकी अपनी अपनी लियाकत के अनुसार उनका स्तरीकरण हुआ। उस वक्त, जो पात्र नहीं थे उन्होंने अण्णासाहब पर न जाने कैसे कैसे आरोप किए। किन्तु जब मैं ऑडिशन के लिए गया तब उन्होंने ४५ मिनट तक परीक्षा ली। उन्होंने मुझसे न तो कोई टेढ़ा-मेढ़ा प्रश्न ही किया न मुझपर कोई अन्याय ही । जो पात्र व्यक्ति थे उन्हें उचित न्याय ही मिला। मेरी दृष्टि में अण्णासाहब सचमुच सत्य को सत्य के रूप में स्वीकारनेवाले, किसी भी घराने के प्रति कोई भी पूर्वाग्रह न रखनेवाले, सच्चे विद्वान् व्यक्ति थे। परीक्षक के नाते वे असल में सुयोग्य व्यक्ति ही थे।

पं. यशवंतबुवा जोशी

जानेमाने महफिली गायक और सिद्धहस्त गायनगुरु, बम्बई

ऐसा गायन, ऐसी बंदिशें और 'वह' भैरवी!

गुरुवर के प्रथम दर्शन मुझे सन १९३४ में परीक्षक के रूप में हुए। तब मैं 'माधव संगीत विद्यालय' में चतुर्थ वर्ष में पढ़ता था। मेरे पूज्य पिता स्वर्गीय राजाभैया और बाबूराव के आपस में बंधुवत् प्रगाढ़ स्नेह होने से वे प्रतिवर्ष ग्वालियर में जब परीक्षक के रूप में आते थे, तब मेरे यहाँ ही ठहरते थे। सन १९३४ से १९४५ तक उनके सान्निध्य का मुझे पर्याप्त लाभ हुआ। इस कालावधि में अतीव निकट का संबंध जुड़ जाने से उनके व्यक्तित्व का मुझे पूर्ण परिचय प्राप्त हो गया।

स्व. गुरुवर के गीत-संग्रह से ज्ञात होता है कि वे मराठी, उर्दू, गुजराती, बंगला, संस्कृत

आदि अनेक भाषाओं के ज्ञाता थे। एक ही व्यक्ति में उत्तम शिक्षक, गायक एवं रचनाकार के गुण एक साथ मिलना असंभव है। किन्तु मुझे उनमें ये तीनों गुण दृष्टिगोचर हुए। जितनी तैयारी के साथ वे प्रचलित राग प्रस्तुत करते थे उतनी ही तैयारी के साथ वे अप्रचलित रागों का भी प्रस्तुतीकरण करते थे। मेरी राय में सन १९३६ से १९५५ तक की कालावधि को उनके गायन का उत्कृष्ट काल मानना चाहिए। उनके गायन पर आगरा घराने के आफताबे मौसिकी मरहूम फैयाजखांसाहब का अत्यंत प्रभाव था। राग को प्रारंभ करनेसे पहले वे उत्कृष्ट नोम् तोम् की सहायता से ख्याल का वातावरण निर्माण करते थे। जिन जिन लोगोंने उन्हें सुना हो, वे इस बात को जानते ही होंगे। उनकी कल्पनाशक्ति गजब की थी। उनकी साथ-संगत करने का सौभाग्य मुझे सन १९३६ से १९५५ तक निरंतर रूप में प्राप्त होता रहा। उनके सान्निध्य के फलस्वरूप अप्रचलित राग सीखने और उनके साथ गाने का संयोग बराबर प्राप्त हुआ करता था और कई बार तो, लखनऊ के वास्तव्य में वे मुझे अपने यहां रख लेते थे। और अन्य छात्रों को पढ़ाते समय प्रत्येक अप्रचलित राग की विस्तारपूर्वक जानकारी दे देते थे।

उनकी खुद की रची हुई अनेक बंदिशें गानेके लिए उन्होंने छात्रों को तैयार किया। वे राग-विस्तार, बोलतानों, तानों आदि के विषय में विस्तृत जानकारी दिया करते थे। नई 'बंदिश' तैयार होनेपर उसकी प्रतिलिपि वे मुझे भेजा करते थे और यद्यपि मैंने उसे रियाज द्वारा तैयार किया भी हो तो भी उसके महत्त्वपूर्ण शब्द एवं स्वरोच्चार वे ठीक-ठाक कर देते थे। चूंकि मैंने उनके गाने की अनेक महफिलें सुनी हैं, उनके गायन का मुझपर प्रभाव था और आज भी है। उनका गाना समाप्त होने पर भी मेरे दिमाग में उनके ही विचार चक्कर काटते थे। कई बार तो नींद में भी वे सामने आते। हम दोनों की आवाजों का गुण-धर्म मिलता-जुलता होने से, उस जमाने में मेरे गायन के समय लोग कहा करते थे कि उनके गायन का मुझ पर अधिक प्रभाव पड़ा है। कई बार तो लोग कहते - "अपने पिताजी को भी भुला मत देना!"

एक बार जब दिल्ली रेडिओ पर उनका कार्यक्रम था, मैं साथ-संगत के लिए उनके साथ था। शाम को कार्यक्रम समाप्त होने के तुरंत डेढ़ घंटा बाद उनका पुन: कार्यक्रम था और उन्होंने गानेके लिए 'मारु बिहाग' राग मुकर्रर किया था। मैं उनके कार्यक्रम के बाद पास ही के पार्क में विश्राम कर रहा था। उसी समय उन्होंने मारू बिहाग में 'ब्रिज जुवति संग' बंदिश बनाकर उसे तुरंत कार्यक्रम में प्रस्तुत भी किया। दूसरे दिन के प्रात:काल के कार्यक्रम के लिए उन्हें 'पंचम' राग गाने के लिए कहा गया था। सब कार्यक्रम समाप्त होनेपर भोजन आदि के उपरान्त हम बैठ गये और उन्होंने 'पंचम' राग की बंदिश तैयार करके उसे प्रात:काल के कार्यक्रम में पेश किया। इस प्रकार, बंदिशें रचने का उनका कौशल उत्कृष्ट था।

दूसरा एक प्रसंग मेरे स्मरण में है। मुझे सूचित किया गया कि 'रेडिओ संगीत संमेलन' में मुझे हमीर राग में 'टप ख्याल' गाना है। उस समय मैं खैरागढ़ में था। मेरे साथ उन्हें भी सम्मेलन में गाने के लिए आता था। मैंने उनसे हमीर के 'टप- ख्याल' के बारेमें बात की, क्योंकि मैं वह जानता नहीं था। किसी काम से हम दोनों नागपुर में रुक गए थे। काम खत्म करके रात को हम बैठ गए। उन्होंने 'जाग रही सगरी रतिया' टप्पे-ख्याल की रचना करके मुझसे उसे तैयार कराया। तत्पश्चात् दिल्ली जाने के लिए जी.टी. से यात्रा करते समय गाड़ी में ही उन्होंने बिहाग का पंजाबी शब्द लेकर 'दिल दा प्यारा' टप्पे की रचना की और मुझे दे दी। इस प्रकार दोनों रागों में रचना तैयार होनेसे मुझे तो लाभ हुआ ही, साथ ही दूसरों

को भी उससे फायदा हुआ।

यह बड़े दुर्भाग्य की बात है कि उस जमाने में साधनों की कमी होनेसे वे बंदिशें आज लोगों को सुनने के लिए उपलब्ध नहीं हैं। उनके साथ साथ-संगत करना अत्यंत मुश्किल लगता था। अर्थात् प्रचलित रागों में विशेष कठिनाई महसूस नहीं होती थी किन्तु अप्रचलित रागों में बेहद परेशानी होती थी। किन्तु वे स्वयं गाते समय मुझसे भी गवाते थे और इस प्रकार भी उनसे शिक्षा ग्रहण करने का सुयोग मुझे प्राप्त हुआ।

एक बार ग्वालियर में महफिल खत्म होने पर उन्होंने भैरवी गाना प्रारंभ किया। भैरवी के विषय में यह कल्पना रूढ़ है कि उसमें बारह स्वरों का उपयोग किया जाता है। पुराने लोग भी भैरवी में केवल शुद्ध ऋषभ एवं तीव्र मध्यम का प्रयोग मजे के तौर पर करते हैं, किन्तु आपने जो भैरवी गाना शुरू किया वह शुद्ध भैरवी थी। उसमें इनमें से किन्हीं ऐसे स्वरों का प्रयोग गाना खत्म होने तक मैंने नहीं सुना। बहुत ही कठिन कार्य था। ऐसी भैरवी मैंने कभी सुनी नहीं। ऐसे थे हमारे गुरुवर! उन्हें मेरे शत कोटि प्रणाम!

—बाळासाहब पूछवाले, भोपाल

पं. राजाभैय्याजी के सुपुत्र। माधव म्यूजिक कॉलेज, ग्वालियर के भूतपूर्व प्राचार्य

पं. रातंजनकरजी से भेंट की स्मृतियां

पं. रातंजनकरजी से मेरी पहली भेंट सन १९४३ में लखनौ में हुई। अपने आकाशवाणी कार्यक्रम के सिलसिले में लखनौ गई थी तब पं. रातंजनकरजी ने मुझे वहाँ के मैरिस कालेज में कार्यक्रम देने के लिए आमंत्रित किया था। मेरे उस कार्यक्रम को सुनने के लिए पांच सौ से ऊपर छात्रगण उपस्थित थे। मैंने उस समय राग पूरिया और सुहा प्रस्तुत किए थे।

हर साल मैं अपने कार्यक्रम के निमित्त से दो-तीन बार लखनौ अवश्य जाती थी। जब जब मैं वहां जाती थी तो उनसे मेरी भेंट अवश्य हो जाती थी। काफी मिलनसार व्यक्तित्व था उनका। संगीत के उत्कष्ट गायक तथा शास्त्र के गाढ़े आचार्य थे वे। उन्होंने अनेक रागों में काफी बंदिशें लिखी हैं। उनकी रचनाओं में राग केदार-बहार, प्रभात-भैरव की बंदिशें मुझे अच्छी लगीं।

एक बार उनके विद्यापीठ में मुझे उनका गायन सुनने का अवसर मिला था। उन्होंने राग शुद्धसारंग प्रस्तुत किया था जो काफी प्रभावशाली था।

आकाशवाणी पर हार्मोनियम के निर्बंध पर अक्सर मेरी उनके साथ चर्चा होती थी। उनका कहना था कि गायन की साथ-संगत के लिए सारंगी वाद्य अत्यंत उपयोगी सिद्ध हुआ है, अपितु आजकल सारंगी, पखावज, बीन आदि वाद्य लुप्त हो रहे हैं। अत: उनको संरक्षण देने के लिए विशेषत: सारंगी को संरक्षण देने के लिए हार्मोनियम वाद्य को रेडियो पर निर्बंधित किया गया है।

संक्षेप में कहा जाए तो पं. रातंजनकरजी काफी मिलनसार व्यक्ति थे। संगीत के विद्वान थे। उनका सदैव हंसमुख चेहरा मैं अभी भी भुला नहीं पा रही हूं।

—डॉ. गंगूबाई हनगल, हुबली

किराना घराने की भारतविख्यात गानसम्राज्ञी

पुण्य स्मृति में शतशः नमन

पं. रातंजनकरजी के सर्वप्रथम दर्शन सन १९४९ में लखनऊ में मध्यमा परीक्षा में बैठते समय हुए थे। उन दिनों ये और पं. राजाभैया पूंछवाले क्रियात्मक परीक्षा के परीक्षक हुआ करते थे। परीक्षा का जो आतंकमय स्वरूप उन दिनों हुआ करता था उसकी कल्पना भी आज के परीक्षार्थी नहीं कर सकते। बड़े-से कमरे के एक सिरे पर बैठे परीक्षकद्वय और दूसरे सिरे पर बैठा परीक्षार्थी। दोनों के बीच की देशगत दूरी विलक्षण 'आतंक' की सृष्टि करती थी। इतना ही स्मरण है कि जो कुछ भी पूछा गया था, सब कुछ मैंने गाकर सुना दिया था।

दूसरी भेंट सन १९५५ के आरंभ ही में पटना के एक महाविद्यालय में संगीत-प्राध्यापिका के पद के लिए साक्षात्कार के प्रसंग में बिहार लोकसेवा आयोग के कार्यालय में हुई। पं. रातंजनकरजी विशेषज्ञ (Expert) के रूप में वहां थे। उन्होंने जो भी प्रश्न पूछे थे, उनमें से एक ही का विशेष स्मरण बना रहा है और वह है 'स्थाय'। मैंने तबतक 'स्थाय' का नाम नहीं सुना था। घर लौट कर 'संगीत रत्नाकर' का 'स्थाय' प्रकरण पढ़ा और दस वर्ष बाद १९६५ में 'स्थाय' पर एक लंबा लेख लिखा जो कि दिल्ली से प्रकाशित 'इंडियन म्यूजिक जर्नल' में तीन खण्डों में प्रकाशित हुआ था।

तीसरी और अंतिम भेंट दिल्ली में आकाशवाणी द्वारा आयोजित एक 'सेमिनार' में सन १९७० में हुई थी। उसीकी सबसे सुखद स्मृति चित्त पर अंकित है। उन्होंने भारतीय संगीत के सूक्ष्म अंतरालों के लिए हामोर्नियम की अनुपयुक्तता का जम कर सोदाहरण प्रतिपादन किया था। 'ललित' के तीन मध्यम - शुद्ध, तीव्र और अति तीव्र - गाकर बताए थे। मैंने भी अपने ढंग से हार्मोनियम का विरोध किया था। दूसरे दिन आकाशवाणी के किसी कार्यालय में उनसे भेंट हो गई। तब उन्होंने मुक्त भाव से मेरे विषय-प्रतिपादन का समर्थन करते हुए भरपूर आशीर्वाद दिया था। पीठ पर हाथ रखकर आशीर्वाद की अभिव्यक्ति को उत्कटता दी थी। वही स्मृति मेरे लिए अमूल्य है।

परीक्षक के रूप में असंख्य जनों को उनके दर्शन मिले होंगे। शिक्षक के रूप में उससे कम संख्या के जन उनके संपर्क में आए होंगे। गायक के रूप में अनेकों श्रोताओं का उनसे संपर्क हुआ होगा। मैंने शायद सन ५० में मथुरा के 'किशोरीरमण कन्या महाविद्यालय' में उनका गायन सुना था। तब विशेष समझ तो थी नहीं। फिर भी जो कुछ स्मृति है, वह सुखद है, मधुर है। संगीत-शास्त्र का चिंतन-मनन, गायन का अभ्यास, शिक्षण में तत्परता और निष्ठा, ये सब गुण एक साथ उनमें विद्यमान थे। उनकी पुण्य - स्मृति में शतशः नमन !

—प्रेमलता शर्मा
विख्यात संगीत विदुषी,
बनारस हिंदू युनिवर्सिटी संगीत विभाग (भूतपूर्व) अध्यक्षा,
संप्रति बेजंट कॉलेज, वाराणसी में संगीत की प्रोफेसर)

आदत, जिगर और हिसाब

मैं उन दिनों पूना के गांधर्व महाविद्यालय में स्व. गुरुवर्य पं. विनायकराव पटवर्धन के निर्देशन में संगीत का अध्ययन कर रहा था । सन १९३७ दिसंबर मास में बलरामपुर रियासत तथा आगरा में होनेवाले संगीत-समाराहों में भाग लेने के लिए पंडितजी मुझे साथ लेकर लखनऊ आए थे । तभी मैंने पहली बार स्व. अण्णासाहब (पं. श्रीकृष्ण नारायण रातंजनकर) के दर्शन किए थे । उस समय के भातखंडे संगीत महाविद्यालय (तब मैरिस कॉलेज ऑफ म्यूजिक) के आश्रमवासी छात्रों को तालीम दे रहे थे । उनके सिखाने के ढंग से मैं बहुत प्रभावित हुआ । कुछ ही दिन बाद बलरामपुर के समारोह में उनकी गाई हुई 'नायकी कानड़ा की बंदिश 'पापी हरि मुख बोल' अभी तक मुझे स्मरण है । प्रशिक्षण की समाप्ति पर सन १९३९ में दिल्ली आकर गुरुजी के आदेशानुसार गांधर्व महाविद्यालय का आरंभ मैंने किया । संभवत: सन ४४ या ४५ में अण्णासाहब दिल्ली आकर श्री गोपालराव रानड़े के यहां ठहरे थे । उन्हींके घर पर गायन की बैठक का आयोजन था । इस अवसर का लाभ उठाने के लिए मैं भी अपनी पत्नी सौ. पद्मादेवी के साथ वहां पहुँचा था । अनेक परिचित रागों के बाद रातंजनकरजी ने एक अप्रचलित राग प्रस्तुत किया । न समझ पाने पर राग का नाम जानने की इच्छा पद्मादेवी ने व्यक्त की । न जाने किस कारण वे एकदम रुष्ट हो गये । बोले- "राग का नाम क्रमिक पुस्तकमाला के भाग अमुक के पृष्ठ अमुक पर देख लेना । " उनका कथन सुनकर सन्नाटा छा गया । सभी हतप्रभ होकर रह गये ।

संभवत: बाद में उन्होंने स्वयं महसूस किया कि यह ठीक नहीं हुआ । उनके हृदय की विशालता का परिचय अगले दिन मिला जब उनका एक शिष्य स्वयं उनके हाथ का लिखा पत्र लेकर मेरे पास आया । लिखा था- "कल के अशिष्ट व्यवहार के लिए क्षमा चाहता हूं । क्रमिक पुस्तक में राग का नाम गलत छपा है । मेरे गाए पटबिहाग पर नटबिहाग और नटबिहाग पर पटबिहाग छपा है । "

इसके बाद क्रमश: यह परिचय घनिष्ठता में परिणत हुआ । विद्यालय की 'संगीत सलाहकार समिति' की सदस्यता उन्होंने सहर्ष स्वीकार की । समय-समय पर विद्यालय में आकर प्रशिक्षण के संबंध में मार्गदर्शन भी किया । उनका यह कथन मुझे पसंद आया कि क्लास में पुस्तक मत आने दो, प्रत्यक्ष स्वयं गाकर ही तालीम दो । विद्यालय द्वारा आयोजित अनेक आयोजनों में अध्यक्ष, वक्ता और कलाकार के रूप में उन्होंने भाग लिया । स्व. पं. ओंकारनाथ ठाकुर के साथ उनका तीव्र मतभेद सर्वविदित है । 'आदत, जिगर और हिसाब' विषय पर अण्णासाहब के भाषण के बाद, भाषण के अंतिम भाग के समय पं. ओंकारनाथ जी भी पहुंच गए । पंडितजी ने बिना सुने ही अण्णासाहब के मंतव्यों का समर्थन किया जो हम सबके लिए सुखद आश्चर्य था । बाद में अत्यंत सौहार्दपूर्ण वातावरण में चाय-चिवड़ा का आस्वाद लेते हुए दोनों दिग्गजों का छायाचित्र मेरे पास अभी भी सुरक्षित है ।

कलाकार, गुरु, विचारक, वक्ता तथा वाग्गेयकार के रूप में भारतीय संगीत के प्रति अण्णासाहब का योगदान महत्त्वपूर्ण रहा है ।

– पं. विनयचंद्र मौद्गल्य

पं. विनायकबुवा के पट्टशिष्य, गायक एवं वाग्गेयकार, श्रेष्ठ संगठक एवं गांधर्व महाविद्यालय दिल्ली के प्रिंसिपल।

सम्मान-भावना

मैं तो यह समझता हूं कि सभी दिशाओं में आचार्य रातंजनकरजी के कार्य और व्यापक विचार, लगन एवं प्रयास से राग की शुद्धता को लेकर एक अपूर्व जागृति संगीत के क्षेत्र में पैदा हुई थी। आज भी यदि कोई रागदारी का प्रदर्शन करता है तो प्रतिष्ठित कलाकार हो या नवोदित ही क्यूं न हो, यदि उसका कभी भी आचार्य रातंजनकर जी से साक्षात् हुआ है तो राग की शुद्धता को ध्यान में रखते समय उनका स्मरण आना एक स्वाभाविक बात है । मैं तो यह भी प्रतीत करता हूं कि आज उनके न रहने से रागदारी गायन-वादन में जो डर-सा बना रहता था वह समाप्त होकर स्वतंत्रता का रुख अपनाया जा रहा है, क्यूंकि अब कोई टोकनेवाला नहीं, यदि कोई बात सामने आती है तो वह 'घराने' की आड़ में अड़ जाती है ।

आचार्य रातंजनकरजी के व्यक्तित्व को किसी सीमा में बांधना संभव नहीं, जैसा कि मैंने उनके इतने समय-काल के सान्निध्य में रह कर जाना, वे किसी भी समय खाली बैठे मुझे नजर नहीं आए, मैं तो यही कहूँगा कि संगीत के लिए ही उन्होंने जन्म लिया और निरंतर भगवती शारदा की सेवा एवं चिंतन में ही अपनेको पूर्ण समर्पित कर दिया, वे सदैव ही सच्चाई और नवीनता तथा शुद्धता के प्रतीक थे ।

आचार्य की गायकी में विशेष रंग ग्वालियर और आगरा घराने के ज्यादे परिलक्षित होते थे, आलापचारी में जोड़ आलाप, चार अंगों में राग की पूर्ण अभिव्यक्ति, गमक, जोरदार आवाज तथा तानों में उनका एक अलग रंग झलकता था, साथ ही जिन रागों में बंदिशों का अभाव था उन रागों में नवीन रचनाओं का सृजन कर संगीत-प्रेमियों के संगीत-पथ को और आलोकित करने का उन्होंने प्रयास किया, इन अनेक विशेषताओं का किसी एक व्यक्ति में होना असाधारण ही कहा जाएगा, अतएव सच्चे माने में उनको 'गंधर्व' की संज्ञा देना तथा सम्पूर्ण 'वाग्गेयकार' ही कहना उचित होगा ।

—दाऊजी गोस्वामी
अवकाशप्राप्त प्राध्यापक,
भातखंडे हिंदुस्तानी संगीत महाविद्यालय, लखनऊ

संगीत की दुनिया का कर्ण

१९३२ साल में नागपुर के मनहर गायन समाज में मैंने प्रथमत: स्वर्गीय डॉ. रातंजनकर का गायन सुना जिसमें उनका गाया हुआ 'जयजयवंती' राग कभी नहीं भूल सकता। मैं तानपूरा बजाकर कंठ-साथ भी करता था। कुछ सालों के बाद जब मैं स्थायी रूप में रहने लगा तब अण्णासाहब से मिलने का मौका बार बार मिलता रहा। भारतीय संगीतकार एवं तज्ञ ही केवल अण्णासाहब को मानते थे सो नहीं, दक्षिण भारत में भी उनकी विद्वत्ता पहुंच गई थी। १९४१ में जब मैं मद्रास, कुंभकोणम् के संगीत-महोत्सव में कार्यक्रम के लिए गया था, तब दाक्षिणात्य संगीत के विद्वान डॉ. अद्यनथैया ने अण्णासाहब की स्तुति की थी। अन्नामलाई युनिवर्सिटी के संगीत विभाग के प्रमुख विद्वान टायगर वरदाचारी ने भी उनकी प्रशंसा की थी ।

मैं जब बंबई आकाशवाणी पर म्युझिक प्रोड्यूसर के नाते काम करता था, तब रातंजनकरजी

लखनौ से बंबई आकर म्युजिक ऑड़िशन लेते थे। वे स्वभाव से सरल, स्पष्ट तथा निरंहकार थे। कलाकारों से बातचीत करते समय वे कभी मीठा कभी कड़वा बोलते थे। लेकिन मन बिलकुल साफ था। एक दिन सुबह मैंने अण्णासाहब को चाय के लिए घर पर आमंत्रित किया। तो चाय के नाम पर वह एक छोटी महफिल ही हो गई। बारा बज गए, रेड़ियो की गाड़ी उन्हें ले जाने के लिए आ गई। मैंने कहा "आप भोजन करके निकलेंगे तो जरा आराम मिलेगा"। बड़ी खुशी से यह बात उन्होंने मान ली। भोजन के बाद हम दोनों रेड़ियो स्टेशन पर पहुंचे। रास्ते में हमारी रागदारी पर चर्चा अधूरी हुई। दूसरे दिन मुझे अण्णासाहब ने अपने घर बुलाया। इस सुवर्ण अवसर का लाभ उठाने हेतु मैंने हिंडोल और यमन रागों के मेल से बना हुआ 'यमनी हिंडोल' का स्वरूप गाकर बताया। अण्णासाहब ने आधा घंटा कुछ पुराने ग्रंथ और किताबें देखकर और कुछ आधार है या नहीं इसे देखकर यह नतीजा निकाला कि अभीतक संगीत-तज्ञों या कलाकारों ने इस राग का निर्माण नहीं किया था। इस राग में चीज बंदिश बनाना तो चाहता था, किंतु सफल नहीं हो रहा था। सुनकर अण्णासाहब ने कहा "मैं अभी बनाता हूँ।" और एक घंटे में दो चीजों की बंदिश बनाई। एक झपताल में और दूसरी तीन ताल में। अण्णासाहब ये दोनों चीजें गाते समय बीच में रुककर पूछते थे, "मेरी रचना सही है? कुछ स्वरों में, शब्दों में अगर गलती हो तो बता देना। मैं सब ठीक करूंगा।" यह सुनकर मुझे बहुत आश्चर्य हुआ। कितना सरल, और निरहंकार स्वभाव! इसलिए डॉ. रातंजनकर को संगीत-दुनिया का 'कर्ण' कहने में मैं अतिशयोक्ति नहीं समझता ।

–वि. दे. अंभईकर, बंबई
श्रेष्ठ गानसाधक, आकाशवाणी संगीत-निर्माता (भूतपूर्व)

गायकी का अनुपम नमूना

स्व. रातंजनकरजी एक संगीत परिषद के लिए पूना आए थे। उसी वक्त उनसे नजदीक से संपर्क पाने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। इस परिषद के अवसर पर मैंने एक निबंध 'ठाठ पद्धति' के बारे में पढ़ा था। उस संबंध में स्व. रातंजनकरजी से व्यक्तिश: सविस्तार चर्चा मैंने की। चर्चा में उनका स्नेह तथा सौहार्द मुझे प्राप्त हुआ। पूना से वापस जाने पर उन्होंने मेरे स्वर्गीय पिताजी को लिखी हुई चिट्ठी में लिखा था कि आपके सुपुत्र ने विरोध-भक्ति से ही सही, भातखंडेजी के ग्रंथों का अच्छा अध्ययन किया है ।

बाद में कई बार उनसे मिलने तथा कई विषयों पर चर्चा करने के अवसर पर मुझे प्राप्त हुए। कौशी कानड़ा की द्रुत बंदिश के बारे में तथा उस राग के स्वरूप के बारे में मैंने चर्चा की। मालकंस तथा बागेश्री (जो अष्टादश कानड़ों में से एक माना गया है) के संयोग का विवेचन उन्होंने किया था। चर्चा में वे बहुत गहराई से और विश्वास के साथ बातचीत करते थे। शंका पूछनेवाले व्यक्ति को निरुत्साहित करने की उनकी वृत्ति नहीं थी ।

वे जब खैरागढ़ गए तो नागपुर आकाशवाणी का कार्यक्रम करने नागपुर आते थे। मैं उन दिनों नागपुर आकाशवाणी केंद्र पर कार्यरत था। प्रचलित राग श्रोता आपसे सुनना चाहते हैं

स्व. राजकुमारी इंदिरा



स्व. राजकुमारी इंदिरा की स्मृति में खैरागढ़ विश्वविद्यालय स्थापित हुआ.....
उसका भव्य भवन

इं. क.सं. विश्वविद्यालय के उपकुलपति की मुद्रा में
डॉ. रातंजनकर



'पद्भूषण' सम्मान का स्वीकार करते हुए
राष्ट्रपति राजेंद्र प्रसाद के हाथों राष्ट्रपति भवनमें

वीतरागी आत्मगौरव की मुद्रा में ' पद्मभूषण ' सम्मान स्वीकारने के उपरान्त



'**पद्मभूषण**' **सम्मान** प्राप्त करने के उपरान्त
सुहृद्वर श्री बैलूर एवं
श्रीमती बैलूर के द्वारा घरेलू स्वागत



कालिदास समारोह, उज्जैन १९५८ खैरागढ़ विश्वविद्यालय द्वारा मंचित तथा पं. रातंजनकर द्वारा लिखित नाटक का दल राष्ट्रपति राजेंद्रप्रसाद, रातंजनकरजी के बाएं (विद्यमान राष्ट्रपति) डॉ. शंकरदयाल शर्मा, उपकुलपति पं. रातंजनकर के साथ



खैरागढ़ विश्वविद्यालय प्रथम प्रमाणपत्र वितरण (१९५९)
के अवसर पर भाषण देते हुए कुलपति (Chancellor)
डॉ. ह. वि. पाटसकर

Sitting on the chair (Left to Right) :
Dagar Brothers, Dr. S.N. Ratanjankar (V.C.), Ustad Vilayat Khan, Shri G.N. Natu, Smt. Rasoolan Bai, Smt. Siddheswari Devi.
Standing : Ustad Yunus Hussain Khan, Shri. K.G. Ginde, Shri A. Kanan, Prof. D.T.Joshi, Prof. V.G. Jog.
Sitting on the Floor :
Dr. (Smt.) S. Mutatkar, Smt. Malabika Kanan, Smt. Meera Banerjee, Smt. Lakshmi Shankar, Smt. Shanta Devi.



दिल्ली संगीत नाटक अकादमी की 'फेलोशिप' प्रदान हो जाने पर श्रीवल्लभ संगीतालय, बंबई में गुरुबंधु स्वामी श्रीवल्लभदास के हाथों अभिनंदन! (बीच में) श्री सी.पी. गोड़से (भूतपूर्व चैरिटी कमिशनर, महाराष्ट्र)

श्रीवल्लभ संगीतालय सायन, बंबई : १९६५
'नादवंदना' की ओर से उ. फैयाजहुसेनखां की
पुण्यतिथि में श्री सी. पी. गोड़से तस्वीर
को माल्यार्पण करते हुए



प्रधान अतिथि डॉ. बालकृष्ण केसकर का स्वागत



षष्ठिपूर्ति के अवसर पर पं. रातंजनकरजी



'**सुजान गौरव संगीत समारोह**' राज्यपाल मान्यवर पाटसकर भाषण देते हुए
बैठे हुए (बाएं से) न्यायमूर्ति गोखले, मा. केसकर तथा पंडितजी



षष्टिपूर्ति समारोह के अवसर पर राज्यपाल पाटसकर जी के हाथों रातंजनकरजी का सम्मान

षष्ठिपूर्ति : उस्ताद विलायत हुसेनखां के हाथों पं. रातंजनकरजी का सम्मान

'सुजान' गौरव संगीत समारोह (१९६१) में गाते हुए किराना गायक पं. बेहरेबुवा; संवादिनी पर पी. मधुकर

'षष्ठिपूर्ति : सुजान संगीत समारोह' में गा रही है श्रीमती सिद्धेश्वरीदेवी अपनी सुपुत्री शांतादेवी के साथ

ऐसी बात जब एक बार मैंने उनसे की तो उन्होंने यमन की दो बंदिशें - जो उनकी स्वरचित हैं - ध्वनिमुद्रित की थीं। वह ध्वनिमुद्रण उनकी गायकी का एक अनुपम नमूना है ऐसा मैं मानता हूं ।

उन्हीं दिनों मैंने अखिल भारतीय संगीत के कार्यक्रम में उनके गाए हुए रामदासी मलार के बारे में उनसे पूछा। मैंने स्व. पिताजी से उस राग को जिस प्रकार सीखा था उससे वह काफी भिन्न था। इसलिए उसके स्वरूप को मैं समझना चाहता था। उन्होंने उस स्वरूप की जानकारी ही नहीं दी, बल्कि ' माधो मुकुंद ' बंदिश भी मुझे सिखाई तथा उसका स्वरलेखन अपने हस्ताक्षर में मुझे दिया ।

'तरल प्रबंधावली' की हस्तमुद्रित प्रति मैंने उनके अभिप्राय के लिए उन्हें भेजी थी। उस बारे में बहुत अच्छा अभिप्राय भेजकर उन्होंने मुझे प्रोत्साहित किया ।

उनकी 'अभिनव गीत मंजरी' में प्रकाशित रचनाएं उनके वाग्गेयकार के रूप में संगीत के लिए अत्यंत श्रेष्ठ योगदान है। उनकी रचनाओं का अध्ययन नई दिशा प्रदान करने में सहायभूत होगा। राग का सुंदर स्वरूप तथा विविध प्रकार की शब्दरचना इन दोनों का अपूर्व संगम उन बंदिशों में दिखाई देता है। ऐसे गुणी एवं विद्वान आचार्य को मैं नम्र भाव से प्रणाम करना चाहूंगा ।

–प्रो. नारायण विनायक पटवर्धन, बड़ौदा

संगीत के श्रेष्ठ एवं विद्वान् प्रोफेसर,
पं. विनायकबुवा के सुपुत्र एवं शिष्य
तथा गायक एवं गुरु

स्मृतियों के संचित पराग

गुरुदेव पं. श्रीकृष्ण नारायण रातंजनकरजी का लंबा-चौड़ा नाम जब मैंने बाल्यकाल में पहली बार सुना तो ऐसा लगा कि वे अपने नाम के अनुरूप लंबे-चौड़े डील डौलवाले होंगे। परंतु जब इनके प्रत्यक्ष दर्शन हुए तो उन्हें एक छोटा नाटा-सा व्यक्ति पाया। प्रारंभ में उनके कद से बड़ी निराशा हुई परंतु, मैरिस म्युझिक कालेज, लखनऊ में जब वहां के प्रत्येक विद्यार्थी, शिक्षक एवं कर्मचारी में उनके प्रति अगाध प्रेम एवं श्रद्धा देखी तो अपनी धारणा बदलनी पड़ी। धीरे धीरे यह बात समझ में आई कि इनके समान छोटे कदवाले और भी व्यक्ति हुए हैं, जैसे लालबहादुर शास्त्री, नैपोलियन आदि। वे अपने कार्यों से विशालकाय और महान् बन गए हैं ।

मुझे सन १९५४ में भारत सरकार की २५०/- प्रति माह की सांस्कृतिक छात्रवृत्ति संगीत की उच्च शिक्षा हेतु प्राप्त हुई थी। इसके अंतर्गत मैंने रातजंनकरजी से शिक्षा प्राप्त करना प्रारंभ किया। वे एक राग के प्राय: सभी उपलब्ध विलंबित एवं मध्यलय के ख्याल, ध्रुपद धमार, तराना आदि भी सिखाते थे। कुछ राग जैसे यमन, मालीगौरा, खट, बरवा, आदि तो कई बार सीखने को मिले। परंतु इनसे यह कहने की सामर्थ्य किसी भी विद्यार्थी में नहीं थी कि वह राग पहले सीखा जा चुका है ।

गुरुदेव मैरिस म्युझिक कॉलेज भवन के एक कमरे में तीस वर्ष तक अकेले ही रहे। वहाँ इनके परिवार में एक बिल्ली, बंदर तथा एक कुत्ता, रहता था। जो उनका मन बहलाते थे। इनकी देखरेख या तो इनके विद्यार्थी करते थे या फिर मातादीन या रामा नामक इनका भृत्य। वे बहुत ही नर्वस टेंपरामेंट के तथा भुलक्कड़ थे। इन कारणों से, घर बाहर सभी जगह इन्हें अपने साथ देखरेख के लिए, घर का व्यक्ति, विद्यार्थी अथवा भृत्य रखना ही पड़ता था। उनकी यात्राओं में उनके साथ चाय बनाने का सारा सामान एक लकड़ी की जालीदार पेटी में रहता था तथा फर्स्ट क्लास के डिब्बे में स्पिरिट लेंप पर चाय बनती थी। वे अपने सोफा पर तन्मय होकर काम करते रहते थे तथा कभी कभी बहुत देर तक मिलने के लिए आए हुए व्यक्ति को देख नहीं पाते थे। काम करते करते एकाएक इनका ध्यान सामने बैठे हुए व्यक्ति पर जाता था और वे मुस्कराकर इसका स्वागत करते थे। प्रतिउत्तर में दूसरे व्यक्ति को, उनकी मुस्कराहट का जवाब, फौरन मुस्कराहट से देना आवश्यक था। इसमें चूक होने पर उसे उनकी नाराजी सहनी पड़ सकती थी ।

गुरुदेव को विभिन्न भाषाएं सीखने और इनकी पुस्तकें पढ़ने का शौक था। उन्होंने कॉलेज के विद्यार्थियों से ही बंगला, सिंहली और उर्दू भी सीखी थी। वे अपने कार्यालय में कार्य करते रहते थे और ऐसे ही सटे हुए कक्ष में उनके विद्यार्थी अभ्यास भी करते रहते थे। वे अपने कार्यालय से ही बगल के कक्ष में चल रहे रियाज को भी सुनते रहते थे और रियाज में कोई त्रुटि अनुभव करने पर, काम छोड़ कर, सुधार करने पहुंच जाते थे, या फिर पर्ची लिखकर सुधार करने के आवश्यक निर्देश भेजते थे। ऐसी अनेक पर्चियाँ मैंने वर्षों तक गुरुप्रसाद समझ कर सहेजकर रखी हैं। उन्हें समय होनेपर वे तीन-चार घंटे भी सिखाते रहते थे। उन्होंने पाठ्यक्रम, समय या वर्ष की मर्यादा में रहकर कभी नहीं सिखाया। अतः वहांके किसी भी विद्यार्थी ने वहाँ की स्नातकोत्तर 'संगीत निपुण' परीक्षा चार या पाँच वर्ष के पहले नहीं दी ।

यह सर्वविदित है कि वे एक अप्रतिम वाग्गेयकार थे। उन्होंने मेरे गले में तान उत्पन्न करने के लिए, कई तान-अंग के मध्यम ख्याल जैसे यमन में 'करीम करतार', 'हंसध्वनि' में 'हे रिधसिद्धदायक गण नायक' की रचना की ।

अण्णासाहब की शिक्षा-विधि अत्यंत वैज्ञानिक परंतु साथ ही कलात्मक भी थी। वे सिखाते समय राग अथवा बंदिश के एक-एक पुर्जे को अलग करके सिखाते थे और बाद में उन्हें एकत्र कर एक सुड़ौल राग या बंदिश का रूप प्रदान करते थे। इस विधि से चलन की दृष्टि से कठिन लगनेवाले राग या बंदिशें भी आसानी से सीखी जाती थीं ।

आवाज या अभ्यास के प्रति लापरवाह रहने पर भी वे छोटी घरेलू बैठकों में तथा विशेषकर भातखण्डे पुण्यतिथि के बहत्तर घंटे के अखण्ड अनुष्ठान के अंत में इतना उच्च कोटि का श्रेष्ठ प्रदर्शन करते थे कि कई बार श्रोतागण भावविभोर होकर उन्हें घंटों सुनते रहते थे ।

गुरुदेव को जब इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़ (म. प्र.) में प्रथम उपकुलपति बनाकर भेजा गया, उन्होंने वि. वि. कार्यालय के स्थापित होने तक महीनों टाइपिंग, डिस्पेच, रिसीट का भी लिपिकीय कार्य स्वयं ही किया। इस वि. वि. की आर्थिक स्थिति खराब होने पर उन्होंने लगभग डेढ़ वर्ष तक पूरा वेतन नहीं लिया अपने वेतन में से ५००/- प्रति माह कटाते रहे। बादमें श्री पी. एन. चिंचोरे ने इस संपूर्ण राशि को 'भातखण्डे स्मृति ग्रंथ' के प्रकाशन हेतु लगा दिया। गुरुदेव चाहे जितनी आर्थिक कठिनाई में रहे हों, परंतु उन्होंने किसीकी

कोई सहायता कभी स्वीकार नहीं की। उनके सान्निध्य में आए इनके शिष्यों ने, इनका ही खाया, नि:शुल्क सीखा और अपने भविष्य का निर्माण भी किया। ऐसे उदार, नि:स्वार्थ गुरु इस कलियुग में दुर्लभ हैं। हम सदैव उनके ऋणी रहेंगे ।

–डॉ. अमरेशचंद्र चौबे
इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय, खैरागढ़
गायन विभाग के प्रोफेसर एवं अध्यक्ष

"आए संत सुजान देत विद्या को दान"

गुरुवर्य स्वर्गीय पंडित श्रीकृष्ण नारायण रातंजनकरजी को अण्णासाहब अथवा केवल अण्णा से ही संबोधित किया जाता था। महाराष्ट्र से लेकर दक्षिण भारत तक बड़ा भाई एवं अपनेसे बड़ों को अधिकतर अण्णा ही कहा जाता है। स्वयं उनके वरिष्ठ बन्धु स्व. श्री दत्तात्रेय रातंजनकरजी और बड़ी बहन श्रीमती माणिकबाई उन्हें अण्णा कहते थे। अण्णा शब्द का विश्लेषण करें तो सही माने में इसका अर्थ पिता समान बड़ा, एक जिम्मेवार व्यक्ति एवं सारे कुटुंब को आधार देनेवाला व्यक्ति होता है। अण्णासाहब में ये तीनों विशेष गुण मौजूद थे। (१) इस शतक के उत्तरार्ध के सभी संगीतकारों एवं विद्वानों के वह बड़े भाई समान थे। (२) अपने गुरु पं. विष्णु नारायण भातखंडेजी के सांगीतिक कार्य को निष्ठापूर्वक आगे चलाने के वह जिम्मेवार थे और (३) अपने निजी कुटुंब-परिवार के साथ साथ अनगिनत शिष्य गणों के लिए वह एक आधारस्तंभ के समान थे।

अण्णासाहब के सान्निध्य में करीब आठ वर्ष अर्थात् लखनऊ मैरिस म्यूझिक कॉलेजवाले उन्हींके निवासस्थान पर रहने का मुझे सौभाग्य प्राप्त हुआ था। उस समय मेरी आयु ग्यारह वर्ष की थी। अण्णासाहब का महान व्यक्तित्व एवं महत्ता को जानने की अथवा भांपने की न तो मुझमें बुद्धि थी न शक्ति। यों समझिए कि एक अज्ञानी बालक ज्ञान के अथाह समुद्र के तट पर खड़ा उस विशाल दृश्य को निहारता रहा, निरीक्षण करता रहा। आठ वर्ष उपरान्त जैसे जैसे समय बीतता गया, गुरूवर्य के सान्निध्य में उनके अगाध ज्ञान के प्रकाश से मेरा अंधकारमय अज्ञान दूर होने लगा और ज्ञान के किरण प्रज्वलित होने लगे, वैसे वैसे उस ज्ञान समुद्र की गहराई एवं विशालता केवल एक दृश्य नहीं रहकर उसमें स्थित गरिमा का मुझे अहसास होने लगा। वह एक सामान्य सहृदय व्यक्ति ही नहीं किन्तु ऋषि- समान हैं इसका मुझे परिचयात्मक अनुभव उनके संग में रहकर हुआ। इसमें मेरा काफी समय नष्ट हो चुका था परंन्तु उस महासागर से, आचमन के रूप में भी, जो पा सका, ग्रहण कर सका वह मेरे इस जन्म को सार्थक बनाने में सिद्ध हो सका है और भविष्य के लिए पर्याप्त है ऐसी मेरी पूर्ण धारणा एवं विश्वास है।

अण्णासाहब का संपूर्ण जीवन सांगीतिक रहा। मेरी दृष्टि से गुरूजी ने अपना सर्वस्व जीवनकाल, समय और आकाश का यथार्थ भावार्थ को संगीत में परिवर्तित कर समझाने के प्रयासमें ही बिताया। मेरे अनुभव में ऐसा कोई एक क्षण मुझे याद नहीं जब कि मैंने देखा हो कि अण्णासाहब निश्चिंत होकर, एकान्त में आराम कर रहे हों या किसी हमउम्र व्यक्ति से इधर उधर की गपशप कर रहे हों। स्वर, लय और साहित्य में मग्न मन को इतनी फुरसत कहा कि जीवन के अन्य विषयों पर ध्यान दे सकें। हर समय हाथ में हरे रंग की स्याहीवाला कलम और कागज़ या

कागज़ का टुकड़ा जिसपर जरासा भी कोरापन हो, मानसपटलपर उभरा हुआ स्वरांकन शीघ्र ही कागज पर स्वर-लिपिबद्ध करते समय हम उन्हें देखते थे अथवा सांगीतिक लेख, भाषण एवं पत्रलेखन में व्यस्त पाते थे। न खाने की चिन्ता न पीने की, जिन्दगी में केवल एक ही व्यसन को अपनाया और वह था पान और तमाखू। पढ़ने का शौक बहुत था। रात के दो ढ़ाई बजे तक पढ़ते थे। सांगीतिक विषयों के अतिरिक्त उन्हें अंग्रेजी जासूसी साहित्य अथवा विभिन्न भाषाओं की किताबों को पढ़कर भाषाएं सीखने का भी काफी शौक रहा। मराठी उनकी मातृभाषा रही परन्तु संस्कृत अंग्रेजी, हिन्दी, गुजराती भाषाओं में वे पारंगत थे एवं बंगाली, कन्नड़ तथा ब्रजभाषा, अवधी, भोजपुरी, बुन्देलखंडी इत्यादि भाषाओं में उनका अध्ययन और रुचि अत्यन्त तीव्र रही।

आयु के छब्बीसवें वर्ष की युवा अवस्था में ही प्राचार्यपद की जिम्मेवारी, परिवार से अलग रहकर छब्बीस वर्ष भातखंडे कॉलेज की एकनिष्ठ सेवा, नि:स्वार्थ मन से शिष्यों को नि:शुल्क विद्यादान करना और मार्गदर्शन देने में सम्पूर्ण आयुष्य लगाना यही उनके जीवन का एकमेव ध्येय और उद्देश्य रहा। इस कारण अण्णासाहब को अपना शारीरिक स्वास्थ्य और उससे जुड़ी अपनी लाजवाब गायन-कुशलता और अपनी आवाज (कण्ठ-स्वर) की सुरक्षितता पर कतई ध्यान नहीं रहा। दोपहर का भोजन दो या ढ़ाई बजे, रात्रि का भोजन दस या ग्यारह बजे, वह भी अत्यन्त निम्न मात्रा में। फिर इन दो भोजनों के बीच, चाय के अनगिनत दौरे चलते रहते थे। नतीजा यह हुआ कि उनकी हमेशा पेट की शिकायत (Gastirc condition) रही। गायक का स्वास्थ्य ठीक न रहे तो कण्ठ स्वर पर उसका बुरा असर पड़ना और उससे मानसिक तनाव इत्यादि होना स्वाभाविक है। गुरुजी का स्वभाव कुछ हठी किस्म का रहा। इसकारण जीते जी उन्होंने अपने हितचिन्तकों के कहने पर भी कभी भी डॉक्टरी इलाज नहीं किया। केवल अपने हठ से ही अपने को स्वस्थ समझते रहे, दिन दूना रात चौगुना कार्य करते रहे। उनको रेलगाड़ी की यात्रा बहुत पसन्द थी। परीक्षक के नाते और रेडियो के ऑडिशन के चक्कर में उन्होंने हिन्दुस्तान का ऐसा कोई भी कोना बाकी नहीं रखा जहाँ रेलगाड़ी जाती हो और गुरुजी वहाँ नहीं गये हों। भरपूर सामान (luggage) के साथ प्रवास करने में आनन्द लेते थे। साथ में एक शिष्य अथवा कोई न कोई व्यक्ति जरूर रखते थे। कई लेख-लेखन एवं रागों में बन्दिशों की रचनाओं की स्फूर्ति का स्रोत रेल सफर ही रहा यह कहें, तो इसमें अतिशयोक्ति नहीं होगी। वख्त बेवख्त खाना, पीना, सोना इन सब बदपरहेजियों के कारण बदन में कमजोरी कायम रही। उसका परिणाम, सिखाते समय अथवा छोटी महफिलों में, आपस के लोगों में एवं शिष्यगणों में उस अभाव को नजर अंदाज किया जाता रहा और अण्णासाहब के बहुमूल्य गुणमान की ओर सभी का ध्यान केन्द्रित होता था और आकर्षक लगता था। परन्तु आम श्रोता एवं आधुनिक तकनीकी साधन (माइक, लाऊड स्पीकर इत्यादि) कंठ की मधुरता के साथ साथ दोषों को भी समान दृष्टि से स्वीकार कर फैलाता है, और वही उसका कार्य है। ऐसी स्थिति में आवाज में खर्राश बारबार आने से श्रोताओं के साथ कलाकार स्वयं बेचैन और अधीर हो जाता है और उसका परिणाम उसकी कला के स्तर पर पड़ना स्वाभाविक है। ठीक यही प्रकार गुरुजी के १९५० के बादवाले कार्यक्रमों में होने लगा, जिसके कारण इस शतक के उत्तरार्धवाले संगीत श्रोताओं को अण्णासाहब का उच्च कोटि का अलौकिक गायन, गुणज्ञान और मधुरता से भरा, सुनने का लाभ नहीं मिला। संगीतकला में उनकी आंतरिक दृष्टि का परिचय सही मानो में नहीं हो सका। खैर, इस दिशा में वह स्वयं निश्चिन्त थे। क्योंकि

गायनकला के वे उपासक थे। इसके द्वारा नाम, ख्याति और वैभव की अपेक्षा से वह सदा वंचित रहे। कार्यक्रमों के द्वारा जो भी धनलाभ होता था वह सर्वस्व रूप में भातखंडे कॉलेज लखनऊ को भेंट-अर्पण करते थे। केवल रेडियो एवं परीक्षक के नाते जो शुल्क मिलता था उसको वह स्वयं स्वीकार कर लिया करते थे, वह भी हम जैसे शिष्यगणों के आग्रह पर। वह निरंतर संगीत की सेवा में कर्मठ संन्यासी का जीवन व्यतीत करते रहे।

अण्णासाहब रियाजी गायक नहीं थे परन्तु गाते समय ऐसा महसूस होता था कि हर राग उनका गुलाम है, रागों के शुद्ध रूपों का रहस्य और उनका सौंदर्य इतनी सहजता से प्रस्तुत करते थे कि मानो सुननेवालों को राग हस्तगत हो जाता था। गुरुजी के साथ गायन में तानपूरे की साथ संगत से मुझे और अन्य शिष्यों को जो उनके निकट सम्पर्क में रहे बहुत कुछ सीखने को मिला। नाद सागर को पार करने की, शक्ति और युक्ति को गायनद्वारा ज्ञानानुभव कराने की प्रबल क्षमता उनमें थी। 'राग' केवल स्वरों के आरोही-अवरोहीकरण की उथलपुथल से नहीं परन्तु रागांग वाक्यों से एवं श्रुतिप्रमाण स्वरों के नियमित आन्दोलनों पर नियन्त्रण रखते हुए सही उच्चारण से उजागर होता है, इस रहस्य का ज्ञान सर्वप्रथम अण्णासाहब से ही हम सबको प्राप्त हुआ। मैंने अच्छे से अच्छे भूतपूर्व तथा आधुनिक काल के कलाकारों को सुना परन्तु उन सबमें ऊपर बताए राग के मूल सिद्धांतों का अभाव पाया। रियाज़ी होने के कारण प्रस्तुतिकरण में दम खम रहा किन्तु राग को अपने अस्तित्व की छाप निखर नहीं पाती थी। फिर बन्दिशों के सहारे अथवा तय्यार सट्टे की तानों के जरिये अल्पज्ञानी श्रोताओं की तालियों से प्रभावित होकर उस्ताद और पंडित का तखल्लुस जोड़कर भले ही नाम और शोहरत हासिल कर लें पर राग उनसे कोसों दूर है, ऐसा जान पड़ता था।

अण्णासाहब का स्वभाव उपरसे जितना तीखा लगता था उतना ही उनका हृदय अंदर से कोमल था। हर सत्यवादी, स्पष्टवादी व्यक्ति का बाह्य रूप उसी प्रकार का होता है यह एक अनुभवित सत्य है। ऐसे व्यक्तियों से पहली बार मुलाकात का कटु अनुभव होना भी स्वाभाविक है। परन्तु जैसे जैसे निकटतम सम्पर्क होता जाएगा वैसे वैसे उन व्यक्तियों कि दैवी गुणों के अनुभव भी आप कर पाएंगे। अण्णासाहब की गणना मैं उन व्यक्तियों में करना उचित समझता हूँ। बचपन से ही गुरुजी से मैं कुछ डरा डरा-सा रहता था। संगीत के संदर्भ में कुछ शंकाओं के प्रश्न उनके सम्मुख रखकर समाधान के दो शब्दों की अपेक्षा रखता रहा परन्तु साहस नहीं हुआ। १९६० से गुरुजी का दिल्ली कई बार आना हुआ और उनका निवास स्थान मेरा ही गरीबखाना रहा। उस समय मैं कुछ साहस जुटा पाया और उन्होंने मेरे हर प्रश्न के उत्तर बड़े ही प्रेमभाव से हल किए और प्रात्यक्षिक उदाहरण देते हुए मुझे समझाए। और उसके बाद १९७१ में मेरा बम्बई आना हुआ और डेढ़ दो वर्ष उनके निवासस्थान पर 'हिल व्यू, राघवजी रोड' उनके दर्शनार्थ मैं प्रात: जाया करता था। उस समय मेरे अनुभव में आया कि गुरुजी के स्वभाव में काफी अंतर आया है। उन्होंने तत्कालीन पार्श्व-आवरण से मुक्त होकर समय की वास्तविकता को समझकर स्वीकारा है। वह दिल खोलकर मुझसे समसमान की दृष्टि रखते हुए बहुत कुछ कहना चाह रहे हैं और यह रवैया कई दिनों तक रहा। बातचीत के दौरान मेरी कई सांगीतिक समस्याओं के संतोषजनक उत्तर मुझे मिले जिन्हें मैं आजन्म याद रख पाऊं तो यह मेरा सौभाग्य समझूंगा। केवल सांगीतिक विषय पर नहीं पर अध्यात्मिक विषयोंपर गुरुजी के चिंतन के अवशेष मुझे जाननेको मिले और उन विचारधाराओंका विस्मय होनेसे पूर्व मैं, अपनी बन्दिशों में उन विचारों को गठित करने की कोशिश कर पाया हूं। उसका एक उदाहरण इस भक्तिपरक रचना

का प्रयत्नमात्र है :-

सारा जग लूटा, साईं नाहीं लूटा।
हाथ लागा सब टोटा ही टोटा।।सारा.।।
साईं गुन जपमें, भरा है नफा नफा।
नाहीं लागे दौलत नाहीं होवे घाटा।।सारा.।।
चाहे साईं कहलो, चाहे ईसा कह लो।
चाहे श्याम कहलो जाए एक खाता।।सारा.।।
चाहे राम कहलो, रहीम चाहे कह लो।
चाहे जो भी कह लो पर एक नाता।।सारा.।।
देख्या 'दिनरंग', लहू रंग जीव एका।
वही रंग करता, वही रंग दाता।।सारा.।।

इस भक्तिपद की रचना की स्फूर्ति अथवा स्रोत मेरे और गुरुजी के बीच गपशप के बाद जो प्रेरणा मिली उसका फल है।

युगपुरुष अण्णासाहब के निधन के पश्चात् कुछ समय बाद मुझे राग 'जोग' गाने की मन में उत्कण्ठा पैदा हुई। परन्तु गुरुजी भी इस राग को कभी गाए नहीं थे और इसमें कोई बन्दिश भी मुझे याद नहीं थी। तालीम बगैर और गुरुजी के मुख से सुने बिना इस अछोप राग को गाना भी मैंने ठीक नहीं समझा। परन्तु मेरे मन की पुकार गुरुजी ने सुन ली। एक रात, मध्यरात्रि के दो बजे अण्णासाहब मेरे स्वप्न में आए और राग 'जोग' का सम्पूर्ण ज्ञान देकर लुप्त हुए। मेरी नींद टूटी और मैंने अपने को अत्यन्त आनन्दमय वातावरण में पाया। उस समय प्रात: चार बजे थे। मैंने तुरन्त तानपूरा उठाया और जो भी स्मरण था, रियाज करना आरम्भ किया। करीब एक घंटे तक आलाप करने के बाद जो पंक्तियां सूझीं (मानो कोई Prompt कर रहा हो) गाने लगा :-

"आए संत सुजान, देत विद्याको दान,
भनकत मेरे कान, सुपने में आन"

इस पंक्ति को स्थायी का रूप देकर एक घंटाभर गाकर, फिर मैं दुबारा सो गया। रात को रियाज के समय फिर एक बार इसी पंक्ति को गाया और तुरन्त अन्तरे के बोलों ने जन्म लिया :-

"कित बड़ भाग, जागे सबनके,
ज्यों प्रसाद पाए, 'दिनरंग' सुजनसों आज।"

और सचमुच गुरु प्रसाद समझकर मैंने जहां जहां भी यह राग और यह बन्दिश गाई वह महफिल कामयाब और यशस्वी रही। ऐसे महापुरुष हर समय स्वर्ग से उतरकर मेरे स्वप्न में आते रहें और मेरे अज्ञान को मार्गदर्शन देकर दूर करते रहें यह मेरी इच्छा ईश्वर से प्रकट कर, अण्णासाहब के प्रति यह मेरा आत्मचिन्तन समाप्त करता हूं।

—पं. दिनकर कायकिणी
—आचार्य रातंजनकरजी के चुनिंदा शिष्यों में एक।
श्रेष्ठ गायक, रचनाकार एवं गुरु।
संप्रति बंबई के 'संगीत तथा नर्तन शिक्षा पीठ' के मानद निदेशक।

समदर्शिता

स्व. अण्णासाहब से मेरी पहली मुलाकात इलाहाबाद रेड़ियो के उद्घाटन के तुरंत बाद ही हुई थी । मेरे रेडियो के ग्रेडेशन में 'अण्णासाहब' और पं. विनायकराव पटवर्धनजी ही थे । उन दिनों सामने बैठकर प्रदर्शन और ग्रेडेशन किया जाता था । इस मुलाकात के बाद बरसाहाबरस मैं लखनऊ आता रहा और हमेशा उनसे संपर्क बना रहा ।

दिल्ली के एक जलसे में उस्ताद फैयाजखां के साथ मुझे तबला-संगति का अवसर मिला था । उनके पीछे तानपूरे पर 'अण्णासाहब' थे । कार्यक्रम के अंत में खांसाहब ने तो मुझे तारीफ से नवाजा ही परंतु 'अण्णासाहब' ने मुझे प्रशंसा के जो दो शब्द कहे वे मेरे लिये बड़े प्रोत्साहन की बात थी क्योंकि वे जल्दी किसीकी तारीफ नहीं करते थे ।

'अण्णासाहब' एक बहुआयामी व्यक्तित्व के अनन्य संगीत-सेवी रहे हैं । एक रचनाकार, एक गायक, एक अनुशासनप्रिय प्रधानाचार्य, एक प्रबुद्ध एवं विचारवान लेखक, एक सहज और सहृदय शिक्षक के रूप में वे हम सबको हमेशा याद रहेंगे

— डॉ. लालजी श्रीवास्तव
डाइरेक्टर, प्रयाग संगीत समिति, इलाहाबाद

गान-कौशल, भाषाप्रेम तथा दार्शनिक-सा स्थिरमतित्व

मेरे व्यवसाय के कारण सन १९५७ के अप्रैल से १९६४ के अप्रैल तक मुझे लखनऊ रहने का सौभाग्य प्राप्त हुआ । हिंदुस्थानी संगीत का आकर्षण होने के कारण उस काल के अंतर्गत मैं भातखंडे संगीत विद्यापीठ से संगीत की शिक्षा ग्रहण कर रहा था । उसी समय सन १९५९ के दिसंबर माह में श्रद्धेय गुरुदेव पं. श्रीकृष्ण रातंजनकर ऊर्फ अण्णासाहब से परिचय हुआ । पंडितजी उस समय परीक्षक के रूप में खैरागढ़ से लखनऊ पधारे थे । परीक्षाएं समाप्त होने के पश्चात् रात को साढ़े आठ बजे से लेकर साढ़े बारह बजे तक भातखंडे संगीत विद्यापीठ की ओर से विद्यापीठ के संग्रह के लिए अण्णासाहब के रेकॉर्डिंग करने का कार्यक्रम निश्चित किया गया था, जिसके लिए मुझे तानपूरा बजाने की आज्ञा हुई थी । रेकॉर्डिंग के समय एक बंद कमरे में तानपूरे पर मैं और मेरे एक कक्ष-साथी तबले पर श्री रामकुमार शर्मा, रेकॉर्डिस्ट श्री बेनीमाधव त्रिपाठी और स्वयं गुरुदेव अण्णासाहब को मिलाकर पांच व्यक्ति उपस्थित थे । यह कार्यक्रम लगातार आठ दिन तक चलता रहा । अण्णासाहब हर रोज रेकॉर्डिंग के दस मिनट पूर्व उपस्थित रहते थे । कमरे में आने के बाद अण्णासाहब श्री त्रिपाठीजी से पूछते थे - "हां, कहिए, आज मुझे क्या गाना है?" श्री त्रिपाठी अण्णासाहब को सिर्फ उसी समय बताते थे कि उन्हें फलाने रागों की रेकॉर्डिंग करनी है । पूर्व सूचना के बगैर इस प्रकार रेकॉर्डिंग के लिए रोज आठ दिन तक गाना मेरे विचार से केवल अण्णासाहब की योग्यता के लिए ही संभव होगा ।

सन १९६५ के दिसंबर महीने के दरमियान सौभाग्यवश मुझे आदरणीय अण्णासाहब के साथ बंगलूर, मद्रास, नई दिल्ली, लखनऊ और खैरागढ़ जाने का शुभ अवसर प्राप्त हुआ। एक दिन बंगलूर में गुरुवर्य अण्णासाहब को कन्नड़ सीखने की इच्छा हुई। उन्होंने मुझे 'चंदामामा' का

एक कन्नड़ और एक मराठी अंक खरीद कर लाने के लिए कहा। बाद में उन्होंने कुछ ही घंटों में कन्नड़ लिपि को समझ लिया और तत्पश्चात् चंदामामा के दोनों अंकों के आधार पर केवल एक दिन में कन्नड़ भाषा सीख ली। बंगलूर से मद्रास की यात्रा के दौरान उन्होंने कन्नड़ भाषा में तीन कहानियों की किताबें पढ़ लीं।

सन १९७४ के अप्रैल महीने की बात है, जब गुरुवर्य अण्णासाहब डोंबिवली में मेरे निवास-स्थान पर चार दिन के लिए रहने आए थे। एक दिन शाम को किसी अन्य विषय पर बातचीत के दौरान एकदम-सा उन्होंने मुझे कुछ लिखने के लिए कहा। कुछ ही पलों में उन्होंने बिना गाए स्वरलिपि के रूप में झपताल की एक बंदिश लिखवाई और मुझे गाने को कहा। बंदिश गाने के बाद मैंने कुतूहल के नाते झिझकते हुए गुरुवर्य अण्णासाहब से पूछा कि यह कुछ तीव्र मध्यम की दुर्गा के समान दिखाई देता है। तब मुस्कुराते हुए उन्होंने कहा - "हां, ऐसा ही कुछ समझो और इसीलिए उसे 'हिमनंदिनी' या 'श्यामली' (हिमालय की पुत्री याने दुर्गा का दूसरा स्वरूप) कहना ठीक होगा। आश्चर्य की बात तो यह कि मेरे साथ किसी अन्य विषय पर बातचीत करते समय उनके मन में उसी समय नए राग और बंदिश की निर्मिति के विचार चल रहे थे। तो इस प्रकार श्रद्धेय अण्णासाहब 'चतुर पंडित' के 'चतुर शिष्य' ही कहने योग्य हैं।

अत: सन १९५९ से १९७४ तक (उनके अंतकाल तक) उनके सान्निध्य में रहकर उनके सांगीतिक और आध्यात्मिक विचार, कलात्मक दृष्टिकोण और रचनात्मक कार्य-कलापों को अंतरंग रूप से जानने और समझने का अवसर मुझे प्राप्त हुआ। सेवा तथा परिश्रम करते हुए यश की कामना से दूर रह कर सुख अथवा दु:ख दोनों में ही समभाव से रहना- उनके जीवन का एक ध्येय और आदर्श था, जिसका प्रमाण मुझे उनके सान्निध्य में रहकर प्राप्त हुआ।

बंदिश के माध्यम से वे अपने आपको कभी कभी उपदेशात्मक बातें कहते थे जिसका एक उदाहरण राग जैतकल्याण में उनकी एक रचना (लक्षण-गीत) द्वारा दिया जा सकता है। झपताल में इस बंदिश के बोल हैं - 'मनको निग्रहित जैते होवे कल्याण, पांचों किये शुद्ध 'स'- 'प' वाद संवाद।' सर्वसाधारण अर्थ से इस बंदिश द्वारा राग जैत कल्याण के लक्षण बताए गए हैं, जैसे कि मध्यम और निषाद वर्जित करके 'सारीगधसां' इस प्रकार के आरोह-अवरोह में जब षड्ज-पंचम वादी-संवादी होगा तब वह जैत कल्याण का स्वरूप धारण करेगा। परंतु सूक्ष्म आध्यात्मिक तत्त्वज्ञान की दृष्टि से अण्णासाहब ने इसमें मनुष्य के जीवन का सारांश बताया है। आध्यात्मिक दृष्टि से उनको कहना है कि मन को निग्रहित करने से कल्याण होगा, और पांचों इंद्रियों को शुद्ध करने से स्वरूप ('स') और परमेश्वर ('प') में संवाद होगा। उसी प्रकार पूरी संगीत-साधना का तत्त्व आपने स्वकृत राग सुरंजनी की एक बंदिश में निचोड़ दिया है, जिसके बोल हैं–

सुरन बीच सोहे प्रथम खरज,
रागन बीच भैरव राग प्रथम,
ध्रुपद सोहे सबहुं गीतन मों।
खरज साधे, साधे कंठ स्वर,
साधे भैरव, राग साधे सब,
गीत साधे, ध्रुपद साधनसों॥

ऐसे कर्मठ नि:स्वार्थ कला-योगी का चिंतनशील जीवन तथा उदात्त कर्तव्य एवं संकल्पों का समन्वय राग भैरवी में उनकी एक रचना द्वारा प्रतिबिंबित होता है जिसके शब्द इस प्रकार हैं -

बिन करतब कस जीवन तेरो,
नरतन अमोल पायो जगमों,
कुछ कर काज 'सुजन' उपजु गत।
शुद्ध चरित रखि निरमल तन मन,
कीजो दु:खित कष्ट निवारण
देश समाज बिबुध जन सेवा,
कर सारथक मनुख जीवन नित॥

– श्री वाय.एम. महाले, बंबई
भातखंडे कॉलेज के स्नातक,
आ. रातंजनकरजी के काफी निकट रहे।

अविस्मरणीय गान-कौशल और व्यक्तिविशिष्टता

संस्मरण-१

नवीन प्रयोग का एक उदाहरण प्रस्तुत है :- भातखंडे जयंती के पावन अवसर पर अण्णासाहब को एक जुगलबंदी कार्यक्रम का विचार आया। उनका आदेश हुआ कि स्व. सखावत हुसैन खांसाहब का सरोदवादन, उनके साथ, उनके पट्टशिष्य स्व. रसिकबिहारीलाल द्वारा हो तथा तबले की संगत स्व. पं. सखारामजी एवं उस्ताद मुन्नेखां साहब के पट्टशिष्य डी.पी. जौहरी द्वारा प्रस्तुत की जाए। मैंने १९६० में तबला-विशारद की उपाधि ग्रहण की ही थी कि अगले वर्ष यह कार्यक्रम निर्धारित हुआ। मेरी परीक्षा अण्णासाहब स्वयम् सुन चुके थे। अपनी युवा अवस्था में इस आदेश को सुनकर मैं नाड़ी-हीन हो गया। वे मुझे निर्जीव अवस्था में देखकर बोले, "वैज्ञानिक, क्या हुआ?" मैंने कहा "सर, मैं तो उस्ताद मुन्नेखाँ का शिष्य हूं, पंडित सखारामजी के साथ बैठना मेरे लिए उचित नहीं प्रतीत होता। अण्णासाहब ने तुरंत मेरी पीठ पर हाथ रखकर स्नेहपूर्वक कहा, "तुम तो वैज्ञानिक हो, तुम्हें संकोच क्यों है?" मैंने कहा, "संकोच का कारण पं. सखारामजी के साथ, तबला बजाने में है। मैं इतने प्रतिष्ठित गुरु के साथ बैठकर तबला बजाना उनका अपमान करना समझता हूं।" मुझे पुन: रोककर अण्णासाहब ने कहा, "गुरु का स्थान केवल गंडा बंधाने से ही नहीं होता, पंडितजी तुम्हारे गुरु के समान हैं। तुम इस महाविद्यालय के छात्र रहे हो, क्या हर्ज है? जाओ, आज्ञा लो और बजाओ।" उनका वह उत्साहवर्धक आदेश मुझे आजतक स्मरण है। कार्यक्रम के अंत में अण्णासाहब एवं उस्ताद सखावत हुसेनखां साहब तथा पं. सखारामजी ने स्नेहमय आशीर्वाद दिया। अण्णासाहब ने भी पुन: कहा- "हो न वैज्ञानिक!"

संस्मरण-२

अण्णासाहब के गायन में राग की आकृति एवं प्रकृति दोनों ही का समन्वय होता था। कभी-कभी वे बड़े मूड़ में आ जाते थे। भातखंडे जयंती के अवसर पर कार्यक्रम का समापन उन्हीं के द्वारा हुआ करता था। मुझे वे 'साइंटिस्ट' के नाम से संबोधित करते थे। मंच पर बैठकर पहले पहल वे श्रोताओं को देख लेते थे। उनको यह जानने में देर नहीं लगती थी कि श्रोताओं का क्या स्तर है। स्वर में मिली हुई तानपूरों की जोड़ी को वे फाइनल टच बड़े प्रेम से देते थे। संगीतकारों को स्नेहमयी मुस्कराहट से स्वागत करते हुए अपनी तर्जनी उंगली से संकेत देते थे अर्थात् जिसको संकेत किया उसका आशय उस व्यक्ति से होता था जो उनके साथ संगत करेगा। हम सब लोगों को उनके संकेत की प्रतीक्षा रहती थी जैसे कोई लाटरी निकलनेवाली हो। छात्रों में मैं ही भाग्यशाली था जिसे वे तबले पर बुलाते थे। रचना 'भवानी-दयानी' का गायन उनके द्वारा एक अनूठी छबि लिये रहता था। झपताल में निबद्ध यह रचना सभी को बड़ी प्रिय थी। मैं तबले पर था। गाते गाते झपताल के मध्य-लय में मैंने ताल की दसवीं मात्रा के अक्षर 'ना' पर बल दे दिया। अण्णासाहब एकदम 'अलर्ट' हो गए। मुझे देखा, मुस्करा दिए। बस फिर क्या था! प्रकार-प्रकार के अनागत के रूप प्रस्तुत कर दिए उन्होंने। थोड़ा-सा भी लयकारी का प्रदर्शन कर दीजिए और फिर देखिये उनके द्वारा उसका गायन में व्यवहार। इस प्रयोग-उपयोग का व्यवहार हम सब में रोमांचकारी प्रेरणा जाग्रत कर देता था। शिक्षक-गणों एवं विद्यार्थियों में इस उत्तेजन का बड़ा ही अनुकूल प्रभाव पड़ता था। दूसरे ही दिन से हम सबको गुण-ग्रहण एवं अभ्यास की लौ लग जाती थी। बड़े ख्याल की रचनाओं में अंतिम एक या दो मात्राओं में तैयारी से बोलों की तबले पर कुशलता एवम् कर्णप्रियता में व्यवहार करने पर सम दिखाने को वे अधिक सराहते थे, शब्दोच्चारण होता था "वाह! क्या बात!" अंतिम मात्राओं पर झपटके तान लेकर सम पर आना उनके द्वारा बड़ा प्रिय एवम् मनोभावन प्रतीत होता था।

एक बार बड़े ख्याल एक ताल में मैंने अंतिम मात्रा पर धीरे से 'तीन धा' लगाकर उन्हें संबोधित किया। अब तो रंग आ गया। मुस्कुराते हुये इस 'तीन धा' के, रचना के शब्दों द्वारा अनेक रूप, प्रस्तुत कर दिए उन्होंने। जब जब मुझे उनका आदेश संकेत द्वारा होता था मैं कोई न कोई क्रिया करके उनका आशीर्वाद अर्जित कर लेता था। श्रोताओं में से संकेत द्वारा मुझे छेड़खानी करने का अनुग्रह होता था। मैं भी समय की खोज में रहता कि कब अवसर मिले तो धीरे से स्वीच दबाऊँ। कभी कभी उनकी तानों के साथ लय-वजन के अनुरूप तबले पर बोल-समूह द्वारा कोई मोहरा लगाता था, तो उद्‌गार निकलते, "वाह! क्या बात है!" ऐसा उत्साहवर्धक प्रोत्साहन देना हर किसी व्यक्ति से अपेक्षित नहीं। आचार्यजी महाविद्यालय में रहते हुए अपना दायित्व भली प्रकार निभाते थे। उनके व्यक्तित्व में ऐसा आकर्षण था कि उनके सामने आते ही अनुशासन का बोध हो जाता था।

संस्मरण-३- 'बंदर प्रसंग'

अण्णासाहब ने किसी समय एक बंदर पाला था। सभी जानते हैं कि विश्वविख्यात वैज्ञानिक चार्लस् डारविन के अनुसार आज का मानव उसी वंशपरंपरा का सदस्य है। वर्तमान युग में बंदर का सहयोग कई विषयों में सिद्ध हो चुका है परंतु रामायण-काल के बंदरों के समान

वह अभी भी नहीं है। आपरेशन-कक्ष में सर्जन के साथ बंदर की भूमिका एक विशिष्ट महत्त्व रखती है। यही विचार संभवत: अण्णासाहब के भी मस्तिष्क में आया होगा। परिवार-सहित जीवनयापन करते ऐसे व्यक्ति को अकेलापन दूर करने का इससे अच्छा साधन क्या हो सकता है? राम के प्रति भक्तों में श्री हनुमान एवम् श्री सुग्रीव के स्मरण करने से जो भक्ति-भाव दर्शाया गया है, वर्तमान में उसकी छाया का एक उदाहरण अण्णासाहब के सहयोगी बंदर का भी है। मैंने जैसा प्रतीत किया वह एक रोमांचकारी दृश्य है, परंतु वास्तविकता इसके विपरीत है जिसका आभास एक परिवाररहित व्यक्ति को ही हो सकता है, अन्यको नहीं। बंदर की क्षमता का अनुमान सरकस से लग सकता है। अण्णासाहब भी इसी आधार पर बंदर की संगत किया करते थे। दोनों में एक समन्वय था। समय-समय पर एक दूसरे को मानसिक प्रसन्नता का सहयोग प्राप्त होता था।

अण्णासाहब अपने कक्ष में मेज पर बैठे बंदर को गाना सुना रहे थे। मैं बाहर से झांक रहा था। बंदर चुप बैठा था। कभी-कभी आंखें मूंद लेता था। अनायास अण्णासाहब ने गाना रोक दिया; बस बंदर तुरंत उनके समीप आकर एक हाथ में खुरचने लगा। उनकी तानों की दाद वह बंदर अपना मुँह ऊपर उठाकर गोलाकार क्रिया द्वारा दिया करता था तथा अपना आनंद प्रकट करता था, ऐसा था वह बंदर। अण्णासाहब उस बंदर को अपनी गोद में भी बिठाया करते थे। उसे कंधे पर बैठा कर प्रांगण में टहलते थे। प्रत्येक खाद्य पदार्थ जो अण्णासाहब खाते थे वे उसे खिलाते थे। जंजीरबंधा वह बंदर मानो उनका परम सहयोगी एवं मित्र हो। बंदर मेज पर बैठा कुछ खा रहा था, पास ही तखत पर अण्णासाहब तानपूरा लेकर गा रहे थे। गायन एवं तानपूरा दोनों रुक गए। बस बंदर उनके निकट आकर अपने हाथ से तार झनझना देता, संकेत था कि बजाइये और गाइये। ऐसा था वह बंदर।

— डॉ. देवेंद्र प्रताप जौहरी, लखनऊ
वाद्यविशारद, प्रवीण, एम.एस्सी., पीएच.डी. (कृषि)

राग एवं बंदिश-रचना का अनोखा करिश्मा

जब मैं संगीत का विद्यार्थी था तब मेरे गुरुजी ने अभोगी राग में एक मध्य लय की बंदिश सिखाई। बंदिश के अंतरे में 'देखी सुजन मन मोही गयो अत' पंक्ति गाई। बंदिश में स्वर, लय और भाव का त्रिवेणी संगम देखकर मुझे सदारंग और अदारंग की भांति प्रतिभासंपन्न 'सुजान' का आभास हुआ और प्रत्यक्ष रूप से मिलने की इच्छा हृदय में जागृत हुई।

बंबई में गुरुवर्य स्वामी श्रीवल्लभदासजी के सान्निध्य में और डॉ. के.जी. गिण्डे तथा श्री. भटसाहब के पास मेरी संगीत की शिक्षा चल रही थी। एक बार स्वामीजी रियाज कर रहे थे और उनके साथ एक और आवाज आ रही थी। मुझे ठीक से याद है कि राग झिंझोटी में 'मेरो मन सखी हर लीनो सांवरिया ने' यह बंदिश चल रही थी। मैं मंत्रमुग्ध होकर सुनता रहा। किंतु अंतरे की चाल इतनी टेढ़ी थी कि वह प्रयास के बावजूद मेरे दिमाग में बैठती नहीं थी। दोनों महानुभावों का रियाज पूर्ण होने पर मैंने प्रयाण किया। सामने बैठे हुए व्यक्तित्व की ओर संकेत करते हुए स्वामीजी ने बताया कि आप संगीताचार्य श्री. रातंजनकरजी 'सुजान'

हैं। बस, इतना कहना था कि मैं भावविभोर हो गया। भूतकाल से मेरे मानस पर एक इच्छा गूँज रही थी - 'सुजान'जी से मिलने की, वह पूरी हो गई। साथ ही उनका गायन भी सुनने का शुभावसर प्राप्त हुआ। बाहर से उनका व्यक्तित्व विशेष आकर्षक नहीं था, पर उनके आंतरिक व्यक्तित्व में जो संगीत था, वह हिमालय की भांति महान था। आवाज में पतलापन, लेकिन तीनों सप्तकों में आसानी के साथ फिरना, तान में वैविध्य, लयकारी की सरगम, यह सब उनके लिए सहज बात थी। उनके बनाए हुए ख्याल, ध्रुपद, ठुमरी, भजन वगैरह गीतों में भक्तिभाव उभर आता है। रागों को भिन्न-भिन्न रूप में देखना और उनकी रचना करना, उनकी विशेषता रही है। बंदिश गाते ही राग को पूर्ण रूप से प्रकट करना, उनके स्वरकरण की गरिमा है।

शीघ्र रचनाकार, मूर्धन्य संगीतज्ञ श्री रातंजनकरजी के समान आजतक मैंने किसीको नहीं देखा है। एक बार संगीत का कार्यक्रम चल रहा था, मैं पास में बैठा था। वे कुछ लिख रहे थे। देखते ही देखते उन्होंने तीन-चार पन्ने भर दिए। मैंने पूछा कि आप क्या लिख रहे हैं। उन्होंने बताया कि एक राग के बारे में सोचा और लिख दिया। लो पढ़ो। मैंने देखा कि मंच पर एक कलाकार प्रात:कालीन राग गा रहा था और अण्णासाहब किसी भिन्न राग का स्वर-विस्तार तथा गीत का स्वरकरण कर रहे थे। संगीत में उनकी पैंठ का यह करिश्मा था।

एक बार रातंजनकरजी गाना गा रहे थे। उसमें उन्हींकी बनाई बंदिश 'मैं गई जमुना नीर भरन सखी' इतनी भावुकता से वे गाए कि सचमुच 'सखी जमुना में नीर भरने गई हो'। का आभास हुआ। यह थी उनकी गायकी की मधुरता जो आज भी मेरे स्मरणपटल पर छाई हुई है।

साहित्य के साथ लालित्यपूर्ण बनाई बंदिश को स्वरकरण से अलंकृत करके संगीत-जगत् को प्रदान करनेवाले अण्णा को मैं श्रद्धापूर्वक कोटि कोटि वंदन करता हूं!

— स्वामी चैतन्यस्वरूप

वल्लभ संगीत विद्यालय के स्नातक तथा वहींपर एक अधिकारी

आदर्श शिक्षक - डॉ. एस.एन. रातंजनकर

मैं अपनेको सौभाग्यशालिनी समझती हूं कि मुझे गुरुदेव, डॉ. रातंजनकर के चरणों में बैठकर सीखने का अवसर मिला। मेरी यह इच्छा १९४७ में फलवती हुई जब मैं छात्रा के रूप में मैरिस कॉलेज, लखनऊ (भातखण्डे संगीत महाविद्यालय) में प्रविष्ट हुई। कुछ ही समय बाद गुरुदेव ने मुझसे पूछा कि क्या मैं संगीत की कक्षाओं में अध्यापन-कार्य करना चाहूंगी? मेरी अवस्था तब कुल १७ वर्ष की थी, मेरे पांव तले से धरती खिसक गई और मैंने धीरे से कहा, "मुझमें ज्ञान की कमी है, मैं इस जिम्मेदारी का निर्वाह न कर सकूंगी।" गुरुदेव ने हंसकर कहा - "तुम अपने ज्ञान का मापक कैसे हो गई, यह काम मुझपर छोड़ो, कल से तुम तृतीय वर्ष तक की कन्याओं की कक्षाएं लिया करोगी। न घबराओ और न संकोच करो; तुम इसके योग्य हो तभी मैं कह रहा हूं, अन्यथा न कहता।" और दूसरे दिन से मैं अध्ययन के साथ-साथ अध्यापन-कार्य भी करने लगी।

आज भी वे दिन मस्तिष्क में चलचित्र की भांति उभर आते हैं जब मैं चार वर्ष की थी और मेरे पूज्य पिता एवं मेरे प्रथम संगीत-शिक्षक गायनाचार्य पं. रामसम्भार शर्मा, राजगायक, बलरामपुर स्टेट, उ.प्र. मुझे राजा साहब के घर, विशेष कर रेडियो पर पूज्य अण्णासाहब का गायन सुनाने के लिए ले जाते थे, उन दिनों रेडियो एक संपत्तिशालियों का शौक था; यह सन १९३४ की बात है। पिताजी पू. अण्णासाहब के बडे प्रशंसक थे और उनके प्रति बड़ी गहरी निष्ठा रखते थे। बलरामपुर में आयोजित होनेवाले अखिल भारतीय संगीत सम्मेलनों में, भारत के सुविख्यात कलाकार आते थे और उनमें श्री रातंजनकरजी भी आमंत्रित होते थे। मेरे पिताजी कहते - "यह केवल संगीतज्ञ ही नहीं, इनमें आदर्श शिक्षक के सभी गुण विद्यमान हैं, देखो कैसा सच्चा स्वर लगाते हैं और कितना साफ-सुथरा गाना गाते हैं। मेरी हार्दिक इच्छा है कि तुम्हें इनसे सीखने का अवसर मिले।"

सन १९४० में मैं तृतीय वर्ष (मध्यमा) की परीक्षा देने लखनऊ आई। सर्वश्री अण्णासाहब, नातू साहब, राजाभैय्या पूछवाले आदि से गठित परीक्षा-समिति ने हमारी परीक्षा ली, उस समय तो अण्णासाहब कुछ नहीं बोले। लेकिन कुछ ही दिनों बाद जब उनका पत्र मेरे पिताजी के पास आया कि यह बच्ची बड़ी होनहार है, तो मेरे हर्ष की सीमा नहीं रही। १९४२ में मैंने 'संगीत विशारद' परीक्षा उत्तीर्ण की और फिर १९४५ से १९४७ में 'महादेवी कन्या पाठशाला' देहरादून में अध्यापन-कार्य करने के पश्चात् गुरुदेव से संगीत सीखने की इच्छा से लखनऊ आई। मैंने उक्त महाविद्यालय से दो वर्ष का अवकाश लिया था। लेकिन गुरुदेव के पितृवत् स्नेह ने ऐसा बांध दिया कि फिर लखनऊ छोड़ न सकी। वहां से बुलावे आते रहे और मुझे क्षमायाचना करनी पड़ती रही।

१९४८ की बात है, उन दिनों ऑल इंडिया रेड़ियो में शास्त्रीय गायन प्रस्तुत करनेवाली संभ्रांत परिवार की महिलाओं का अभाव था। अण्णासाहब का आल इंडिया रेड़ियो में बड़ा मान-सम्मान था। एक दिन हठात् पूछ बैठे, "तुम्हें रेडियो पर गाने में आपत्ति तो नहीं होगी। मेरी इच्छा है कि तुम इसका अनुभव प्राप्त करो।" इसी वर्ष के अंत में मुझे ऑल इंडिया रेडियो से कार्यक्रम देने का आमंत्रण मिला और मैंने अपना पहला कार्यक्रम १९४९ के जनवरी मास में प्रस्तुत किया, यदि बात इतनी ही होती तो उसे यहां लिखने की आवश्यकता नहीं थी, यह बात मैं केवल इसीलिए लिख रही हूं कि वे केवल संगीत की कक्षाओं में ही नहीं, कक्षा के बाहर भी मार्गदर्शन करनेके लिए सजग रहते थे। इस तथ्य के प्रमाणस्वरूप उनके एक पत्र को प्रस्तुत कर रही हूँ जो उन्होंने १६/१/१९४९ को मेरे कार्यक्रम को सुनने के पश्चात् मेरे पास प्रेषित किया था। जौनपुरी जैसे प्रचलित राग को भी उन्होंने किस सूक्ष्म आलोचनात्मक दृष्टि से सुना और किस प्रकार मेरा मार्गदर्शन किया यह तथ्य इस पत्र का प्राण है। पत्र की प्रतिलिपि नीचे प्रस्तुत है:-

श्री बागेश्री देवी,

आपका गाना आज सबेरे, जौनपुरी बड़ा छोटा ख्याल, मैंने सुना। जौनपुरी का बड़ा ख्याल आपने एक ताल में गाया जो झूमरा में है। खैर, उसमें कोई विशेष बाधा नहीं।

आपका गाने का ढंग अच्छा है। गले में कन् अच्छे हैं। गला काफी सुर में है।

जौनपुरी में निषाद तो आरोह में लगता है। पर " ध़ निसां " यह स्वर-विन्यास अधिक होनेपर जौनपुरी पर अड़ाने की छाया पड़ती है। गंधार भी बहुत हिलाया जाने पर अथवा उसको मध्यम का कन् अधिक देने पर भी कान्हड़े की छाया जौनपुरी पर पड़ती है। गंधार कभी कभी सीधा रखते हुए और बीच में 'ध सां' यह स्वरविन्यास रखने की आवश्यकता है। धैवत भी कभी कभी अवरोह में लेकर उसपर न्यास करते हुए पंचम पर आना चाहिए।

ये बातें ध्यान में रखनेयोग्य हैं। इति।

१६-१-४९ **श्री. ना. रातंजनकर**

पुनश्च : आप श्रुतिमंडल में प्रविष्ट हो जाइए। और कभी कभी गाया भी कीजिए उसमें। आपके गाने की जाति रागदारी गायन के लिए अच्छी है।

यह तो केवल एक घटना है। यदि मैं अपनी तथा अपने सहृदयों की भावनाओं एवं अनुभवों को शब्दों में व्यक्त करने बैठ जाऊं तो संभवत: एक ग्रंथ तैयार हो जाएगा। ऐसा शिक्षक मिलना दुर्लभ है जो केवल कुछ वर्षों ही न सिखाकर आजीवन शिक्षण देने की जिम्मेदारी को प्रसन्नतापूर्वक वहन करता रहे। साधना में व्यस्त, अपने अमूल्य क्षणों में से पत्र लिखने के लिए, तर्क-वितर्क द्वारा तथ्यों को समझाने के लिए, जीवन की समस्याओं को सुलझाने के लिए, समय निकालना उनके लिए कितना कठिन था यह हम सभी अनुभव करते थे; लेकिन गुरुदेव समय निकाल ही लेते थे। जब मैंने राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, नैनीताल में संगीत विभागाध्यक्ष के रूप में कार्य आरंभ किया तो गुरुदेव अवकाश प्राप्त कर मुंबई में निवास कर रहे थे। उन्होंने वहां से बधाई एवं आशीर्वाद का पत्र भेजा था जो मेरे लिए एक अमूल्य निधि है। गुरुदेव के हाथों से लिखे पत्र पाकर हृदय आनंद से विह्वल हो जाता था और नेत्र सजल हो आते थे। कितना कष्ट उठाकर गुरुदेव अपने शिष्यों को ये पत्र लिखते थे। जब कभी भी उन्होंने मुझे लिखा तो मेरे परिवार के विषय में अवश्य पूछा और सबको आशीर्वाद भेजा। पू. माताजी (गुरुदेव की धर्मपत्नी) आज भी अपने शिष्यों को वही स्नेह दे रही हैं।

श्रीमती बागेश्रीदेवी पांडे, लखनऊ
भातखंडे कॉलेज की स्नातकोत्तर स्तर तक की छात्रा।
संगीत की प्राध्यापक

संगीताश्रम और अण्णासाहब

बंदिश-रचना का करिश्मा

'पद्मभूषण' डॉ. रातंजनकर, हमारे 'अण्णासाहब'.....

नाटा-सा कद, पतला शरीर, सदैव अपनी धुन में खोए हुए, मितभाषी, सत्यवक्ता, ऐसे व्यक्तित्व के स्वामी यानी गागर में सागर-सा व्यक्तित्व।

अण्णासाहब के बारे में मैं बचपन से ही अपने गुरुजी 'स्वामी श्री वल्लभदासजी' से सुनता आया था। उन जैसे विशेष व्यक्ति से मिलने की बहुत ही उत्कंठा थी।

मेरे विचार से १९५३ में ऑल इंडिया रेडियो में उनकी मुलाकात पूज्य स्वामीजी से हुई थी। तब मैंने पहली बार अण्णासाहब को देखा। तत्पश्चात् उनका आना जाना हमारे संगीताश्रम में चलता रहा।

श्री भटसाहब तथा श्री गिंडेसाहब हमारे संगीतालय का कार्यभार संभालते थे। उनके कारण भी अण्णासाहब के, परिचय और संगत का मौका बार-बार मिलता था।

आफताबे मौसिकी, ज्ञानरत्न उस्ताद फय्याजखां साहब का शिष्यत्व स्वीकारने के बाद अण्णासाहब की प्रतिभा में चार चांद लग गए।

आगरा घराने की खूबियां जैसे कि आलाप, सुर का लगाव, बोलतान, बंदिश के शब्दों की भावना की सुंदरता की स्वर द्वारा अभिव्यक्ति तथा सम पर अलग-अलग तिहाइयों के साथ आना। ये सभी खूबियां उस्ताद फय्याजखां साहब से अण्णासाहब को प्राप्त हुईं।

मेरे गुरुजी पूज्य स्वामी श्री वल्लभदासजी उस्ताद फैय्याजखां साहब के प्रमुख शिष्य होने के नाते अण्णासाहब तथा स्वामीजी दोनों गुरुबंधुओं में अगाध स्नेह था। घंटों तक दोनों ज्ञान की चर्चा करते रहते थे।

जहां तक मुझे याद है, पूज्य स्वामीजी ने झिंझोटी राग में मध्य लय की बहुत सुंदर बंदिश तथा भैरव बहार की बंदिश जिसकी अण्णासाहब ने स्वयं रचना की थी, पूज्य स्वामीजी ने अण्णासाहब से सीखी थी। उसी प्रकार पूज्य स्वामीजी के शिष्य श्री रामराव नायक 'बेंगलोरवाले' ते दक्षिण भारतीय राग 'नागरंजिनी' में मध्य लय की चीज की एक बंदिश स्वयं बनाई थी, जिसका उठाव और सम बहुत ही प्रभावशाली था, वह चीज पूज्य स्वामीजी से अण्णासाहब ने सीखी थी और उसे वे बड़े प्रेम से गाते रहते थे। इस प्रकार दोनों गुरु बंधुओं को एक दूसरे के ज्ञान का आदान-प्रदान करते देखकर मेरा हृदय गद्‌गद हो उठता था।

अण्णासाहब की एक और अद्‌भुत खूबी थी कि वे किसी भी नए राग की प्रस्तुति या नई बंदिश को बगैर गुनगुनाए सीधे कागज पर लिख देते थे।

अण्णासाहब ने सैंकडों बंदिशें और कई नए रागों का आविष्कार किया था; इसीलिए वे बैजू बावरा की तरह गायक और नायक दोनों थे।

- स्वामी हरिप्रसाददास
मैनेजिंग ट्रस्टी, श्रीवल्लभ संगीताश्रम,
(सायन), बंबई

लोकसंगीत में पैठ

कितनी सौभाग्यशाली थी मैं कि मुझे वनस्थली में संगीत का श्रीगणेश करवाया श्रद्धेय एस.सी.आर. भट ने। उनसे बादमें कई बार मैं जोधपुर और बंबई में भी सीखती रही। अण्णासाहब के निधन का समाचार वनस्थली में फैला तो भटसाहब इतने उद्‌विग्न हुए कि कोई पुत्र भी अपने पिता के लिए नहीं हो सकता। गुरु का वृत्त मिलने पर ही वे स्वस्थ हो सके। संगीत-संस्थान, जयपुर

के प्राचार्यपद के लिए साक्षात्कार लेने आए अण्णासाहब। एक प्रार्थी थे श्री ब्रह्मानंद गोस्वामी। प्रश्न किया, "आप स्वामी, फिर भी आपके पुत्र-पुत्रियां?" उत्तर भी कम विदग्ध नहीं था, "मेरे गुरु का आदेश था, बेटा, प्रवृत्ति में निवृत्ति और निवृत्ति में प्रवृत्ति देखो।" आलोचना-प्रत्यालोचना के वितंडावाद में अण्णासाहब की रुचि नहीं थी। वे सुलझे हुए विचारों के निष्पक्ष व्यक्ति थे। एक बार कोई सज्जन विष्णु दिगंबर की कटु आलोचना करने लगे तो उन्हें यह कहकर टोकना पड़ा, "आप जानते नहीं कि संगीत-जगत् को उनका कितना योगदान है।"

१९६२ में जोधपुर विश्वविद्यालय की स्थापना हुई। संगीत विभाग को (जिसकी मैं अध्यक्ष थी) सही मार्गदर्शन मिले, इसलिए मैंने अण्णासाहब को पाठ्यक्रम समिति का बाह्य सदस्य मनोनीत करवाया। भटसाहब के आग्रह पर ही वे आए तथा फिर वर्षों आते रहे, और वह भी तब जब वे अकेले यात्रा नहीं करते थे। एम.ए. का पूरा पाठ्यक्रम उन्होंने ही बनाया जिसे हमने ही नहीं, राजस्थान के सब विश्वविद्यालयों ने अपनाया। पाठ्यक्रम की बैठकों के विवरण संयोजक होने के नाते मुझे ही लिखने होते, पर वह सब भी वे ही कर देते ताकि कोई अशुद्धि न रहे।

प्रारंभ में अण्णासाहब से मुझे श्रद्धासमन्वित भय-सा लगता था, यद्यपि मेरे पति डॉ. नागरमल सहल से उनकी खूब पटती थी और वे घंटों साहित्य-संगीत के विषय में चर्चा करते रहते। स्टाफ नोटेशन और पाश्चात्य संगीत के बारे में मुझे पढ़ाना था। अच्छी पुस्तक अनुपलब्ध होनेके कारण हिम्मत करके अण्णासाहब से ही मैंने निवेदन किया। आधे घंटे में ही वह सब मुझे हस्तामलकवत् हो गया। वह मेरे जीवन की थाती है। बंबई में बच्चों के साथ उनसे मिलने गई तो वे बड़े प्रसन्न हुए तथा बाहर आकर देखते रहे कि हम निर्विघ्न 'मुरारका हाउस' पहुंच जाएं। ऐसा था उनका स्नेह। मेरी छोटी लड़की ज्योत्स्ना उनसे बहुत हिल गई थी और निर्भय उनके पास पहुंच जाती थी। अण्णासाहब ने उसका नाम रख दिया था 'बातुन'।

जोधपुर में एक बार वे भटसाहब को रात के दस बजे हमीर का टप्पा सिखाने लगे, 'जाग रहे सगरी रतियां।' अंतरे की अंतिम पंक्ति तारसप्तक के पंचम से शुरू हो रही थी। जब तक भट साहब के गले से वह सोलह आने ठीक नहीं निकली तबतक दोनों गाते रहे। अण्णासाहब रात को देर तक पढ़ते रहे थे। एक बार मैंने उनको बाइबल पढ़ते देखा।

लोक-संगीत वे बड़े चाव से सुनते गौरीबाई और लंगाओं आदि से। एक-से स्वर होते हुए भी लोक-संगीत और रागदारी संगीत में क्या भेद-साम्य है, यह सब वे मुझे समझाते रहते। मैंने पूछा-"एक ही राग में अनेक भावों का समाहार कैसे हो सकता है?" उनका उत्तर था, "विभिन्न स्वर-संगतियों का विभिन्न स्थानों, विभिन्न प्रकारों, न्यास-स्थानों तथा विभिन्न लय-प्रयोगों से।" उन्होंने बताया कि एक ही राग की कई बंदिशें क्यों तैयार करनी चाहिए? स्वरोच्चारों तथा विभिन्न स्वर-संगतियों का महत्त्व तभी बोधगम्य होता है। अण्णासाहब की बंदिशों में मैंने स्वयं देखा कि एक ही राग की सब बंदिशों के चेहरे अलग दीखते हैं। कायकिणीजी की पुस्तक 'दिनरंग' में यही प्रतिफलित हुआ है। अण्णासाहब ने मुझे सांगीतिक नई दृष्टि दी। वस्तुतः वे मेरे परम गुरु थे।

–श्रीमती शांति सहल

भूतपूर्व अध्यक्षा, संगीत विभाग, जोधपुर विश्वविद्यालय, जोधपुर

षष्ठिपूर्ति : सुजान संगीत समारोह में पं. कुमार गंधर्व का गायन, तबले पर श्री. वसंतराव आचरेकर, संवादिनी : गोविंदराव पटवर्धन, तानपूरा : पंढरीनाथ कोल्हापुरे, वसंधरा पंडित (कोमकली)

सुजान गौरव समारोह के समापन में पं. रातंजनकर का गायन : साथसंगत (बाएं से), ऐतवड़ेकर (तबला) चिदानंद नगरकर, के. जी. गिंडे (तानपूरा)

'षष्ठिपूर्ति : सुजान संगीत समारोह' में सहभागी कलाकारों के साथ
(नीचे) दिनकर कायकिणी, प्रभाकर चिंचोरे,.... दंताळे, एस्सीआर भट, ऐतवडेकर

From Left to Right :

Sitting : Shri. Tarun Kant Chowdhary, Shri Har Dayal Malhotra, Prin. Shri. S.N. Ratanjankar Shri. K.K. Kapoor, Shri. Rajendra Misra.

Standing: Km. Dilraj Kaur, Km. Jhunu Day, Km. Purnima Bhattacharya, Km. Indu Kela, Km. Madhu Bhatnagar, Km. Shipra Sinha, Smt Kamala Srivastava.



बिदाई !... पर जुदाई नहीं !! भातखंडे विद्यापीठ से पुनश्च बंबई : १२ फरवरी १९७०

बम्बई आकाशवाणी (१९५५) 'शिवमंगलम्' संस्कृत श्रुतिका : प्रस्तुतकर्ता पं. रातंजनकर
कलाकार : (बाएं से) वी. जी. जोग, कुमुद मोघे, पं. रातंजनकर, वी. डी. अंभईकर, वामनराव सडोलीकर, लक्ष्मी शंकर, हाफिज अहमद, पणशीकर

हैदराबाद शासकीय संगीत महाविद्यालय
अध्यापक गण तथा कार्यालय के अन्य सदस्यों के साथ पं. रातंजनकर, सी. पी. गोडसे,
जी.एन. दंताळे, सां. कार्यकारी संचालक तथा उस्ताद शेख दाऊदखां

ग्वालियर के संगीतानुरागी रायबहादुर लक्ष्मण भास्कर मुळे तथा
उनके परम स्नेही भैय्यासाहब के समवेत।



माधव संगीत महाविद्यालय के प्रांगण में ग्वालियर घराने के पुराणपुरुष कृष्णराव शंकर पंडित के समवेत अण्णासाहब। साथ में पं. राजाभैय्या पूछवाले तथा उनके शिष्य श्री सदाशिव अग्निहोत्री।

संगीताचार्य की शौकिया फोटोग्राफी

संगीत विश्वकोश 'संगीत महाभारती'
के संपादक मंडल की बैठक १९६५
आचार्य रातंजनकरजी के बंबई स्थित
निवास में आचार्यजी के साथ
(कुर्सी पर बाएं से)
प्रो. ऐण्टशेर लोबो, प्रो. आर. सी. मेहता
(नीचे) पं. निखिल घोष तथा अन्य सदस्य

।। अभिनंदन-पत्र ।।

।। सुस्वराः सन्तु सर्वेऽपि ।।

सेवा में,

लोकवंद्य पद्मभूषण डॉ. श्रीकृष्ण नारायण रातंजनकर !

परम पूज्य आचार्य प्रवर,

हम लोगों के लिए आज यह बड़ा ही शुभ दिवस है क्योंकि सहसा आपका यहाँ आगमन हुआ। यों तो आप इन्दिरा कला संगीत विश्वविद्यालय के प्रथम उपकुलपति होने के कारण हमारे ही नहीं समस्त संगीत प्रेमीजनों के लिये भक्ति श्रद्धा और स्नेह के पात्र हैं तथापि, आपके विशेष सान्निध्य और सम्पर्क से हमारे समान आपके जिस छात्र वर्ग को विशेष लाभ हुआ है उनके लिए आपका यह शुभागमन सचमुच एक अपूर्व उल्लासपूर्ण उत्सव का दिन ही हो गया है। आपके दर्शन मात्र से हम लोग वास्तव में कृतार्थ हो गये हैं।

श्रीमान् संगीत कला महोदधि,

आपके द्वारा संगीत विद्या के प्रति हम लोगों के हृदय में जो प्रेरणा उत्पन्न हुई है उसीसे आपको कुछ समय के लिये ही अपने बीच पाकर हम सभी यह अनुभव कर रहे हैं कि इस क्षणिक मिलन के द्वारा भी हम लोगों में यह प्रेरणा सच्ची अन्तःस्फूर्ती के रूप में परिणत हो गई है। यह कौन नहीं जानता कि संगीत शास्त्र के लिये आप अक्षय गौरव के स्तंभ हैं। आपकी ज्ञानगरिमा तथा कला-कुशलता के कारण ही आपको भारतीय शासन ने भी 'पद्मभूषण' की उपाधि देकर आपको ही नहीं भारत को गौरवान्वित किया है। आपने आजीवन संगीत की साधना को ही अपना जीवनव्रत मानकर इसीकी श्रीवृद्धि के लिए सदैव प्रयत्न किया। यह कहने की आवश्यकता नहीं कि वर्तमान युग में प्राचीन संगीत शास्त्र के पुनरुद्धार के साथ नवीन संगीत कला के निर्माण में आपके इन प्रयत्नों से अखिल भारतवर्ष को नवीन दृष्टि प्राप्त हुई है। हम लोग, जो आपसे सदैव प्रेरणा पाते रहे हैं इस अवसर पर आपको इस अभिनन्दन-पत्र के रूप में अपनी सच्ची भक्ति, श्रद्धा और स्नेह की अंजलि अर्पित कर रहे हैं। जो स्वयं गौरव का स्तंभ है, जो स्वयं लोक वंदनीय है, उसको किसी प्रकार से अभिनन्दन-पत्र वा मान-पत्र देकर हम लोग उसकी सच्ची महिमा को प्रकट नहीं कर सकते। परन्तु, हमें विश्वास है कि हम सब लोगों का यह हृदय के सच्चे भावों से युक्त अभिनन्दन श्रीमान् आचार्य प्रवर के द्वारा सच्ची भक्ति का प्रतीक समझा जाकर सस्नेह स्वीकार करने योग्य होगा।

अन्त में, हम लोग आपकी सादर और सभक्ति वन्दना कर, भगवान से यही प्रार्थना करते हैं कि आप चिरायु होकर भारतीय संगीत कला की सदैव गौरव वृद्धि करते रहें। अन्तःकरण से हम सब लोगों की यही शुभ-कामना है।

खैरागढ़
दिनांक २४ अप्रैल १९६४.

आपके स्नेहभाजन,
इन्दिरा कला संगीत विश्वविद्यालय के
समस्त छात्र वर्ग, अध्यापक तथा कर्मचारीगण

सादगी की प्रतिमूर्ति

बात जुलाई १९५५ के आरंभ के दिनों की है। महाविद्यालय की गेट पर एक तांगा रुका, एक विदेशी सूट-बूट में सजा युवक उतरा; अमेरिका से आया था वह। गेट के भीतर झाका। किसीको एक बनियन-जांघिये में काम करते देखा तो रौब से पूछा, "प्रिंसिपलसाहब हैं? कब मिलेंगे?" दयनीय-से दिखनेवाले बगीचे में काम कर रहे व्यक्ति ने उत्तर दिया, "शाम को आना.... इस कमरे में मिलेंगे.... प्रिंसिपल साहब" और फिर बागबानी में लग गया वह पूर्ववत्।

शाम को जब वह विदेशी उस कमरे में पहुंचा तो देखा... अरे!! यह तो वही सुबहवाला व्यक्ति है.... प्रिंसिपल... डॉ. श्रीकृष्ण नारायण रातंजनकर... इतने... नम्र और इतने आड़ंबररहित थे हमारे सबके प्रिय अण्णासाहब! उस विदेशी युवक (जो कि महाविद्यालय में प्रवेश लेने आया था) की तो लज्जा और संकोच से बोलती ही बंद हो गई थी। परंतु प्रिंसिपलसाहब थे निर्विकार। रातंजनकर जी अत्यंत सरल और सादगी से रहते थे। संग्रह के नाम पर पुस्तकें ही उनकी साथी-संगी थीं। महाविद्यालय के एक छोटे-से कमरे में उन्होंने जीवन के ३०-३२ वर्ष बिना किसी आड़ंबर के गुजारे। संगीत-सेवा में समर्पित ऐसा दूसरा उदाहरण नहीं मिलेगा। त्याग की वे प्रतिमूर्ति थे। महाविद्यालय की व्यवस्था शिक्षकों की सहायता और आयोजनों के समय उपस्थित आर्थिक संकट के समय अनेक बार उन्होंने अपनी स्व-अर्जित संपत्ति और पुस्तकों से आई धन-राशि महाविद्यालय के लिए नि:संकोच खर्च कर दी। उनकी-सी वैरागी वृत्ति आज तो कहीं देखने को नहीं मिलती। यह उनकी तपस्या, त्याग और अथक परिश्रम का ही फल है कि भातखण्डे संगीत महाविद्यालय लखनऊ की शिक्षा-दीक्षा की प्रशस्ति चारों दिशाओं में फैली और यहां के प्रशिक्षित लोग देश भर में संगीत-शिक्षा के प्रसार में लगे। मैं उन दिनों महाविद्यालय में दो विषयों का विद्यार्थी था - गायन एवं तबला। प्रिंसिपलसाहब महाविद्यालय की प्रत्येक कक्षा और विद्यार्थियों पर नजर रखते थे। किस क्लास में क्या सिखाया जा रहा है। कौन विद्यार्थी क्या कठिनाई महसूस कर रहा है। सब उन्हें पता रहता था। तीन वर्षों तक तो उन्होंने मुझे व्यक्तिगत रूप से प्रोत्साहित किया परंतु मध्यमा परीक्षा के समय वे मुझसे बोले, अब बस.... दो घोडों की सवारी नहीं चलेगी... एक विषय रखो, तबला सीखो, उसीमें खूब मेहनत करो। उनका वह निर्देश मेरे लिए आशीर्वाद बन गया। आज उन्हींके बताए मार्ग पर चलकर मैं इसी महाविद्यालय में शिक्षक हुआ।

–सुधीरकुमार वर्मा, लखनऊ

तबलावादक, उ. थिरकवा के शागिर्द, भातखण्डे कॉलेज के अध्यापक

सहृदय रोबीला व्यक्तित्व

डॉ. रातंजनकरजी से मेरा निकट का गुरुशिष्य-संबंध वर्ष १९५६ तक रहा। उसके बाद वे उपकुलपति, खैरागढ़ विश्वविद्यालय का कार्यभार ग्रहण कर यहां से गए।

शासनद्वारा इस संस्था का अधिग्रहण होने पर प्रो. जी.एन. नातू के अवकाश-प्राप्ति के पश्चात् वर्ष १९६६ में वे पुन: बुलाए गए और वर्ष १९७० तक मैं पुन: उनके निकट बना रहा। इस लम्बी अवधि की कई घटनाएं एवं संस्मरण आज भी मेरे सामने उजागर होकर दुहर जाते हैं।

मेरे सम्मुख उनके व्यक्तित्व की जो तस्वीर उतरती है, वह है - छोटा कद, तना हुआ शरीर, हाथ में छोटा डंडा विद्यार्थियों को अनुशासित करने के लिए, आवाज में कड़क, परंतु गाते समय आवाज में मधुरता, मंच पर वीर आसन की बैठक, एक उच्च कोटि के गायक एवं वाग्गेयकार की प्रतिमूर्ति, कुल मिलाकर एक अनूठा रोबीला व्यक्तित्व। समय एवं नियमों के पाबंद छात्र-छात्राओं पर कड़ी नजर, महाविद्यालय के शिक्षण-कार्य पर विशेष ध्यान, सभी के सुख-दुख में सम्मिलित, सदैव महाविद्यालय की प्रगति तथा उन्नति की कामना रखनेवाला व्यक्तित्व जो कदापि भुलाया नहीं जा सकता।

उनकी सहृदयता का एक नमूना :- उन्हें पशु-पक्षियों से विशेष लगाव था। पंक्षियों को बंद पिंजरों में देखना उन्हें असह्य लगता था। प्रत्येक रविवार को पशु-पक्षियों की बजार नक्खास, चौक के समीप जाकर पशुपक्षियों को खरीद कर वे हार्डिंग ब्रिज, जो पक्का पुल कहलाता, वहां जाकर उस पुल से एक एक पक्षी को पिंजड़े से आजाद करते हुए आनंदित होते थे, कैसा सुंदर विचार, कैसा स्नेही मन! वे सहृदयता की प्रतिमूर्ति थे।

डॉ. रातंजनकरजी महाविद्यालय के लिए तन मन धन से सेवा करने में तत्पर रहते थे। वे अपने लेखन-कार्य एवं कार्यक्रमों से अर्जित धनराशि को भी महाविद्यालय के कठिन आर्थिक क्षणों में दिया करते थे। उस समय शिक्षकों को वेतन मिल जाए और महाविद्यालय का शिक्षण-कार्य अवरुद्ध न हो इसलिए निजी संपत्ति को उत्सर्ग करने की उनकी मिसाल अकेली है।

–कृष्णकुमार कपूर
असिस्टंट प्रोफेसर (वोकल)
भातखंडे म्यूजिक कालेज, लखनऊ

ऐसे कठोर, ऐसे कोमल!

स्व. पंडित रातंजनकरजी उर्फ आप्त स्वकीयों, निकटवर्तियों के 'अण्णासाहेब' के सम्बन्ध में सोचते ही उनकी छोटी-सी किन्तु रुआबदार मूर्ति आंखों के सामने खड़ी हो जाती है। अण्णासाहब का व्यक्तित्व मुझे तो कटहल जैसा लगता था। बाहर से कांटों से युक्त, लेकिन अन्दर से बहुत ही मिठास से भरा हुआ। उनकी बातचीत का ढंग बाहर से बिल्कुल अलग प्रतीत होता था, जिससे उनके सामने जाने से भी डर लगता था, बात करना दूर ही रहा। परंतु उनके सान्निध्य में रहने के बाद उनके मृदु स्वभाव का अंदाज आता था।

मैंने पहली बार उन्हें १९४१ में लखनौ के म्युझिक कॉलेज में देखा था और वह भी मेरे परीक्षक के रूप में। मैं उस समय 'इंटरमीजिएट इन म्युजिक' की परीक्षा देने वहां गई थी। उनके साथ और अन्य परीक्षक थे स्व. पं. राजाभैय्या पूछवाले तथा इन लोगों के साथ श्री वाड़ीलालजी तथा श्री बसू भी वहां बैठे थे। एक बड़े-से हॉल में श्रोताओं तथा छात्र-छात्राओं की भीड़ और उसपर पूज्य अण्णासाहब को देखा, बस हो गई परीक्षा! कारण कि उनके बारेमें लोग जो तरह-तरह की बातें करते थे उससे पहले से ही मैं नर्व्हस थी, उसपर परीक्षा दो घंटे तक चलती रही। पता नहीं मैं कैसे गा गई; पर बाहर आते ही मैंने रो दिया केवल डर के मारे। परीक्षा-फल में मेरा नंबर ऊंचा देखकर मुझे कुछ क्षणों तक विश्वास ही नहीं हो रहा था।

मेरे पति स्व. राजाभाऊ पोहनकर सन १९४० से लखनऊ के मैरिस म्युझिक कालेज के विद्यार्थी रहे। वे पं. एस.सी. आर. भटजी की क्लास में पढ़ते थे। कॉलेज में रहने से अण्णासाहब के सम्पर्क में बहुत आए। उन्हींसे मैं अण्णासाहब के बारे में बहुत-सी दिलचस्प तथा प्रशंसाभरी बातें सुनती थी। वे मुझे हमेशा समझाते थे कि अण्णासाहब वैसे नहीं हैं, जैसे कि तुम लोग सोचते हो। वे अत्यंत सहृदय तथा नरम मिजाज के हैं। अण्णासाहब जब पहली बार हमारे घर पर ठहरे तब उनके अन्तरंग का परिचय हुआ। वे जब भी जबलपुर आते थे हमारे ही साथ रहें यह हम लोगों का आग्रह था। उनके सान्निध्य में रहकर उनके स्वभाव के बहुत-से पहलू मालूम हुए। उनकी विनोदबुद्धि का अनुभव करने के कई अवसर मुझे प्राप्त हुए। उनकी विद्वत्ता के बारे में तो मैं क्या बताऊं। छोटे मुंह बड़ी बात होगी। उनसे ध्रुपद-धमार गायकी तथा कुछ थोड़े-से राग सीखने का सौभाग्य मैंने पाया है। ज्ञान का अथाह सागर थे अण्णासाहब और उनकी विशेषता यह थी कि सीखते समय छात्र के कितनी भी गल्तियां करने पर भी नाराज नहीं होते थे, यह मेरा निजी अनुभव है। विद्यादान करने में भी उदार थे वे। मेरे पुत्र अजय पोहनकर को उसके बचपन में ताल पंचानन में तिलक कामोद की सिखाई हुई उनकी एक बंदिश अभी तक मुझे याद है।

कभी कोई घटनाएं ऐसी हुई हैं कि उनके स्वभाव की गहराई को समझना हम लोगों के लिए मुश्किल था। मैं 'संगीत-निपुण' की परीक्षा देने लखनऊ गई थी। मेरे पति साथ थे। वे सहज ही वहां अण्णासाहब से मिलने गए तो उनके व्यवहार से उन्हें बहुत दुख हुआ। वापस लौटने पर बोले, "तुम्हारे कारण आज अण्णासाहब ने मुझसे बात नहीं की, मेरी ओर दुबारा देखातक नहीं।" अर्थात् मेरी परीक्षा होने के बाद फिर उनका व्यवहार पहले जैसा ही रहा तब हमारे साहबजादे का उनके प्रति प्रेम, आदर उमड़ आया।

एक अन्य घटना १९५२ की है, हम दोनों ने रेडिओ ऑडिशन नागपुर आकाशवाणी से दिया और अन्य लोगों के साथ ऑड़िशन लेनेवालों में अण्णासाहब थे। उस जमाने में ऑड़िशन पास होना वह भी अण्णासाहब के हाथों दुष्कर लगता था। वह ऑडिशन क्या, अच्छी खासी परीक्षा ही होती थी। मैं तो पास हो गई लेकिन मेरे पति फेल हुए। उन्हें दूसरे भी रागों में बड़ा ख्याल पूछा तो उन्होंने नहीं गाया। अण्णासाहब तपाक से बोले, "नहीं आता तो ऑडिशन में क्यूं बैठे हो।" वे बोले, "ठीक है, अगले साल दूंगा ऑडिशन" और तानपूरा रखकर चले आए बाहर। देखने में यह घटना बहुत ही छोटी लगती है लेकिन इन दोनों घटनाओं से उनके नि:स्वार्थ, स्वभाव का दर्शन होता है। चाहे अपने हों या पराए, उन्होंने किसीसे पक्षपात नहीं किया था, किसीका नुकसान भी नहीं किया।

इसी प्रकार की एक और घटना याद आती है। सन १९५५ में पी.एस. सी. (पब्लिक सर्व्हिस कमिशन) के संगीत-व्याख्याता पद का इंटरव्ह्यू था जो लगातार आठ दिन तक चल रहा था। मैं भी उसमें एक कैंडिडेट थी। आमंत्रित रसिकों के सामने १॥-२ घंटे गाना तथा सवालों के जवाब देना और वह भी अण्णासाहब से - बापरे! किसीको इंटरव्ह्यू में कहा जा रहा था, "संगीत के व्याख्याता बनने जा रहै हैं आप और तानपूरे में मध्यम का पंचम नहीं करते बन रहा, क्या शिक्षा देंगे आप कॉलेज के विद्यार्थियों को..." और रागों के बारे में भी बहुत कुछ सवाल सुने और मुझे तो पसीना छूटने लगा। भले ही लोग उनकी अनुपस्थिति में कुछ भी

कहें, उनके सामने जवाब देने की अच्छे-अच्छों की हिम्मत नहीं होती थी। एक संगीत महाविद्यालय के प्राचार्य थे उन्हें भी उनके पद की गरिमा रखने की याद स्पष्ट शब्दों में उन्होंने दी थी। योग्यायोग्यता का ख्याल बहुत रखते थे। हम लोगों के लिए तो वे आदरणीय श्रद्धास्थान थे और मन में उनके प्रति आदरयुक्त डर था।

डॉ. रातंजनकरजी का स्वभाव मजा किया भी खूब था। उनकी सेहत मेरे देखने में तो कभी स्वस्थ, तन्दुरुस्त नहीं थी। उनका आहार भी अति अल्प था। जब वे हमारे यहां रहते थे, लगता था उन्हें कुछ-कुछ बनाकर खिलाएं। उस समय वे हंसकर कहते, "भई मेरा शरीर तो देखिए, क्या मैं हाथी हूं जो इतना खाऊं?" और उसके बाद वे कई मजेदार किस्से सुनाते थे।

अण्णासाहब की महफिल सुनने का सौभाग्य तो मुझे नहीं मिला किन्तु पोहनकरजी से अक्सर वर्णन सुनती थी अलग-अलग महफिलों का। होली की महफिल का वर्णन करते समय तो पोहनकरजी मन ही मन लखनऊ पहुंच जाते थे। स्व. पं. वसंतराव देशपांडेजी जो हमारे घर आते रहते थे, के मुंह से मैंने अण्णासाहब की प्रशंसा सुनी है। वे बोलते थे, "तुम्हें पता नहीं होगा शायद, अण्णासाहब बहुत सुरीले गाते थे, मैंने बम्बई में उनका बहुत अच्छा गाना कई बार सुना है।" वसंतराव को किसी के गाने की तारीफ करते हुए मैंने बहुत कम सुना था, अत: यह बात सुनकर मेरा हृदय उनके प्रति आदर से भर आता था।

मैंने पीएच.डी. के लिए जो शोध-प्रबन्ध लिखा था वह है 'छत्तीसगढ़के लोकगीत'। अण्णासाहब छत्तीसगढ़ के ही खैरागढ़ गांव में 'इन्दिरा कला संगीत विश्वविद्यालय' के उपकुलपति ३-४ वर्ष रह चुके थे तब उनका वहां के लोकसंगीत का अध्ययन बहुत विस्तृत था मेरी जानकारी में। मैंने वहां के लोकगीतों का विस्तारपूर्वक नोटेशन किया था, गीतों के साथ प्रयुक्त होनेवाले वाद्यों पर बजने वाली धुनों का भी। और मुझे गर्व है कि वह काम अण्णासाहब ने बहुत सराहा था।

डॉ. सुशीला पोहनकर, बंबई
खैरागढ़ से पीएच.डी.,
जबलपुर विश्वविद्यालय संगीत विभाग अध्यक्ष (भूतपूर्व),
रचनाकार और गुरु।

ऐसे इंद्रधनुषी अनुभव और संस्मरण

गुरु से केवल तालीम प्राप्त करना पर्याप्त नहीं है। वस्तुत: उनके सान्निध्य में रहकर अनेक छोटी-मोटी बातें सीखनेको मिलती हैं। इस बात की प्रतीति तो श्री भटसाहब, श्री गिंडेसाहब, श्री नगरकरसाहब के संपर्क में रहकर हो ही गई थी; किंतु अण्णासाहब के सान्निध्य में जो अनुभव प्राप्त हुए उन्हें कभी भुलाया नहीं जा सकता।

(१) एक बार अनेक कलाकारों की एक महफिल में, जहां अण्णासाहब भी उपस्थित थे, एक गायिका ने शामकल्याण गाया था। उन दिनों हमारा भी शामकल्याण चल रहा था।

अवकाश-काल में अण्णासाहब अपने गवालिया टैंक के पास के निवास-स्थान पर हमें पढ़ाते थे। पढ़ाते समय उन्हें उस महफिल का स्मरण हुआ। उन्होंने हमसे पूछा - "क्या परसों का शामकल्याण सुना?" हमारे 'हां' कहनेपर उन्होंने पूछा–"उसमें कौन-सी विशेषता तुम्हें नजर आई?" हममें से कोई भी उत्तर नहीं दे सका। तिसपर उन्होंने कहा - "तो फिर तुम लोग आखिर सुनते क्या हो? हमेशा कानों को खुला रखकर सुनना चाहिए। वह महिला अवरोह में तीव्र मध्यम लगाती थी; यह बात तुम्हारे ध्यान में कैसे नहीं आई? आगे चलकर सावधानी के साथ सुना करो।" हमें बहुत अच्छी सीख मिल गई और आगे चलकर हम श्रवण में चिकित्सक बुद्धि का उपयोग करने लगे।

(२) अण्णासाहब गपशप के दौरान जो कुछ सिखाते, वह स्मरण में रखनेलायक होता था। एक बार भारतीय विद्याभवन के 'गीतामंदिर' हॉल में श्री बालचंद्र का वीणावादन था। वादन आरंभ करनेसे पहले अण्णासाहब ने नटभैरवी की फरमाइश की। बालचंद्रजी ने उसे तुरंत स्वीकार लिया और नटभैरवी बजाना आरंभ किया। थोड़ी-सी आलापी होने पर अण्णासाहब ने हलके से मेरे कानों में कहा - "नटभैरवी यानी अपना संपूर्ण आसावरी।" बात तुरंत मेरी समझ में आई और नटभैरवी की खुमारी का आस्वाद लेने को मिला।

(३) एक बार 'श्रीवल्लभ संगीतालय' में लड़कियों के समूह-गीत की तालीम चल रही थी। बंदिश के लिए त्रिंबकराव जाधव ने एकताल लगाया। अण्णासाहब वहीं थे; उन्होंने विक्रम ताल की सिफारिश की। त्रिंबकरावजी ने जब इशारे से बताया कि विक्रम ताल उन्हें ज्ञात नहीं है, तब अण्णासाहब ने उनके निकट जाकर उनके कानोंमें ठेका बताया और ज्यों ही जाधवसाहब ने ठेका पकड़ लिया, बंदिश का नूर ही एकदम पलट गया।

(४) अण्णासाहब ने एक बार गाने के सिलसिले में, सहज ही में कहा -"कभी किसीसे यह न पूछो कि अपना गाना कैसा लगा? उलटे लोग खुद ही आकर कहेंगे कि गाना बहुत पसंद आया। किंतु इस प्रशंसा से भी तुम्हें आनंदातिशय में विभोर नहीं होना चाहिए। अपने दोष हमें ढूंढ निकालने चाहिए।" गुरु से प्राप्त यह उपदेश सचमुच अमूल्य है।

(५) अण्णासाहब के गायन के बारे में जितना कहा जाए उतना थोड़ा ही है। अण्णासाहब ने जो जो गाया वह चिरस्मरणीय है, चाहे वह बड़ी महफिल में हो, चाहे छोटी-सी खानगी बैठक में। राग चाहे सीधे-सादे हों, चाहे मुश्किल से मुश्किल हों, गानेकी धारा-प्रवाहिता में कोई अंतर नहीं पड़ता था। एक बार भारतीय विद्याभवन के थिएटर में, जहां कुमार गंधर्व एवं बड़े गुलामअलीखां का गाना सुनने के लिए श्रोताओं का तांता बंधा हुआ था, उन्होंने काफी कानड़ा ऐसा जमकर गाया कि श्रोताओं की तालियों की कड़कड़ाहट से सारा थिएटर गूंज उठा, जिसकी एक झलक उस समय किए गए रिकॉर्डिंग में आज भी सुनी जा सकती है। गायन समाप्त होने पर कुमारजी ने अण्णासाहब की चरण-वंदना करके बड़े गुलाम अली की ओर मुखातिब होकर कहा - "पंडितजी हमारे लिए गाते हैं, जब कि हम सिर्फ लोगोंके लिए गाते हैं।" खांसाहब ने जवाब में कहा - "जी हां, उनके इल्म की यह ईमानदारी है।"

(६) अण्णासाहब एक बार दिल्ली विद्यापीठ की परीक्षा के लिए परीक्षक की हैसियत से दिल्ली गए थे, मैं भी उनके साथ था। उस समय के वहां के आठ-दस दिन के वास्तव्य में सीखनेलायक बहुत कुछ अनुभव प्राप्त हो गए। परीक्षा के दिन एक लड़की देवगिरी बिलावल की छोटी बंदिश 'मानो जरा अब मानिनी' गा रही थी। बंदिश अण्णासाहब की ही थी। 'मानो'

शब्द 'सा ध सा' इस रूप में वह गा रही थी। मैं अण्णासाहब के पास ही बैठा था। अण्णासाहब ने मेरे कान में कहा - "इसमें निषाद आना चाहिए, शुद्ध कल्याण का अंग दीखना चाहिए।"

(७) उसी दिन रातको गपशप के सिलसिले में रावसाहब यानी भातखंडेजी की स्मृतियों का जिक्र हुआ उसमें उन्होंने 'बहार' के बारे में एक बात बताई। एक प्रसिद्ध पुरानी बंदिश की अंतिम पंक्ति में ग्वालियरवालों की पद्धति के अनुसार शुद्ध गंधार लगता था। रावसाहब ने राजाभैय्या से पूछा- "क्या नोटेशन में इस गंधार को ऐसा ही रखा जाएगा?" तिसपर राजाभैय्या ने तपाक से कहा - "बिलकुल नहीं, बहार के नियमानुसार गंधार कोमल ही होना चाहिए।" अण्णासाहब ने दोनों प्रकार से गा दिखाया।

(८) अण्णासाहब के तत्त्वनिष्ठ कड़े स्वभाव पर प्रकाश डालनेवाली दिल्ली के वास्तव्य की एक छोटी-सी घटना है। दिल्ली के वास्तव्य में अण्णासाहब की पसंदगी की हरी स्याही खत्म हो गयी थी। मैं केनॉट प्लेस की ओर अपने दोस्त से मिलने जानेवाला था। अनायास मैं जा ही रहा था, तो मैंने कहा कि स्याही मैं ले आऊंगा। संयोग से, उनकी अपेक्षित स्याही मिल गई। घर आने पर स्याही की शीशी मैंने उन्हें दे दी। किन्तु शीशी लेने से पहले उन्होंने कहा- "दाम कितने दिए सो पहले बताओ" मैंने ननु नच किया तो उन्होंने चिढ़कर कहा - "मेरे प्रश्न का उत्तर दो।" मैं कहने पर मजबूर हुआ। "ढाई-तीन रुपये का ही तो सवाल था। क्या मैं गुरु की इतनी-सी सेवा भी नहीं कर सकता हूं?" इसी विचार के कारण मैं दाम बताना नहीं चाहता था। किन्तु अण्णासाहब के सामने मेरी एक न चली। इसका कारण था उनका तत्त्वनिष्ठ स्वभाव। इस तरह के अनेक अनुभव कइयों ने प्राप्त किए थे यह बात मैं ही नहीं अनेक लोग जानते हैं।

(९) अण्णासाहब ने अपनी साथ-संगत करनेवाले वादकों के साथ कभी अपमानजनक बर्ताव नहीं किया। जो सच्चे विद्वान हैं, वे ही इस प्रकार संयम से पेश आ सकते हैं। शीव (बंबई) में डॉ. अंबर्डेकरजी के यहां अण्णासाहब का गाना था। विलंबित आड़ाचौताल की बंदिश गाते समय तबलजी कुछ घपला कर रहे थे। किन्तु अण्णासाहब झुंझलाए नहीं, न ही उन्होंने तबलची को वहां से हटाया। उलटे मृदु शब्दों में उनसे कहा, "बुवाजी, मात्राएं कम पड़ती हैं।" फिर उन्होंने उन्हें ठेका ठीक तरह से समझा दिया और गाना चालू रखा। महफिल में अपना रोब जमानेवालों अथवा अपना बड़प्पन सिद्ध करने की अकड़ दिखानेवालों को इससे बहुत कुछ सीखनेलायक है।

श्री कमलाकर कुलकर्णी
भातखंडे संगीत विद्यापीठ के स्नातक,
गहरे गान-साधक, डॉ. रातंजनकर तथा
उनके शिष्यों से तालीम प्राप्त

नादब्रह्म की शाश्वत आराधना

मेरा परिचय अण्णासाहब के नाम से एवं स्वयं उनसे बिल्कुल वैसा ही था जैसा कि होश सम्हालते ही शिशु का माता-पिता एवं स्वजनों से स्वत: अनायास ही होता है जिन्हें वह जन्म से ही देखने, पहचानने एवं जानने लगता है।

मेरे पिता स्व. महादेवराव सामन्त (श्री. एम्. के. सामंत) से गुरुवर रातंजनकर का सम्बन्ध गुरु, घनिष्ठ मित्र, अग्रज सभी सम्बन्धों का एक अनूठा, अपूर्व संगम था। गुरु के रूप में पूर्ण आस्था, बंधु एवं मित्र के नाते अनन्य प्रेम एवं चिन्तक, विद्वान्, कलाकार के रूप में अण्णासाहब के प्रति पिताजी की गहन श्रद्धा जीवन पर्यन्त रही।

पू. अण्णासाहब एवं पिताजी दोनों में मैंने एक दुर्लभ एवं अत्यंत मधुर चारित्रिक गुण-साम्य देखा वह था उन दोनों की विनोदप्रियता। दोनों ही विद्वान् थे, गम्भीर विषयों पर मनन-चिन्तन करते थे, पर दोनों में ही बड़ा अनूठा 'Sense of humour' था। दोनों की सरल नोक-झोंक के, विनोद के अनेक प्रसंग मुझे स्मरण आ रहे हैं। पिताजी एक बार दीर्घ समय तक किसी कारणवश अण्णा को पत्र नहीं लिख पाए थे, कि अचानक एक दिन अण्णा का पोस्टकार्ड आया उसी सुपरिचित हरी स्याही से लिखा हुआ -

" My Dear Samantjee,

म ग रे	सा (सा) ग म	नि ध प प	ग म ग –	
रै न दि	ना ऽ न हिं	चै ऽ न अ	ब मो हे ऽ...	इत्यादि..."
०	३	×	२	

(नट बिहाग की यह प्रसिद्ध रचना पू. अण्णासाहब ने पहले पहल इस तरह से अपने हाथ से पिताजी को भेजी थी।)

पिताजी अनेक वर्षों तक नियम से श्री भातखण्डे जयन्ती के अवसर पर अण्णासाहब के पास लखनऊ जाते थे, जहां ७२ घंटों का अखण्ड, अविस्मरणीय संगीत-समारोह होता था। कुछ ऐसा हुआ कि एक बार कई महीनों तक दोनों की भेंट नहीं हो पाई। एक दिन पू. अण्णासाहब का पत्र यों आया—

" Dear Samantjee,

सा	नि ध सा - रे	ग - - ग	म प ग म	ग रे सा सा	
मा	- - नो ऽज	रा ऽ ऽ अ	ब मा ऽ न	नी ऽ ऽ मा	इत्यादि"
	३	×	०		

" ...So you better come over for the Janmashtami-or at least for Bhatkhande aniversary.

Affly Yours
Anna"

(देवगिरी बिलावल की यह लोकप्रिय रचना इस प्रकार भेजी थी पू. अण्णा ने!)

मेरे पिताजी को चित्रकला में रुचि थी और वे स्वयं अच्छे चित्रकार थे। सन् १९५० अप्रैल

में एक बार पिताजी ने राग खम्बावती की प्रसिद्ध बन्दिश 'लाज शरम तोको नाहिं आवै' के आधार पर चित्र बना कर भेजा। अण्णासाहब का उत्तर आया।

".....Your letter enclosed in dear chhotoo's. How delightful! Your लाज शरम is beautiful indeed! Every body here appreciated it so much.....which date did you draw it ? I have stated the date of the composition. Did the thought-current travel Delhi to Benaras or Benaras to Dehli ?"

मुझे आज तक एक आश्चर्य होता है, जब मैं यह सोचती हूं कि मुझे पू. अण्णासाहब से कभी भी डर क्यों नहीं लगा जैसा कि बहुधा महान व्यक्तियों की उपस्थिति में होता है? उनके प्रति अत्यन्त गहन श्रद्धा, भक्ति मेरे हृदय में हर पल रही, परन्तु उनसे भयाक्रान्त कभी भी नहीं हुई। यह उनकी अपार सहृदयता, सहिष्णुता एवं अगाध स्नेहशीलता का परिचायक है। उनसे प्रत्यक्ष सीखते समय सदैव यह ध्यान मन में रहता था कि मैं जल्दी से जल्दी उनकी गाई चीज कंठ में उतार सकूं ताकि बार बार आवृत्ति करने का कष्ट न उठाना पड़े, परन्तु भय का आतंक कभी भी नहीं रहा।

मुझे स्वयं बन्दिशों की रचना करने में रुचि रही है एवं यदा कदा इस दिशा में प्रयास करती रही हूं। पू. अण्णासाहब के जीवन-काल में जितनी भी मेरी स्वरचित कृतियां होती थीं उन्हें पिताजी सर्वप्रथम अण्णा के पास भेजते थे, आवश्यक संशोधन एवं परिवर्तन के लिए। अण्णासाहब तुरन्त उत्तर देते थे अपनी टिप्पणियों के साथ तथा अपेक्षित स्थानों पर संशोधन करके। अनेक बार ऐसा भी हुआ है कि पू. अण्णासाहब ने बन्दिश को ज्यों का त्यों भेजा यह लिख कर कि यह अपने आपमें अच्छी बनी है और इसमें कहीं भी परिवर्तन की अपेक्षा नहीं है। अपनी अति व्यस्त दिनचर्या में से, अन्य महत्त्वपूर्ण, गुरुतर कार्यों के बीच से भी वे ऐसी छोटी छोटी बातों के लिए समय निकाल लेते थे। यह उनकी महनीयता की पराकाष्ठा ही तो थी।

अपने पिताजी के नियमित पत्र-व्यवहार के माध्यम से मैं कितनी ही मांगें साधिकार उनसे किया करती थी और वे कभी भी निराश नहीं करते थे। सन् १९६६ की बात है, मुझे बैरागी भैरव सीखकर गाने की तीव्र इच्छा थी किन्तु मेरे पास बन्दिशें नहीं थीं। मैंने पिताजी से कहा, "पप्पू, अण्णासाहब को लिखो, हमें बैरागी में उनकी रचनाएं चाहिए, हम गाएंगे।" पप्पू ने संकोच के साथ पू. अण्णा को लिखा और १५-२० दिनों में ही अण्णासाहब का पत्र आ गया जिसके साथ संलग्न था एक कागज, जिसके दोनों ओर बैरागी भैरव की दो बन्दिशें थीं विलम्बित एवं द्रुत।

ऐसे ही राग गोरखकल्याण में मेरे अनुरोध एवं आग्रह पर उन्होंने अपनी अत्यन्त ही सुन्दर बन्दिशें बना कर भेजीं, 'बनरा बनी आयो' (विलम्बित) एवं 'नित उठ तुम्हरे ढंग ऐसे....' (द्रुत)।

और तो और, मैं तो इसे अपने दुस्साहस एवं अपनी प्रगल्भता की पराकाष्ठा ही कहूंगी कि एक बार मैंने राग शिवरंजनी में द्रुत एकताल में रचना आरम्भ की - स्थायी तो कुछ ही मिनटों में बन गई, जैसे अन्तस् में कहीं तैयार थी, परन्तु अन्तरे पर आकर बुद्धि एवं कल्पना जाने कहाँ लुप्त हो गई। मैंने भी प्रयास छोड़ दिया। मनुष्य हार कर अन्ततः जैसे ईश्वर की

शरण में जाता है, वैसे ही मैंने दो तीन दिन बाद पिताजी से स्थायी लिखवाकर अण्णासाहब को भेजी और लिख दिया, "अन्तरा नहीं सूझ रहा है।" तुरन्त दस रोज के अन्दर मेरी अधूरी रचना में अण्णासाहब ने अन्तरा जोड़ कर भेज दिया। इस अति दुर्लभ, भगवत्कृपातुल्य परम सौभाग्य को पाने पर आज मैं प्रेमपूर्वक जो गर्वानुभव कर रही हूं वह लेखनी व्यक्त नहीं कर सकती।

सन् १९६६ में शरद्काल में पू. अण्णा कुछ दिनों के लिए हमारे घर आए थे। सदा की भांति सन्ध्या समय उनमें एवं पिताजी में संगीत-चर्चा हो रही थी, संगीत सम्बन्धी अनेक विषयों पर रोचक, प्रेरणादायी वार्तालाप हो रहा था। मैं भी एकाग्रचित्त होकर दोनों की बातें सुनकर आत्मसात् करनेका भरसक प्रयत्न कर रही थी। उसी दौरान अनेक प्रसंगों के मध्य अण्णासाहब ने एक अत्यन्त मनोहर, नवीन राग का सृजन किया और उसका नामकरण किया 'कुमुद्वती' (सा रे म प ध सां। सां ध प म रे सा) राग का स्वरूप, चलन मुझे समझाया और मुझसे गवाया। वहीं उन्होंने विलम्बित एवं द्रुत बन्दिशें भी बना डालीं जो अत्यन्त ही सुन्दर हैं। जब मैंने स्वयं अपनी कल्पना से उस राग का विस्तार कर उन्हें सुनाया तो उन्हें जो अपार आनन्दानुभव हुआ उसका वर्णन करना ही कठिन है। वे तो महान थे ही, श्रेष्ठ वाग्गेयकार के रूप में भी प्रतिष्ठित थे, परन्तु उन्होंने अनायास मुझमें जो प्रेरणा, उत्साह एवं नवोन्मेष का संचार कराया वह शब्दातीत है।

पू. अण्णासाहब का संगीत और उनका व्यक्तित्व स्वयं में एक उदात्त सन्देश लिए हुए मुझे सदैव ही प्रतीत हुए कि कलाकार को एवं उसके संगीत को न केवल सुन्दर का, अपितु सत्य और शिव का भी प्रतीक होना चाहिए। संगीत को मात्र प्रेयस् नहीं वरन् श्रेयस् गुण से युक्त होना चाहिए।

पू. अण्णा के संगीत से तथा उनके देवतुल्य सान्निध्य से मुझे सदा ही यह अनुभूति हुई कि हमारा भारतीय संगीत वस्तुतः रंग भवन में या सभामण्डप में ही प्रस्तुत होनेवाला मनोरंजन का सतही साधन नहीं, वरन् मन्दिर में देवोपासना का पवित्र माध्यम है। हमारे संगीत का वास्तविक धरातल भौतिक नहीं, आध्यात्मिक है। संगीत केवल स्वरों का खेल नहीं वह नादब्रह्म की शाश्वत आराधना है, उपासना है।

–प्रो. मंजु सुंदरम्
प्रोफेसर इन म्यूझिक, बेजंट कॉलेज बनारस

रातंजनकरजी का स्व-भाव-दर्शन

(षष्ठिपूर्ति संस्मरण)

डॉ. रातंजनकरजी से मेरा कई वर्षों का स्नेहसंबंध है। मुझे स्मरण है कि कई साल पहले उनके संगीत-प्रेमी पिता के यहां गायन के सिलसिले में मैं दो-एक बार गया था। उस वक्त रातंजनकरजी की आयु कम थी। उनके विषय में प्रशंसापर उल्लेख कई बार सुनने में आता था।

कुछ वर्ष पहले डॉ. रातंजनकर जब दो-एक बार धार आए थे, उनका पर्याप्त सान्निध्य मुझे

प्राप्त हुआ था। उनके गायन की साथ-संगत भी मैंने की थी। ग्वालियर के गायनाचार्य श्री राजाभैया पूछवाले परीक्षा लेने के सिलसिले में कई बार धार आ चुके थे। श्री रातंजनकरजी से उनके कई वर्षों के निकट के स्नेह-संबंध थे। मुझे याद है कि एक दिन हम तीनों ने मिलकर संगीत के विषय में चर्चा की थी। कारणवशात् मेरा एवं श्री रातंजनकरजी का पत्राचार चलता रहता है, जिसका विषय प्रमुखत: संगीत ही होता है। हमारे बीच कुछ मतभेद रहे भी हों, तो भी वे हमारे स्नेहसंबंध में कभी बाधक नहीं हुए। यदि स्पष्टवादिता को दोष माना जाए तो वह मुझमें है। यह दोष जिन्हें मान्य है उनके और मेरे स्नेहसंबंध को कभी आघात नहीं पहुंचता है। मैं अविरोध मित्रता न किसीसे कर सका हूं, न कर सकूंगा। अजातशत्रु मानव-प्राणी का अस्तित्व हो तो वह मुझे ज्ञात नहीं है। कहने का मतलब यह कि मेरे प्रति डॉ. रातंजनकर के लोभ में कुछ रोष का भी अंश हो।.....

डॉ. रातंजनकर के स्वभाव के गुणदोषों को परखकर उनसे बर्ताव किया जाए तो दोनों की अच्छी निभती है। उनके व्यक्तित्व के कोमल स्थानों को दुखाने न देने की सावधानी बरतनी पड़ती है। एक बार यह साध्य हो जाए, तो फिर उनके साथ मिल जुलकर रहा जा सकता है, उनका खुले दिल का सान्निध्य प्राप्त किया जा सकता है। ऐसे अवसर पर मैंने उन्हें बेशुमार हंसाया भी है। ऐसे संयोग बार बार जुड़ जाते तो हमारे मतभेद समझौते की स्थिति में आ सकते और एक दूसरे को प्रसन्नता भी प्राप्त होती वह अलग।

डॉ. रातंजनकरजी के साथ मेरा स्नेहसंबंध स्थापित होने में विशेषत: संगीत विषय ही कारण बना है। मेरा मुख्य व्यासंग शिल्पकला का होने पर भी संगीत के प्रति मुझे अत्यंत लगाव है। अलावा इसके मूल तत्त्व भी अभिन्न ही हैं। डॉ. रातंजनकर मार्मिक रसाग्रही होने के कारण, मेरी राय में, वे दुराग्रही नहीं होंगे।

संगीत विषय ही ऐसा है कि जिसके बारे में कोई मतभेद हुआ ही करता है। श्री रातंजनकरजी का विरोधी पक्ष भी है। किंतु तथ्य की बात यह है कि डॉ. रातंजनकर की एकनिष्ठ संगीत-भक्ति और इस भक्ति के द्वारा उनके संपन्न किए हुए विविध कार्य गौरवास्पद सिद्ध होते हैं। मैं उनसे उम्र में बहुत बड़ा होने से उनकी षष्टचब्दिपूर्ति के प्रसंग में शुभाशीर्वाद देने के मेरे जन्मसिद्ध अधिकार को ध्यान में रखकर मैं अत्यंत मन:पूर्वक उनका अभीष्ट चिंतन करता हूं।

– पद्मश्री र. कृ. फडके
कलामहर्षि शिल्पकार
संगीत-साधक, समीक्षक - धार (म.प्र.)

अण्णासाहब का श्रुतिगायन

(षष्ठिपूर्ति संस्मरण)

लगभग १८ वर्ष पहले पं. रातंजनकर साहब के ४-५ गाने उनके विषय में चर्चा के साथ सुनने का संयोग मुझे प्राप्त हुआ था। उनके ये सभी गाने विद्वान कलाकारों की महफिल के अनुरूप ही श्रेष्ठ स्तर के थे। उन महफिलों के माध्यम से केवल दो तानपूरों के प्रशांत झंकार में भिन्न भिन्न रागों में स्वरों की श्रुतियाँ कैसे प्रयुक्त होती हैं उसको उन्होंने केवल संबधित स्वरों

पर नहीं, बल्कि श्रुति पर रुककर गाकर दिखाया। यह कार्य संभवत: किसी पहुँचे हुए तंतकार द्वारा ही संपन्न हो सकता है, किंतु एक गायक द्वारा बड़े अधिकरपूर्वक इसका प्रस्तुतीकरण पं. रातंजनकरजी की श्रेष्ठता सिद्ध करने के लिए पर्याप्त है। जहांतक मेरी जानकारी है, इस प्रकार की सिद्धि प्राप्त किया हुआ पं. रातंजनकर के सिवा कोई दूसरा कलाकार नहीं है। उनके गाने का सुसूत्र नोम् तोम् प्रकार भी उतना ही अविस्मरणीय है। उनके गायन में प्रमुखत: सुसूत्रता, शास्त्र एवं कला के सुयोग्य संगम और चिंतनशीलता के दर्शन होते हैं। उनकी गायनकला एवं आचार-विचार के उपर्युक्त गुणसमुच्चय के ही फलस्वरूप वे एक श्रेष्ठ संगीत-शिक्षक के रूप में ख्यातनाम हैं। आजके विद्वान संगीत-शिक्षकों में पं. रातंजनकर का स्थान अत्यंत महत्त्वपूर्ण एवं श्रेष्ठ है। उनके अनेक नामवर शिष्यगण भारतभर में सुप्रतिष्ठितता के साथ कार्य कर रहे हैं। पं. रातंजनकर के श्रेष्ठ अध्यापन-कौशल की यह एक समर्थ निशानी ही है। गीतकार की हैसियत से भी पं. रातंजनकर का स्थान श्रेष्ठ ही मानना पड़ेगा। उन्होंने अनेक उत्तमोत्तम बंदिशें बनाई हैं। रागुशद्धता, सौंदर्यवत्ता, व्याकरणदृष्टि और उसका ताल अंग आदि की दृष्टि से उनकी न जाने कितनी बंदिशें श्रेष्ठ स्तर की सिद्ध हुई हैं। उन्हींकी रची हुई 'पंचम' राग की 'आवो गावो गावो रिझावो' जैसी एकाध बंदिश भी नमूने के तौर पर ली जाए, तो भी पं. रातंजनकर की बंदिशों का अनोखा स्तर एवं उसकी विशेषता किसीके भी ध्यान में आ सकती है।

– स्व. ना.र. मारुलकर
महाराष्ट्र के मान्यताप्राप्त
गायक-वादक गुरु एवं शोध-कर्ता समीक्षक

पद्मभूषण डॉ. श्रीकृष्ण नारायण रातंजनकर

(षष्ठिपूर्ति संस्मरण)

डॉ. रातंजनकर से मेरा बहुत पुराना परिचय न होने पर भी मैं उन्हें कई सालों से पहचानता आया हूँ। किन्तु इन १०-१२ वर्षों में उनसे मेरा प्रत्यक्ष परिचय हुआ। जब वे मैरिस कॉलेज के प्रिंसिपल थे, तब लखनौ में रेड़ियो कार्यक्रम के लिए मेरा गाना हुआ और वहीं उनसे मेरा दृढ़ परिचय हुआ। मैंने कॉलेज भी देखा। कॉलेज के पास ही के एक हॉल में मेरा गाना हुआ। तब प्रिं. रातंजनकरजी ने श्रोताओं से मेरा परिचय कराते हुए मेरी गायन-सेवा का भी अच्छे शब्दों में वर्णन किया।

स्व. पं. भातखण्डेजी ने संगीत-शास्त्र एवं उसकी शिक्षण-पद्धति तथा उसके अनुभवों का, शिक्षा के द्वारा पं. रातंजनकर को बड़ा लाभ प्रदान कर दिया, मेरी यह दृढ़ धारणा है कि इस विषय में डॉ. रातंजनकरजी का बहुत उत्कृष्ट अध्ययन होने से उन्हें जो मान-सम्मान प्राप्त हुआ वह उनके द्वारा संपन्न संगीत-सेवा का ही फल है। संगीत की शिक्षा के प्रचार का जो कार्य उनके हाथों संपन्न हुआ वह सचमुच प्रशंसनीय है। गायकी के और वादकों के अलग अलग घराने हैं। अपने-अपने उन घरानों के प्रति हर एक को अभिमान एवं आदर होना स्वाभाविक ही है। यदि घराने की पद्धति एवं परंपरा को हमने भुला दिया तो वह बड़े अन्याय की बात

होगी इतना इस परंपरा का महत्त्व है। यही लक्ष्य डॉ. रातंजनकरजी ने अपने सामने रखा और उससे वे चिपके रहे, यह बात उनके लिए अत्यंत भूषणावह है। यहां मैं यह सदिच्छा व्यक्त करता हूँ कि ईश्वर डॉ. रातंजनकर को दीर्घायुरोग्य प्रदान करे और उनके द्वारा भविष्य में संगीत की निरंतर सेवा होती रहे।

– मास्टर कृष्णराव फुलंब्रीकर, पुणे
पं.भास्करबुवा बखले के प्रधान शिष्य,
विख्यात महफिली गायक और वाग्गेयकार

संगीत की बृहत्त्रयी में स्थान के अधिकारी

स्व. अण्णासाहब रातंजनकरजी मेरे लिए गुरुतुल्य हस्ती हैं। १९५८-५९ में डॉ. श्रीमती मुटाटकर के यहां उनके दर्शन का अवसर मुझे मिला था। महान भारतीय संगीतज्ञ डॉ. रातंजनकर उच्च कोटि के कवि-नायक थे।

स्व. पं. विष्णु नारायण भातखंडेजी के प्रचंड कार्य के उपरान्त उत्तम ही स्तरीय कार्य अण्णासाहब ने कर दिखाया। संगीत की शिक्षा के लिए उपयुक्त उत्कृष्ट पाठ्यक्रम तैयार करके, बहुमूल्य बंदिशों की रचना करके तथा अनेक ऊंचे शिष्यों का निर्माण करके आपने संगीत की अपार तथा अनमोल सेवा की है। इस संदर्भ में आचार्य पं. विष्णु दिगंबर तथा आचार्य पं. भातखंडे के साथ अण्णासाहब रातंजनकर का नाम लेना होगा।

– पं. त्रिं. द. जानोरीकर, पुणे
भेंडी बाजार घराने के श्रेष्ठ गायक एवं गुरु

संगीत और नवरस

स्व. अण्णासाहब कभी जोधपुर विश्वविद्यालय के संगीत पाठ्यक्रम के कलासंकाय के सदस्य के रूप में यहां आते रहे और बराबर हमारे यहां ही ठहरते थे। अत: उनसे निकटता का संपर्क बढ़ता गया। उनमें आत्मसम्मान कूट-कूटकर भरा था। एक बार स्व. काबराजी के यहां से उनके लिए बुलावा आया, पर उन्हें लेने वे स्वयं नहीं आए। अण्णासाहब ने क्षमा मांग ली।... एक बार मैंने उनसे पूछा कि क्या संगीत में साहित्य की तरह नवरसधारणा संभव है? काफी सोच-विचार के बाद निष्कर्ष निकला कि किसी भी हालत में नहीं। फिर भी लेख छपते रहते हैं कि संगीत में शृंगार, वीर, करुण, शांत रस तो प्रकट हो सकते हैं, पर भयानक, बीभत्स आदि नहीं। रससिद्धान्त से ये लोग सर्वथा अनभिज्ञ हैं।

– डॉ. नागरमल सहल, जोधपुर
विद्वान संगीत रसिक

गुणग्राहकता और संगीत-साधना का संयोग

कुछ वर्ष पहले की बात है। 'श्रीवल्लभ संगीतालय' की ओर से पं. भातखंडे, पं. पलुस्कर की संयुक्त पुण्यतिथि के उपलक्ष्य में संपन्न होनेवाले कार्यक्रम में मुझे गाने के लिए आमंत्रित किया गया था। जहां तक मुझे याद है, उस समय मैंने एक ख्याल और उसके बाद टप्पा गाया था। इस कार्यक्रम में पं. रातंजनकरजी उपस्थित थे। यमन सुनकर वे अत्यंत प्रभावित हुए और ग्वालियर परंपरा की गायकी के प्रति अपना आदर व्यक्त करने के लिए मेरा आगे का गाना सुनने वे सभागृह के अपने आसन को छोड़कर अचानक मंच पर आकर विराजमान हुए। कार्यक्रम के समाप्त होते ही उन्होंने मुझे कसकर गले लगाया और स्वयंस्फूर्ति से दाद दी। यह उनकी रसिकता एवं गुणग्राहकता का मानो प्रतीक ही था। उनसे फिर कभी मिलने की मेरी इच्छा थी, किन्तु दुर्भाग्य से अगले ही वर्ष पं. रातंजनकरजी का निधन हुआ और फलत: उसी सभागृह में उनकी शोकसभा में उपस्थित रहने की बारी मुझपर आ गई।

मैं अपने गुरु पंडित एकनाथ पंडित के पास जब तालीम पा रहा था, तब गाने के विषय में अनेक ऐसी बोधप्रद बातें सुनने को मिलती थीं जो मेरे अध्ययन के लिए उपादेय हुआ करती थीं। पं. भातखंडेजी ने गुरुजी का गंडा बँधवाने के उपरान्त अण्णासाहब को अर्थात् पं. रातंजनकरजी को गुरुजी से तालीम लेने के लिए भेजा था। उस समय यमन की 'जियो करो कोट' ख्याल की तालीम भी शुरू हो गई। किन्तु लगता है कि एकनाथजी का वास्तव्य बंबई में स्थायी रूप में न होने से आगे चलकर शायद तालीम का संयोग नहीं जुड़ा होगा। तत्पश्चात् पं. कृष्णराव पंडित के पास भी शिक्षा लेने के बारे में पूछताछ की गई थी किन्तु यह संयोग भी नहीं जुड़ा।

–पं. शरच्चंद्र आरोळकर, बम्बई
ग्वालियर घराने के बुजुर्ग गायक, आचार्य
कृष्ण शंकर और एकनाथ पंडित के शिष्य

मैरिस कॉलेज का माहौल

(स्व. कृष्णराव मुजुमदार, इन्दौर से डॉ. सुशीला पोहनकर ने बातचीत की थी उसका सारांश)

लखनऊ के मैरिस कॉलेज में मैंने तीन वर्ष तक संगीत का अध्ययन किया। अण्णासाहब के पास सीखने का अवसर मुझे मिला। वहां सर्वश्री दंताळे, चिंचोरे, चिदानंद, वी.जी. जोग, भट, गिंडे, नातूसाहब सभी से परिचय हुआ।

अण्णासाहब के पढ़ाने के बारे में बताना हो तो वे बड़े ही अनुशासनप्रिय थे। गाने में भूल होती हो तो गुस्सा न करते; लेकिन बार बार कहलवाते थे। रागों की प्रस्तुति, सुरों के लगाव, साधर्म्य रखनेवाले रागों के भिन्न भिन्न रूप बहुत सुंदर ढंग से समझाते। शिष्यों से उनका पुत्रवत् प्रेम था। कइयों को उन्होंने कॉलेज में ही रहने के लिए जगह दी थी। वे वहां अकेले रहते थे। अत: शिष्यगण, कलाकार मित्र यही उनका परिवार था। आठों पहर स्वरों का साम्राज्य रहता। जहां तहां तानपूरों की गुंजार, शिष्यों का रियाज, उसमें अण्णासाहब का स्वर सब गूंजता रहता था। गुरु-शिष्य परंपरा का परिदृश्य वास्तविक रूप में वहां देखने को मिलता।

अण्णासाहब की विद्वत्ता, रागों का गहरा ज्ञान, स्वर-लय पर प्रभुत्व सब अब भी याद आता

है। वे जैसे विद्वान शिक्षक थे, वैसे ही उत्कृष्ट गायक भी थे। वे शिष्यों में कभी भेद-भाव न करते थे। उन्हें मालूम था कि मैं रजबअली खांसाहब का शागिर्द हूं। लेकिन कभी उन्होंने मेरे साथ दूरता नहीं बरती। महफिल के लिए मुझे अपने साथ ले चलते। मौका रहने पर मुझे गाने के लिए बिठाते...

कृष्ण मुजुमदार
इंदौरनिवासी जानेमाने गान-साधक, मैरिस कॉलेज के छात्र

पं. भातखंडेजी का प्रतिरूप

(पं. निवृत्तिबुवा सरनाईक से डॉ. के.जी. गिंडे की बातचीत)

अण्णासाहब रातंजनकरजी से मेरा परिचय पुराना था। उन्होंने संगीत की जो सेवा की, वैसी और किसीने नहीं की होगी। उन्होंने लगभग छः सौ बंदिशों की रचना की है और सभी बंदिशें उच्च स्तर की हैं। प्रत्येक स्वर पर उन्होंने गहराई से विचार किया था। उन्होंने अपनी षष्ठिपूर्ति में मुझ जैसे सामान्य कलाकार को स्वयं निमंत्रित करके अपनी उदारता का परिचय दिया था।

रेड़ियो ऑड़िशन के विरोधी आंदोलन में अपनी तरफ से मैं शामिल नहीं हुआ था। लेकिन लोगों ने मुझे एम्पायर होटेल (माटुंगा) में रोकके रखा। मुझे घर जाने ही नहीं दिया। लेकिन मैं कहता हूं कि अण्णासाहब ने ऑडिशन के बारे में जो किया वह अच्छा ही किया। उसकी तारीफ आज हो रही है। वरन् दिनकर कैकिणी से मैं कहूं कि भैया, हम आए हैं और वह कह देगा, "तुम तो पास ही हो।" ऐसी हालत हो जाती। इसका जो विरोध हुआ वह बड़े बड़े गायकोंने किया। वे गानेवाले बड़े थे किंतु उनके पास गाने की जानकारी नहीं थी। केसकरसाहब सोचते थे कि गायकों में ज्ञान की कमी नहीं रहनी चाहिए। किसीका अपमान करने का उनका इरादा नहीं था।

अण्णासाहब ने सच्चा विद्यादान किया। शिष्यों को संपूर्ण दृष्टि से विद्या सिखाई। बंदिशें परिपूर्ण रूप में बताईं, उनके अर्थ के साथ। ज्ञान के बारेमें तो मैं उन्हें भातखंडेजी का ही एक संस्करण मानता हू। (डॉ. गिंडे को उद्देश्य करके) "गिंडेसाहब, आप और आपके सहयोगी कितने भाग्यवान हैं कि आप लोग अण्णासाहब के निकट पहुंच सके। और खासकर आप भी हमारी पीढ़ी के एक सच्चे पंडित हैं। आपके जितना इल्म और याददाश्त बहुत कम साधकों में मिल सकती है। आप सब शिष्यों पर गुरु की कृपा है। अण्णासाहब के शिष्य आप और भट, कायकिणी आदि का गाना सुनने पर यह महसूस होता है कि यह पुस्तक का रटा हुआ गाना नहीं, असली गायन है। अण्णासाहब का यह बड़ा कार्य है।"

– पं. निवृत्तिबुवा सरनाईक
अत्रौली, जयपूर घराने के विख्यात गायक, संगीत रिसर्च अकादमी, कलकत्ता में प्राध्यापक

रागरंग के गायक

मेरे विचार में इस सदी के सबसे श्रेष्ठ ख्यालगायक उ. फैय्याज हुसेन खांसाहब ही थे और उनकी झलक मिलती थी आचार्य रातंजनकरजी में। कभी कभी जब रातंजनकरजी छोटे से कमरे में १०-१२ लोगों की बैठक में गायन प्रस्तुत करते थे तो सभी को भावविभोर कर देते। परिश्रमी एवं लगनभीने आचार्य रातंजनकरजी राग-रंग के गायक थे, राग-जंग के नहीं। परंतु उनपर मैरिस कॉलेज के बोझ के कारण ही वे गायक कलाकारों की भांति कभी संगीत-सम्मेलन के मंचपर नहीं गा सके। एक विचित्र बात यह थी कि बहुत मधुर एवं मोहक आवाज होनेपर भी उस समय के माईक्रोफोन उनकी आवाज को ठीक ठीक नहीं पकड़ पाते थे; यह बात उनके ग्रामोफोन रिकार्ड को सुनते ही स्पष्ट होती है।

ख्यालगायन की विशेषता है सुंदर तथा भावपूर्ण स्थायी गायन। रातंजनकरजी में भावपूर्ण स्थायी गाने की अनूठी कला थी। एक बार उनसे निम्नलिखित गौड़ मलार की स्थायी सुनी थी और वैसा गायन किसी और से आजतक सुना नहीं। ख्याल था- 'जानी जानी तुम्हरे मन की सब जानी, बात पियरवा, जाओ हमें न समझाओ। अब बस करो अपनी मेहेरबानी।....' रातंजनकरजी ने गीत के एक एक भाव को रागद्वारा ऐसा चमत्कारिक ढंग से गाया कि १९४० का सुना गायन आज १९९० में भी याद आने पर कानों में गूंजकर मेरे मन को कहीं दूर ले जाता है।..... रातंजनकरजी की मुसकान तथा उनकी आंखों की चमक आज भी अच्छी तरह याद है।

– जी.सी. उप्रैती

सरसावा (सहरानपुर), ऊंचे संगीतप्रेमी;
उन दिनों मैरिस कॉलेज से संपर्क रखनेवाले।

'विभास' की धैवत और गायन का करिश्मा

श्रीमान अण्णासाहब सिखाते समय राग में लगनेवाले स्वर-स्थान पर विशेष ध्यान देते थे। इसका एक उदाहरण मेरी स्मृति में अच्छी तरह है। दूसरे साल हम लोग भैरव के प्रकार सीख रहे थे। राग जोगिया सीखने के बाद राग विभास शुरू हुआ। इस राग में कोमल धैवत का एक विशिष्ट स्थान है, जो कि अन्य रागों में, प्रयुक्त होनेवाले धैवत से भिन्न है। यह विशिष्ट स्थान का धैवत ठीक से आने के लिए पूरे दो महीने लगे। उसका कारण यह था कि अकेले गानेपर स्वर-स्थान ठीक लगते थे। परन्तु और विद्यार्थियों के साथ गानेपर किसी अन्य विद्यार्थी का धैवत जरा-सा ऊंचा होने पर हम लोग भी उसमें मिल जाते थे, और राग विभास का वह रूप बिगड़ जाता था, तत्पश्चात् श्री अण्णासाहब स्वयं गाकर ठीक करा देते थे। सन १९३६ के दिसंबर में लखनऊ में औद्योगिक प्रदर्शनी उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा चौक में आयोजित की गई थी। इस प्रदर्शनी में शिक्षा, सांस्कृतिक विभाग तथा अखिल भारतीय संगीत परिषद (कॉन्फ्रेन्स) का भी आयोजन था। उस समय के देश के उच्च कलाकार भिन्न भिन्न प्रांत तथा रियासतों से (States) आए थे। यह परिषद पूरे पांच दिन चली थी। इनमें ध्रुपद-धमार गायक, ख्याल, ठुमरी, टप्पा शैली के गायक, तथा सितार, सरोद, विचित्र वीणा, मृदंग, तबला आदि

के वादक और कथक नृत्य के कलाकारों ने भाग लिया था। उस समय के उच्च गायक-वादक उस्ताद फैयाजखां, उ. नासिरुद्दीनखां (इंदौर), उस्ताद हाफिजअलीखां, उ. नासिरुद्दीनखां (कच्छ), उ. अल्लाउद्दीनखां इत्यादि प्रमुख कलाकारों ने भाग लिया था।

संगीत-सभा के दूसरे दिन रात दो प्रमुख कार्यक्रम थे। उस्ताद नासिरुद्दीनखां (कच्छ) का ध्रुपद धमार गायन तथा उ. फैयाजखां का ख्याल गायन। बाकी एक नृत्य तथा बेला-वादन।

उ. नासिरुद्दीनखां साहब का कार्यक्रम लगभग ८ बजे शुरू हुआ। उन्होंने नोम् तोम् इतनी अच्छे ढंग से की जिससे उपस्थित गायक, वादक और संगीत-प्रेमी जनता गायन सुनकर मुग्ध हो गई। ध्रुपद धमार में लयकारी से लोग झूमने लगे। इसके बाद एक छोटा-सा नृत्य का कार्यक्रम था और उसके बाद उ. फैयाजखांसाहब का कार्यक्रम था। नृत्य का कार्यक्रम शुरू होते ही उ. फैयाजखांसाहब की साज मिलाने के लिए खोज शुरू हुई, परन्तु वे पंडाल में नहीं थे। वे नृत्य शुरू होने के साथ ही श्री चौबे के साथ चले गए थे। मैंने यह कहते हुए सुना था कि "चौबे जल्दी चलो, आज हम नहीं गाएंगे।" मैंने यह सूचना श्री अण्णासाहब के पास पहुंचाई, और उन्होंने कहा कि श्री नातूजी से कहो कि तानपूरे मिलाए एवं सदाशिव से तबला मिलाने के लिए कहो।

नृत्य का कार्यक्रम समाप्त होने के बाद स्टेजपर तानपूरे रखे गए, और अण्णासाहब ने स्टेजपर बैठकर अपना गायन नोंम् तोंम शुरू की जो उ. फैय्याजखांसाहब की याद दिला रही थी। पूरे दो घंटों तक गायन चलता रहा और गायक, वादक तथा जनता मंत्रमुग्ध हो गई। लोग यह भी भूल गए कि उस्ताद फैय्याजखां का कार्यक्रम था। उस दिन का कार्यक्रम मेरे लिए चिरस्मरणीय था।

– श्री शं. र. आळेकर

माधव संगीत विद्यालय के स्नातक, कुछ
काल अण्णासाहब से शिक्षा; आज रजिस्ट्रार
भातखंडे संगीत विद्यापीठ, लखनऊ

दिव्य निःस्पृहता एवं श्रद्धालुता

घटना इ.स. १९३९ की है। मैं उस समय भातखंडे संगीत विश्वविद्यालय, लखनऊ में तृतीय वर्ष अर्थात् 'इंटरमिजिएट इन म्यूजिक' का विद्यार्थी था। 'संगीत विशारद' के बाद की अधिकृत कक्षाएं उस समय विश्वविद्यालय में लगती नहीं थीं; परंतु प.पू. गुरुवर अण्णासाहब उन कक्षाओं को विधिवत् चालू करने हेतु प्रातः दो घंटे कुछ प्रतिभावान विद्यार्थियों को संगीत सिखाते थे। उस कक्षा में मेरे पू. गुरु भटसाहब, सुविख्यात तबलावादक श्री. व्ही. जी. जोग, प्राध्यापक मु.वि. काळविट, 'संगीत' मासिक पत्रिका के भूतपूर्व संपादक श्री. महेश नारायण सक्सेना आदि संगीत की शिक्षा ग्रहण करते थे। इस सुअवसर का लाभ उठाने हेतु 'चतुर संगीत विद्यालय' नागपुर के प्राचार्य श्रीयुत निस्ताने अध्ययन अवकाश प्राप्त कर एक शैक्षणिक सत्र के लिए लखनऊ आए थे। गुरुवर्य अण्णासाहब से वे विशेष परिचित नहीं थे। अतः वे बड़े आग्रह के साथ मुझको अपने साथ विशेष परिचय कराने एवं श्री निस्तानेजी का लखनऊ आने का प्रयोजन कथन करने हेतु गुरु अण्णासाहेब के पास ले गए।

अपने प.पू. गुरुवर्य भटसाहब के पास छात्र-निवास में संगीत अध्ययन हेतु मैं प्रतिदिन ही जाया करता था और ऋषितुल्य जीवन व्यतीत करनेवाले हमारे गुरु अण्णासाहब उसी भवन के एक कक्ष में रहा करते थे, अत: मुझे भली भांति जानते थे।

मैं श्री निस्तानेजी को गुरु अण्णासाहेब के पास ले गया और उनका परिचय एवं लखनऊ आने का प्रयोजन भी उनसे कथन किया। श्री निस्तानेजी अपने साथ गुरुवर्य को उपहार स्वरूप देने के लिए सुप्रसिद्ध उमरेड की एक कीमती धोती लाए थे। मैंने श्री निस्तानेजी को पहले से कहा था कि "गुरुवर्य एक अत्यंत त्यागी एवं नि:स्पृह ऋषि हैं, वे आपका कोई भी उपहार अथवा गुरुदक्षिणा स्वीकार नहीं करेंगे वे अपत्यवत् प्रेम करके विद्यादान करने में अपने जीवन का साफल्य समझते हैं।"

हुआ प्रत्यक्ष वैसा ही। श्री निस्तानेजी की भेंटस्वरूप दी हुई धोती उन्होंने लेनेसे स्पष्टत: इन्कार कर दिया। श्री निस्तानेजी की आंखों से आंसू छलकने लग गए। परंतु गुरु अण्णासाहब अपने सिद्धान्त से तिलभर भी विचलित हुए नहीं और बड़े ही स्नेह से कहा, "कल से प्रात:कालीन कक्षा में आया कीजिए"।

हम दोनों गुरुवर्य के कक्ष से बाहर आ गए। दो मिनट तक तो कोई एक दूसरे से बोल ही न सका। श्री निस्तानेजी ने केवल इतना ही कहा, "मूर्ति छोटी परंतु कीर्ति बहुत ही बड़ी है, मैंने आजतक ऐसा नि:स्पृह और विद्यादान में तत्पर किसी को भी नहीं पाया।"

आगे श्री निस्तानेजी सालभर उस कक्षा का विनामूल्य लाभ उठाकर तृप्त होकर वापस नागपुर आए।

घटना १९४० 'रक्षाबंधन' के दिन की है। इस दिन ब्राह्मण, जिनका उपनयन-संस्कार (जनेऊ) हुआ है, अपना यज्ञोपवीत बदलकर विधिवत् दूसरा नया यज्ञोपवीत धारण करते हैं। इस विधि को महाराष्ट्र में 'श्रावणी' कहते हैं।

उपरोल्लिखित श्रावणी के एक दिन पूर्व ही प.पू. गुरुवर्य अण्णासाहब ने मुझको 'श्रावणी' के दिन प्रात: ९ बजे उनके पास उपस्थित होने का निमंत्रण दिया था।

निमंत्रण के अनुसार मैं उनके पास उपस्थित हो गया। सस्मित उन्होंने कहा, "आइए, बैठिए"

मुझको अकेले को ही निमंत्रित करने का कारण मैं जानता नहीं था। मेरा मन कारण की खोज में अंदर ही अंदर भटक रहा था कि गुरुजी हाथ में मिठाई की तश्तरी लेकर पधारे। मैं उन्हें उत्थान देने हेतु उठ खड़ा होने लगा तो कहने लगे, "ब्राह्मण देवता, आज हम आपका सम्मान करेंगे, आज 'श्रावणी' है। मेरे पू. पिताजी ने मेरा उपनयन-संस्कार किया है। आज विधिवत् मुझे यज्ञोपवीत धारण करना है।"

इतना कहकर उन्होंने यज्ञोपवीत धारण कर लिया और मिठाई की तश्तरी सविनय मेरे हाथ धरवाकर मुझे झुककर नमस्कार किया।

वह मेरे गुरु और मेरे दादागुरु (प.पू. गुरु भटसाहब के वे गुरु हैं और मैं गुरु भटसाहब का विद्यार्थी) भी हैं। वितानवत् व्यक्तित्व की यह विनयशीलता, ब्राह्मण एवं ब्राह्मण्य के प्रति समादर उनमें पाकर श्रद्धा से उनके प्रति कौन नतमस्तक न होगा? मेरा और उनका नाता ध्यान में रखकर उनका मुझको झुककर नमस्कार करने का मुझपर क्या परिणाम हुआ होगा इसकी कल्पना पाठक कर सकते हैं। मैं तो एकदम स्तम्भित ही हो गया।

मुझ जैसा अति सामान्य व्यक्ति अंतरिक्ष से टक्कर लेनेवाली उनकी महानता का अनुमान ही नहीं लगा पाता। छोटी-सी कृति में उनकी कितनी बड़ी महानता छिपी है!

डी. जी. फड़के
भातखंडे सं. विद्यापीठ के स्नातक,
भूतपूर्व प्राध्यापक, वनस्थली

श्रद्धेय गुरुवर्य अन्नासाहिब

सन १९६० में 'भातखण्डे संगीत विद्यालय' द्वारा आयोजित रिकार्डिंग में मुझे अन्नासाहिब के साथ तानपूरा बजाने व आवाज लगाने का सुअवसर प्राप्त हुआ। इस रिकार्डिंग के प्रारम्भ में राग वर्णन, विस्तृत आलाप, धमार, विलम्बित ख्याल, एवं द्रुत ख्याल का गायन अन्नासाहिब ने विस्तृत रूप से किया है। सन १९६६ में उत्तर प्रदेश सरकार ने भातखंडे संगीत महाविद्यालय का अधिग्रहण किया। उ. प्र. शासन के अनुरोध पर फरवरी सन १९६७ में एक बार पुनः अन्नासाहिब 'भातखंडे संगीत महाविद्यालय' लखनऊ के प्रधानाचार्य के पद पर आसीन हुए और महाविद्यालय उनके मार्गदर्शन में प्रगति की दिशा में अग्रसर हुआ और लगभग तीन वर्ष तक वे प्रधानाचार्य पद पर कार्यरत रहे। मुझे इन तीन वर्षों में उनसे शिक्षा प्राप्त करने एवं उनको निकट से देखने का सुअवसर प्राप्त हुआ। अन्नासाहिब की दिनचर्या ऋषि मुनियों के समान थी। पूरा दिन पठन, पाठन व अध्ययन में व्यतीत होता था। दिन में वे कभी नहीं सोते थे, रात्रि में प्रायः तीन चार घण्टे से अधिक नहीं सोते थे। संगीत विषय के अतिरिक्त अन्य किसी विषय पर कोई बात नहीं करते थे। परीक्षासम्बन्धी गोपनीयता में अत्यधिक सतर्कता बरतते थे। कोई भी परीक्षा सम्बन्धी प्रपत्र बाहर अपने कक्ष में मेज आदि पर नहीं रखते थे। बल्कि एक लोहे के ट्रंक में ताला लगाकर रखते जिसकी चाबी उनके जनेऊ में बंधी रहती थी।

महाविद्यालय की ग्रीष्मकालीन एवं शीतकालीन अवकाश में प्रायः वे अपने घर बम्बई जाते थे और लौटने पर एक डायरी में विविध व्यंजन बनाने की विधियां लिख लाते थे। प्रत्येक इतवार को प्रातः शिक्षा प्राप्त करने हेतु मैं उनके पास जाता था और प्रायः उन्हींके साथ भोजन भी करता था। अधिकतर इतवार को वे कोई न कोई नया व्यंजन अपनी देख-रेख में रामा से बनवाया करते थे। भोजन के पश्चात् उक्त व्यंजन बनाने की विधि डायरी से पढ़कर सुनाते थे।

उनमें संगीत सम्बन्धी अलौकिक प्रतिभा थी। संगीत सम्बन्धी शास्त्र एवं रागों के उत्तर देने में उन्हें तनिक भी सोचना नहीं पडता था। कठिन से कठिन रागों के रास्ते वे इतनी सरलता से समझाते थे कि वे तुरन्त समझ में आ जाते थे। एक बार उन्होंने एक नवीन राग 'मालव मंजरी' राग का सृजन किया और उसमें पंजाबी में एक रचना 'हो मेडा साई' का निर्माण किया और उसी समय मुझे उसकी शिक्षा दी एवं अपने हाथों से स्वरलिपि बनाकर मेरे सामने रख दी और मुझसे कहा कि आज मैं यह रचना 'छोटू' के पास बम्बई भेज रहा हूँ इसका द्रुत ख्याल वहां से बनकर आएगा। लगभग बीस-पच्चीस दिन के पश्चात् बम्बई से गिण्डेजी ने द्रुत ख्याल सृजित कर अन्नासाहिब को भेज दिया। उन्होंने तुरन्त मुझे बुलाकर गाकर सुनाया और कहा कि जैसी रचना मैं चाहता था ठीक उसीके अनुरूप यह रचना बनकर आई है और

प्रसन्नता से उनका चेहरा गद्‌गद् हो गया। कहने लगे छोटू एक मात्र मेरे ऐसे शिष्य हैं जो मेरे सूक्ष्मात्मक भावों को समझते हैं। जो मैं अन्दर से चाहता हू वह वैसी ही रचनाओं का निर्माण करते हैं। इस प्रकार अन्नासाहिब और श्री के. जी. गिण्डे में संगीत की आत्मिक तारतम्यता थी।*

अन्नासाहिब अपने दैनिक व्यय आदि को एक डायरी में नोट करते थे। प्राय: उनके रेल्वे के आरक्षण आदि की व्यवस्था मैं ही करता था। कभी कभी खुले पैसे न होने के कारण दस पैसे, पन्द्रह पैसे का हिसाब उनकी ओर रह जाता था तो दूसरे दिन महाविद्यालय में आने पर वे अपने प्रधानाचार्य कक्ष से निकलकर, सीढ़िया चढ़कर प्रथम तल पर स्थित मेरे कक्षमें स्वयं आकर वे दस अथवा पन्द्रह पैसे लौटाते थे। मुझे बहुत आश्चर्य होता था और प्राय: मैं उनसे कहता था कि यह दस पैसे लौटाने की क्या आवश्यकता थी, और यदि लौटाने ही आवश्यक थे तो मुझे अपने कक्ष में बुला लिया होता अथवा चपरासी के हाथ भेज दिए होते। उस पर उनका उत्तर होता था कि यह मेरा व्यक्तिगत कार्य है अत: मुझे स्वयं आना चाहिए और तुम्हें क्यों बुलाऊं। इस प्रकार उनका व्यक्तित्व बहुत ऊंचा था।

एक बार आसाम प्रदेश की एक छात्रा का लखनऊ के बलरामपुर अस्पताल में शाम को निधन हो गया और अस्पताल के कर्मचारियों ने उसकी लाश लाश-घर में रख दी। अन्नासाहिब को जब यह ज्ञात हुआ तो वह बहुत दुखित हुए और कहा कि यदि मेरी स्वयं की पुत्री होती तो क्या उसकी लाश लावारिस लाश-घर में रखी जाती। उन्होंने कहा "यह छात्रा भी मेरे लिए पुत्रीतुल्य है।" अन्नासाहिब ने तुरन्त अपनी जेब से रुपए निकाल कर लाश-गाडी मंगवाई एवं छात्रा को महाविद्यालय परिसर में ले आए और रात भर जागते रहे और छात्रा के परिवार से टेलिफोन आदि से संपर्क करने में व्यस्त रहे। मुझे अच्छी तरह याद है कि हम सभी के बार बार आग्रह करने पर भी वे एक क्षण के लिए भी विश्राम हेतु नहीं गए। इस प्रकार अन्नासाहिब का अपने छात्र-छात्राओं के प्रति व्यवहार पितृतुल्य एवं स्नेहपूर्ण था।

अन्नासाहिब स्वभाव से सरल, सहृदय एवं अनुशासनप्रिय थे। वह सदैव इस बात का ध्यान रखते थे कि उनके कारण किसी को कष्ट न पहुंचे। मुझे कई बार उनके साथ यात्रा करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। मैंने देखा कि वह देर तक अपनी शयनिका पर अध्ययनरत रहते थे। यात्रा में उनके साथ तीन चार टॉर्च रहती थी। रात नौ दस बजे के पश्चात् जब सहयात्री सो जाते थे तो वह अंधेरा होने पर वह उन टार्चों की सहायता से देर रात तक पढ़ते रहते थे। इस प्रकार वह दूसरों की सुख सुविधा का बहुत ध्यान रखते थे।

फरवरी सन १९७० में अन्नासाहिब के बंबई जाने के पूर्व डॉ. एस. एस. अवस्थी के आग्रह पर अन्नासाहिब के गायन का कार्यक्रम बली साहिब के घर पर आयोजित किया गया तथा उनसे राग पटमंजरी के विषय में अवस्थीजी ने अपनी जिज्ञासा व्यक्त की । उन्होंने दोनों थाटों

.....

टिप्पणी : वास्तव में श्रद्धेय अण्णासाहब ने विलम्बित एवं द्रुत ख्याल दोनों ही रचकर मेरे पास भेजे थे । मैंने विलम्बित रचना को तालबद्ध एवम् दोनों रचनाओं में मेरी सूझ के अनुसार कुछ पाठभेद कर उनके पास भेजा था, जिन्हें उनकी ओर से मान्यता मिली। के. जी. गिण्डे

की पटमंजरी को इतनी सरलता से समझाया कि सभी श्रोता चकित रह गए । साथ ही उन्होंने यह कहा कि यह तो सब शास्त्र के नियम हैं और अब इसकी गायकी का रूप देखो ऐसा होगा । उसके पश्चात् गौरी राग के विभिन्न प्रकारों के सम्बन्ध में विस्तृत चर्चा करते हुए उन्हें गाकर सुनाया ।

अन्नासाहिब संगीत के भंडार थे । प्रायोगिक एवं शास्त्र दोनों पर उनका समान अधिकार था।

अन्नासाहिब के अनेक अविस्मरणीय संस्मरण हैं जिनको कहां तक लिखा जाए । मैं तो सिर्फ यही कहूंगा कि वह एक महान संगीत महर्षि थे ।

डॉ. प्रेमसिंह किनोत
सहायक प्रोफेसर गायन
भातखंडे संगीत महाविद्यालय, लखनऊ

ENGLISH
SECTION



[Ex Minister, Information and Broadcasting, Government of India and Ex Chairman National Book Trust. Professor in Sanskrit Vidyapeeth, Varanasi. Got training in Dhrupad from Sri Harinath Mukherji of Varanasi. He translated into Hindi Pt. Bhatkhande's 'Shastrapravesh' in three parts and the Marathi Articles in his books. As Minister of Information and Broadcasting Dr. Keskar took lot of interest in the progress of Marris College of Music.]

The revival of music in India has been parallel, to some extent, to the national revival in the political and economic fields. The vacuum created during the days of British rule by which most of our cultural activities suffered a great set-back, had stifled music to such an extent that it was on the point of extinction. In Hindustani music, the work of Bhatkhande and Paluskar started the great revival.

Pandit Ratanjankar had the privilege of learning music from Pandit Bhatkhande. He also had the great benefit of practical guidance and help of the late Ustad Faiyaz Khan in the practical art of concert music. He is himself a scholar of Sanskrit and has made a deep study of the history and theory of Hindustani, and, to some extent, of Karnataka music.

In Hindustani music world we have few, in fact hardly any, Vidwans who are well up in both the theory and the practice of music. In fact, there is a prevalent notion amongst musicians that theory has no practical value. This is probably the result of generations of performing musicians who had no knowledge of Sanskrit and, therefore, lost touch with the basis of our music. In fact, there can hardly be any music without its theory and base and also its historical background.

Because of the want of this essential background knowledge of theory and

history and also an absence of general culture amongst performing musicians, music has suffered a double draw-back. Its stature in society has been lowered to an inferior position than other arts and the necessity of music as a part of general culture in society has not been able to impress the educated classes. There has been a tendency to confound the present position of musicians with the status of music in society. It is essential to have a general culture and a knowledge of the theory and history in order to become a really complete and first-class musician. In Karnataka music we will generally find it so. It is unfortunate that in the North in Hindustani system this is the exceptions and not the rule. Unless this becomes the rule, music will fail to get its due position in our society.

Pandit Ratanjankar is one of those rare exceptions who have the highest cultural achievements, who is a great Vidwan and, at the same time, is a first-class performing musician. He has devoted his life to music and its propagation with a single-mindedness an at a great personal sacrifice. This has been his 'tapasya' and I am sure that the coming history of music will benefit by his devotion and his work.

I hope he will live long to give the benefit of his experience, both theoretical and practical, to the growth of Hindustani music.

B.V. Keskar

New Delhi,
December 16, 1961.

.....

(Reproduced from the Commemoration Volume
in Honour of - Dr. S.N. Ratanjankar - 1961).



DR. S.N. RATANJANKAR : A TRIBUTE

(Late) Thakur Jaideva Singh



[*A musician of repute, M.A. degree holder and disciple of Pt. Shrikrishna Hirlekar and Pt. G.N. Natu. An experienced authority in al sorts of organizations concerned with music. Thakur Sahib was appointed as the Chief Producer of music at the A.I.R. Delhi. Learned Scholar of music and philosophy. His other interests were Yoga and Tantrik literature.*]

The Marris College of Music had been started at Lucknow in 1926 with the efforts of Pandit V.N. Bhatkhande, Raja Nawab Ali, Rai Umanath Bali and Rai Rajeshwar Bali. In the initial stages of the College, Pandit V.N. Bhatkhande used to reside mostly in Lucknow. It was the month of February when I went to see him there.

Shri. Shrikrishna Narain Ratanjankar had been appointed as Professor of Vocal Music in the Marris Music College. Shri. Ratanjankar was taking his class. Pt. Bhatkhande asked me to go to his class and watch how he was teaching. I hesitated, for firstly I was not acquainted with him, and secondly I considered it a bad manner to go to a teacher while he was taking his class. But Pt. Bhatkhande insisted that I should watch him teach and report my impressions to him. "Come along with me", he said., "I shall introduce you to him". There was no arguing with him. I could not but obey him. I went with him to Shri. Ratanjankar's class. Panditji kindly introduced me to him and said, "I have asked this gentleman to sit in your class, and watch how you teach". Panditji's word was law. Shri. Ratanjankar beckoned to me to sit. Panditji left. Shri. Ratanjankar was teaching to the class a song of Kadar Piya in Raga Kaphi "Rahi hai Kaise bijuri chamak rahi hai kaise bijuri". His method of teaching was excellent. After a few minutes,

the class was over. I came back and reported to Pt. Bhatkhande my impressions of the teaching qualities of his dear pupil, Panditji always used to refer to him by a term of endearment, viz., 'Babu Rao' or simply 'Babu'.

Fortyeight years have passed since then, but the memory of my first acquaintance with Shri. Ratanjankar is still fresh in my mind.

His Life :

He was born in Bombay on 31st December, 1899. His father's name was Shri. Narayana Govindji. He was a lover of Music and used to play Sitar. Child Ratanjankar used to listen to the entrancing tunes in ratpures whenever his father played his favourite instrument. Thus was sown in him the seed of the future musician.

His father marked his deep interest in music and appointed for him a tutor in music in 1907 when he was barely eight years old. The name of the tutor was Pandit Krishna Bhatt Honavar. He learned music under his guidance for nearly two years. He acquired such wonderful insight into the nature and form of musical notes that he could recognise and name the note played on any instrument. His father now put him under the guidance of Pandit Anant Manohar Joshi an excellent pupil of Pandit Balkrishna Buva Ichalkaranjikar.

After some time, his father invited Pandit Vishnu Narayana Bhatkhande to listen to the boy and make suggestions for his future training. Panditji asked the boy to sing all the twelve notes **"Sa-re re-ga ga-ma ma pa-dha dha-ni ni"** in succession without stopping. Ratanjankar sang out these notes in quick succession without the slighest flaw. Panditji was greatly impressed and recognised him the promise and potency of a great musician.

In 1912, he became a regular pupil of Panditji and this relationship lasted till the end of his life. In 1916, Ratanjankar made his debut as a performer in the All India Music Conference organized by Panditji at Baroda. Every one was greatly impressed by his performance. In 1917, Panditji persuaded the Maharaja of Baroda to grant him a scholarship so that he could learn music there, under Ustad Faiyaz Khan. He received training from Ustad Faiyaz Khan for five years in Baroda and also passed the High School Examination. He also took part in the All India Music Conference held in Delhi in 1918 and in Banaras in 1919. In 1922, he passed the Intermediate Examination. In 1923, he joined the Gujarat College at Ahmedabad. Owing to pecuniary difficulties, he had to come away to Bombay. In 1926, he took his B.A. degree as a student of the Wilson College, Bombay.

Pandit Bhatkhande had by that time established Sharada Sangit Mandal and appointed him a music teacher in it.

In 1926, when the Marris Music College was established in Lucknow, Shri. Ratanjankar was appointed as Professor of Vocal Music there. In 1928, he was appointed as the Principal of this college which was later named Bhatkhande Vidyapeeth. He held this post till 1956 when he was appointed Vice-Chancellor of Indira Kala Sangit Vishwavidyalaya, Khairagarh (M.P.). In 1957, he was awarded

'Padmabhushan' by the Government of India. He retired from Khairagarh after three years or so. Since then he lived in Bombay. The Khairagarh University conferred on him the degree of D. Mus. (honoris causa).

In the last years of his life, he had to face great trouble- both physical and financial. He became a prey to arthritis which made it impossible for him to move about. Financially, he was in sore straits. As Principal of the Bhatkhande Vidyapeeth, he drew only a pittance of Rs. 250/- per month which was not paid regularly. He sacrificed his whole life for the mission of his Guru. The Maharashtra Government refused to grant him any aid, for he had worked entirely in Uttar Pradesh. The U.P. Government was not prepared to grant him any aid, for he had worked privately managed College and not in any Government Institution. After a good deal of representation, the U.P. Government granted him an yearly financial aid of Rs. 3,000/- in the last year of his life. Earlier, it had granted Rs. 2,000/- in two instalment of Rs.1000/- each.

His health went on deteriorating. He was admitted in a Nursing Home on 12th February. He passed away there owing to heart failure on 14th February, 1974 in the early hours of the morning.

Dr. Ratanjankar was great in many respects as a performer, as a teacher, as a composer and as a musicologist.

As a Performer

He was an excellent performer from the point of view of sheer purity of Raga, he had few equals. He could sing Dhruvapada, Dhamar and Kheal equally beautifully. Unfortunately, he was audience- conscious and was not at his best in a large gathering. In smaller gatherings, however, he shone as an ace performer. Both in alapa and tana, he was very creative. His saragams were not simply an exercise in note production. They were beautiful combinations, closely allied to laya, and beautifully expressive of the Raga-bhava.

As a Teacher

He was as great a teacher as perfomer. He knew the heuristic art of eliciting from his pupils most difficult note-combinations successfully. Whether it was the gandhara of Todi or of Piloo, whether it was the dhaivata of Marwa or of Deshi, he knew the trick of drawing it out from the throat of his pupil.

He has left behind three pupils as excellent performers in Shri. K.G. Ginde, Shri. Bhatt and Shri. Dinkar Kaikini.

As A Composer

Unfortunately, there have been very few composers in Indian Music. Particularly in Hindustani Music, most of the composers were Court Musicians. So far as the word content of their songs is concerned, they either lauded in it their patrons or pondered to their low erotic taste. From the view point of the word-content, Dr. Ratanjankar's compositions are singularly free from obscene, vulgar, erotic expression. From the point of view of the musical content, his compositions are

superb. He has also composed excellent songs in certain out-of-the way Ragas in which old songs are not available. These have been published in notation in three parts under the title 'Abhinava Gita-Manjari'.

He has left behind nearly one hundred and fifty new compositions which have not yet been published. I hope his pupils will see to their publication as soon as possible.

He also composed a few Operas of which Govardhan Uddhar was successfully staged at Lucknow.

As a Musicologist

He was the one person in the country who was not simply a theoretical musicologist, but also a practical one. When I was in All India Radio, I had a scheme of getting a Radio Dictionary of Indian Music prepared. The plan was to give at first a well written definition of technical terms like Vadi Svara, upanga or kriyang Raga, gitkiri Zamazama etc. and then give a practical illustration of the same on tape.

Another scheme of mine was to get a clear written description of the prakaras or varieties of Ragas like Mallar, Kanada, Todi, Bhairava, Bilawal etc., and then to give practical illustrations on tapes. Both of these schemes were approved by the then Minister of Information and Broadcasting, Dr. B.V. Keskar.

I had entrusted these assignments to Dr. Ratanjankar. The work had started. He used to send his written explanations to me for approval. When I conveyed my approval with some amendments in certain cases, he used to get the practical illustration recorded at the Bombay station.

About half a dozen of such tapes had been prepared when I retired from All India Radio in 1962. Unfortunately, the scheme was not pursued any further by the All India Radio. Even the tapes that were prepared were scratched and used for propaganda purposes during the Indo-Chinese War.

He wrote Sangita-Shiksha and Tan Sangraha in three parts which have been published. His last book Sangit- Paribhasha is written in Marathi and has been published by the Maharashtra Government.

He also wrote expository Karikas (Sanskrit Verses) on "Shrimallakshya Sangitam" of Pandit Bhatkhande. It has not yet been published.

There has hardly been a musician in this country who has served the cause of music in so many roles as Dr. Ratanjankar. It is difficult to fill the gap he has left behind.

(Reproduced from the Journal of the Indian Musicological Society, Vol. 6:/1 March 1975 issue : Courtesy: Indian Musicological Society: 15-08-1990).



IN AFFECTIONATE REMEMBRANCE

Kumar Mukherji



[The author is the son of late Prof. Dhurjati Prasad Mukherji, the internationally renowned Economist, Socialogist, Musicologist and literary figure of Bengal and a close friend of Pt. Shrikrishna Ratanjankar. In fact, Prof. D.P. Mukherji was the first student of the Marris College of Hindustani Music under Pt. Vishnu Narayan Shri. Kumar Mukherji, a disciple of Ustad Mushtaq Hussein Khan of Rampur Darbar. The genious came under the spell of Ustad Faiyyaz Hussein Khan of the Baroda Darbar. He also had his training from Ustad Ata Hussein Khan and Ustad Latafat Hussein Khan at Calcutta thus established himself as a musician of the Agra Gharana. Served as a music critic of the Statesman Calcutta for many years, also served as Director Coal (India)

My first distinct recollection of Pt. Shrikrishna Ratanjankar was when he sang before Gurudev Rabindra Nath Tagore in the house of Prof. N.K. Siddhant, a colleague of my father in Lucknow, in March 1935. I was barely eight at that time and had little comprehension of what was happening, though I had heard the greatest Ustads already on my father's knees. All I remember was that Tagore was not well; he had high fever. Yet, he sat up on the sofa with his flowing white beard, eyes closed, a majestic Moses like figure, till eleven at night. When the applause died down he said something to indicate that he liked the Chhayanat immensely, more than the Jaijaiwanti and Paraj that followed and then proceeded to sing a Dhrupad in Natanarayan to the great astonishment of those present including Pt. Ratanjanjar. Tagore, as I said, was tired and unwell but asked my father to come to his bedroom and we returned home without him. I knew now what they discussed because this was the beginning of a correspondence between

Tagore and my father on music, which was published under the title 'Sur-O-Sangati' in 1935.

Tagore's question, as I find in that book, is a fundamental one. Let us not forget that he had his initiation into classifical Raagadari Sangeet through Jadu Bhatta, the legendary Dhrupad singer of Bengal. So did my father come to Khayal & Thumari in Lucknow via Radhika Goswami and Mahim Mukherji's Dhrupad in Calcutta. Tagore's is all art has to have clearly demarked limiatations born out of proportions without which art loses its unity. Dhrupad had it, old Bengali songs had it and even Bhajans had it. It is only in Kheyal singing that one has a procession of 'Angs' and 'Alankars', which never seem to end and are often repetitive. Why not sing Jaijaiwanti in different 'Chaals' based on different compositions (Bandishis) ? Tagore who often prefers analogy to logic asks "When your wife dresses for dinner in a friend's house, does she wear all her jewellery and all her Sarees from her wardrobe ?"

In case I am misunderstood, Tagore's reservations, I hasten to repeat, were Kheyal vis-a-vis the kind of music he grew up on and had little to do with Pt. Ratanjankar's virtuosity in particular. In fact, the best person to give a suitable reply with demonstrations could have been Ratanjankar himself, who could at will develop a Raga strictly on the lines of a particular composition (Bandish) followed by different compositions in the same Raga. But the question none the-less is a pertinent one in relation to Kheyal and raises a fundamental aesthetic issue. There is little doubt that structural unity in any classical form cannot but be based on first principles of restraint and proportion. I wonder, how Tagore would have reacted to Ustad Abdul Wahid Khan's legendrary 'Swara Vistar' of Multani for three and half hours ? I do know, however, he was completely mesmerised by Ustad Faiyyaz Khan's Ramakali 'alap' in Jorasanko, Calcutta and gave him a 'Nazarana' of twenty one gold sovereigns. Faiyyaz Khan Saheb also used to recall, not without a hint of fun, how he sang 'Iman Kalyana and Iman' in eighteen different 'angas' to Pt. Bhatkhandeji in Kashmir, something that his illustrous disciple, Ratanjankar, could have been proud of.

To come back to Pt. Ratanjankar, whom my father always referred to as an 'Ocean of learning'. Of that there is no doubt. Who else had inherited the wisdom and learning of Pt. Bhatkhande, the first Indian to roam all over India and systematise North Indian Classical Music in the chaotic state of theoretical disorganisation in which he found it ? But Pt. Ratanjankar did not stop at that. He not only brought his own remarkable analytical powers into play but his own experience and 'talim' from two of the greatest Ustads of his time -'Aftab-e-Mausiqi' Ustad Faiyyaz Hussein Khan of Baroda and Ustad Mushtaq Hussein Khan of Rampur. While Ratanjankarji was a disciple of the former, he was greatly influenced by the latter's Gwalior/Sehaswan Gayaki. Moreover, it is worth mentioning here that Pt. Ratanjankarji had basic 'talim' in Gwalior Gayaki from Pt. Anant Manohar Joshi in his young age. In fact, as he confessed to me once in his later years, his style of singing was really a synthesis of the two. And what a brilliant synthesis it was ! While Anna Saheb as we used to call him, has produced knowledgeable

and brilliant disciples like S.C.R. Bhat, Chidananda Nagarkar, K.G. Ginde, Chinmoy Lahiri, V.G. Jog, Dr. Sumati Mutatkar and (my old partner in duets) Dinkar Kaikini, why have they not in their turn been able to perpetuate this tradition through their disciples with as much success ? We of the older generation find this 'Gayaki' complete in its aesthetic and intellectual appeal. Why does it not appeal to the present generation ? Pt. Bhatkhandeji's dream has certainly come true. No one dares teach music today without his Six Volumes of Kramik Pustak Malika and the Ustads secretly refer to them without admitting it. Classical music has spread widely among the middle classes and is no longer the prerogative of the privileged few. All this could not have been possible without Pt. Ratanjankar and his boys. But what has happened at the same time to the authenticity of style and the standard of appreciation ? What we hear today is not grammatically incorrect. But I suppose, mere knowledge of grammer does not produce literature. It must be the same case with music.

What helped Ratanjankar's disciples in becoming established musicians themselves was that their Guru was himself an outstanding artist. Even Balasaheb Poochhawale and C.R. Vyas, who were from a somewhat different stream, though from the same tradition, came under Ratanjankar's spell. His learning and virtuosity had very few equals. I have heard him sing Nayaki Kanhada, Suha, Sugharayee, Shahana & Bahar in one sitting and make them appear like the 'Pancha Pandawas', children of the same mother but each with his distinct outstanding feature. He would similarly amuse himself by singing Ragas close to one another like Poorvi, Pooriya, Sazagiri, Sohini and Hindol, which with lesser musicians would have been a bore, if not disastrous. I have heard him recreate lost Ragas like Kaunshi Kanhada of Bageshri Anga, Deepak and Shuddha Malhar (same notes as in Durga) and hold us spell bound with his blend of artistry and intellctual prowess. It is a great pity that very few even of our generation have heard Pt. Shrikrishna Ratanjankar at his best. Years of dedicated hard work to the cause of Marris Music College without adequate remuneration, indifferent hostel food, away from home and particularly teaching students, male and female, on different keys, had taken its toll of his voice and health. When Keskar became the Minister for Information & Broadcasting at the Centre, Anna Saheb's luck turned at last, but his voice and form by then were things of the past.

In his later years, he would come to Nanigopalbabu's Bengal Music College Calcutta as an examiner. I would make up for my lost youth and spend hours with him in discussion and singing. Also he would sing at my house every year before a well chosen audience with varying success. The last time he sang, two of his disciples accompanied him; one was Chinmoy Lahiri and the other Sita Sharan Singh (an old friend of mine from Lucknow who was gifted with a magniticent voice). The 'Tanpuras' were tuned to 'D' Sharp (Black Two key of the Harmonium) and Annasaheb's 'Taans' in Shuddha Aakaar spouted upto Pancham in Taar Saptaka with graceful ease, while his two disciples struggled to stand on the upper Shadja in imitation of Anna Saheb's open chested voice production. Glimpses of his glorious past came back that evening, the remarkable control of Shrutis - his

own speciality, his Sargams which were specially designed to bring out the anatomy of the Raga, the playful treatment of the Bandish and above all the 'taans', the like of which I had not heard from him since my youth in Lucknow. He sang Jhinjhoti, Khambawati, Hem-Naat (his own Raga & his own compositions) and Kafi-Kanhada. I could not help feeling that this was perhaps his 'Swan Song so impressive was the recital of the man in his seventies that evening. That evening I was reminded of the very statement made by my father regarding Pandit Ratanjankar in one of his books wherein he states, "I have heard good many outstanding musicians of my time but then I will run miles to hear Shrikrishna Ratanjankar wherever he would be singing".

At the end of the recital that day, we were all praise. Annasaheb, who did not count immoderate modesty as one of his virtues was quiet for a while and then said to us.

